# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 24 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 68 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1969:** अपोलो-11 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर वापस लौटा।

**1989:** लोकसभा में विपक्ष के लगभग सभी सदस्यों ने इस्तीफा दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

**1999:** अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलंबिया का सफल प्रक्षेपण।

**2005:** कोरियाई क्षेत्र को परमाणु हथियारों से मुक्त करने हेतु उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच आम सहमति बनी।

# विकसित भारत के लिए स्वस्थ समाज जरूरी : दीपिका पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बचपन से हम लोग सुनते आ रहे हैं कि हेल्थ इज वेल्थ। हेल्थ खराब हो तो पूरे परिवार का वेल्थ (धन) खत्म हो जाता है। लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे, इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकार अपने-अपने स्तर से प्रयास कर रही है। श्रीमती सिंह बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय का फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ और वाश (एफएनएचडब्ल्यू) पर आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में बोल रही थी। इसमें 14 राज्यों के आजीविका मिशन के अधिकारी और महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने हिस्सा लिया। श्रीमती सिंह ने कहा कि हमलोग विशेष तौर पर महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर काम कर रहे हैं। महिलाओं का हेल्थ एक बहुत बड़ा सोशल इंडिकेटर है। झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना और मंईयां योजना एक मजबूत कदम है। इससे महिलाओं के सेहत और आजीविका में होने वाले




बदलाव का हम अध्ययन करायेंगे। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के पूर्व सचिव एनएन सिन्हा ने कहा कि वैसे राज्य ही आगे बढ़ रहे हैं, जो अपने नागरिकों पर ध्यान देते हैं। नागरिक स्वस्थ रहेंगे, तो श्रम शक्ति बढ़ेगी। बेहतर पोषण आर्थिक उत्पादन में सहयोग करता है। जहां समाज स्वस्थ होता है, उस समाज और परिवार की आर्थिक आय भी अधिक होती है। राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव एन श्रीनिवासन ने कहा कि विकसित भारत के लिए स्वस्थ समाज का होना जरूरी है। हम 2047 तक विकसित भारत की कल्पना कर रहे हैं। इसके लिए सबको स्वस्थ रहना जरूरी है। राज्य सरकार भी इसके लिए शॉर्ट और लांग टर्म प्लान पर काम कर रही है। आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिलाओं के विकास की रूपरेखा तय की जा रही है। इसको ध्यान में रखकर ही मंईयां योजना शुरू की गयी। जनजातीय समाज के लिए डाकिया योजना चल रही है। फूलो-झानो योजना चल रही है। इसका असर भी दिख रहा है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्मृति शरण ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यशाला के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला की रूपरेखा तय हो रही है। देश में करीब 91 लाख दीदियां आज एफएनएचडब्ल्यू से जुड़ी हैं। यह दूसरे विभागों के साथ मिलकर बदलाव का काम कर रही हैं। झारखंड में भी इसपर अच्छा काम हो रहा है। इस मौके पर लगाये गये मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन मंत्री ने किया। मंच पर मध्य प्रदेश आजीविका मिशन की सीइओ हर्षिका सिंह, जेएसएलपीएस के सीइओ अनन्य मित्तल, भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की उप सचिव डॉ मोनिका आदि मौजूद थे। इस मौके पर एफएनएचडब्ल्यू में अच्छा काम करने वाली आजीविका मिशन की सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसमें हजारीबाग की निशा देवी, गोड्डा की सुप्रिया भारती, बोकारो की सिंपी किस्कू, खूंटी की बी कंडुलना तथा गोड्डा की प्रीति कुमारी को सम्मानित किया गया।

# 20 हजार रिश्वत लेते उपडाकपाल गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से रिश्वतखोरी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मनोहरपुर उपडाकघर के उपडाकपाल को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को की गई, जिसकी पुष्टि बुधवार को एजेंसी ने की है। सीबीआई ने जानकारी दी कि 21 जुलाई को उन्होंने इस उपडाकपाल के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी ने आवेदक से 1,18,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। यह रकम आवेदक को आरडी कमीशन और एसएएस कमीशन के रूप में मिलने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा थी- 20 प्रतिशत आरडी कमीशन और 75 प्रतिशत एसएएस कमीशन के एवज में। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने जाल बिछाया और रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 20 हजार रुपये लेते हुए उपडाकपाल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के अधिकारियों ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया था। जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से तय की गई रकम ली, अधिकारियों ने मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ लिया। एजेंसी के मुताबिक, इस मामले की जांच फिलहाल जारी है। अन्य पहलुओं की भी छानबीन की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड मंत्रीपरिषद की बैठक 24 जुलाई (गुरुवार) को प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से आयोजित होगी। इस संबंध में जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिए जा सकते हैं।

### प्रेमिका के घर मिली प्रेमी की लाश

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के देवरी थाना इलाके के पुरनाबथान (चतरो) गांव के एक घर में संदेहास्पद परिस्थितियों में युवक की लाश मिली है। मृत युवक की पहचान मकडीहा गांव निवासी वार्ड सदस्य मकबूल अंसारी के पुत्र सोहेल अंसारी ऊर्फ शाहिल अंसारी के रूप में की गई है। इस बात की जानकारी मिलते ही लोगों ने फौरन मामले की सूचना देवरी थाना को दी। इसके बाद अवर निरीक्षक गणेश कुमार यादव और सहायक अवर निरीक्षक बुद्धदेव उरांव दल-बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### शराब तस्करी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इंटर स्टेट शराब तस्करी सिंडिकेट के मास्टरमाइंड गणेश गोराई सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गणेश गोवा से शराब की तस्करी कर झारखंड मंगवा रहा था और फिर उसे बिहार जैसे राज्यों में सप्लाई कर रहा था। गणेश की गिरफ्तारी के बाद उत्पाद विभाग ने भारी मात्रा में अवैध शराब भी जब्त की है।

### हाथी के हमले में युवक की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** मरकच्चो प्रखंड के बेलाडीह गांव में बुधवार को हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई। युवक हाथी की तस्वीर लेने के लिए उसके पास पहुंच गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसला और युवक जमीन पर गिर गया। इसी बीच हाथी ने युवक को सूड से उठाकर कई बार जमीन पर पटक दिया फिर पैरों से कुचल कर मार डाला। मृतक युवक की पहचान सद्दाम अंसारी (29) के रूप में की गई है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़े के बाद चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है। आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

# चेन स्नैचर्स का पता बताने वालों को 25 हजार रुपये का इनाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के इलाके में चेन स्नैचिंग करने वाले अपराधियों का पता बताने वाले को पुलिस 25 हजार रुपये का इनाम देगी। चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल अपराधियों के पूरे शहर में बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे। दरअसल पिछले एक महीने में मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में आठ चेन स्नैचिंग की घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं करीब दो महीने पहले भी एक साथ तीन चेन स्नैचिंग की घटना हुई थी। चेन स्नैचिंग के दौरान अपराधियों ने केमिकल का भी इस्तेमाल किया था जिसमें एक महिला बेहोश हो गई थी। लगातार चेन स्नैचिंग की घटनाओं के बाद पुलिस ने मेदिनीनगर शहर में हाई अलर्ट जारी करते हुए पूरे इलाके को सैनिटाइज किया है। कई चौक-चौराहे पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती करने के साथ पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। पुलिस की एक स्पेशल टीम चेन स्नैचिंग की घटनाओं का पता लगाने के लिए कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने पूरे मेदिनीनगर टाउन थाना के पुलिस पदाधिकारियों को तलब किया था। सभी पुलिस पदाधिकारियों को टास्क सौंपा गया है। इसी दौरान यह बात सामने आई कि चेन स्नैचिंग में शामिल अपराधियों पर पुलिस ने इनाम जारी किया है। अपराधियों का पता बताने वाले को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल अपराधियों की जानकारी देने वाले का नाम, पता पुलिस गोपनीय रखेगी।

# बीमार कड़िया मुंडा से मिले सीएम हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजनीति के दिग्गज भाजपा नेता सह पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा की तबीयत नासाज है। उनका इलाज रांची के मेडिका अस्पताल में चल रहा है। वहीं राज्य के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा का इलाज रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में चल रहा है। बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अस्पताल जाकर दोनों दिग्गजों से मुलाकात की। डॉक्टरों से फीड बैक लिया और जल्द उनके स्वस्थ होने की कामना की। दरअसल दिशोम गुरु शिबू सोरेन लंबे समय से दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी देखरेख के लिए खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली में जमे हुए हैं। खास मौकों पर ही रांची आते हैं। आज झारखंड



हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए सीएम रांची लौटे हैं। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद वे सीधे मेडिका अस्पताल पहुंचे और कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री वहां काफी देर तक रुके। उनको मेडिका के डॉ विजय मिश्रा ने सारा अपडेट दिया। कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद मुख्यमंत्री सीधे क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचे। यहां काफी दिनों से इलाजरत पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विमल लकड़ा का फीडबैक लिया। विमल लकड़ा के स्वास्थ्य में सुधार देखकर मुख्यमंत्री काफी खुश नजर आए। दरअसल, 1 जुलाई को सिमडेगा स्थित अपने गांव में खेत में काम करने के दौरान अचानक विमल लकड़ा बेहोश हो गए थे। पिछले दिनों उनके बीमार होने की सूचना मिलने पर सीएम हेमंत सोरेन ने नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को कुशलक्षेम जानने के लिए भेजा था। अब उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

# चाल धंसने से कई मजदूरों के दबे होने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में अवैध उत्खनन के दौरान बड़ा हादसा होने की सूचना है। यहां अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से कई लोगों के दबे होने की खबर है। घटना बाघमारा थाना क्षेत्र के जमुनिया की है। वहीं हादसे को लेकर जदयू विधायक सरयू राय ने 9 मजदूरों की मौत होने की बात कही है। भाजपा प्रवक्ता ने भी मामले को लेकर सवाल खड़े किए हैं और पूरे मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग की है। हालांकि धनबाद पुलिस की ओर से ऐसी किसी घटना से इनकार किया गया है। हादसे को लेकर बियाडा के पूर्व अध्यक्ष और समाजसेवी विजय झा ने कहा कि मंगलवार रात के वक्त हादसा होने की बात कही जा रही है। चर्चा है कि खदान के अंदर कई लोग कोयले की कटाई कर




रहे थे। इसी दौरान अचानक खदान के अंदर पानी घुस गया जिससे चाल के धंसने की भी खबर है। चर्चा है कि इस हादसे में कई लोग दबे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे इससे संबंधित कई फोन आए जिसके बाद मैंने कई लोगों से बात भी की। लोगों ने घटना की पुष्टि की है। लेकिन हादसे में कितने लोग दबे हैं, इस पर संशय बना हुआ है। पिछले कुछ सालों से अवैध खनन लगातार जारी है। ऐसी दुर्घटनाएं एक बार में नहीं होतीं, यह पिछले कई सालों से चल रहे अवैध खनन का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की गई है। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। एक तरफ पुलिस इस घटना से इनकार कर रही है। वहीं दूसरी तरफ झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इस घटना के लिए बीसीसीएल को जिम्मेदार ठहराया है। मंत्री ने साफ कहा है कि मामला उनकी जानकारी में है और वह इस मामले में अधिकारियों से भी बात करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि यह घटना राज्य को शर्मसार करने वाली है। हमारे लोग मारे जा रहे हैं। यह घटना पूरी तरह से बीसीसीएल की लापरवाही के कारण हो रही है। निर्दोष मारे जा रहे हैं। बड़ी-बड़ी घटनाएं हो रही हैं। जिनके पास जमीन है, वे ही चोर हैं। फिर लीपापोती होगी और कहा जाएगा कि अवैध खनन हो रहा है और उसमें लोग मारे जा रहे हैं। फिर उसके बाद ऐसे लोगों को मुआवजा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मामला मेरी संज्ञान में आया है। मैंने डीसी और एसपी को ट्वीट किया है और उनसे बात भी करूंगा। मैं साफ तौर पर कहूंगा कि बीसीसीएल को कंट्रोल किया जाए। बीसीसीएल वहां अवैध कारोबार कर रहा है। माफियाओं की मिलीभगत से वहां अवैध कारोबार हो रहा है। वे हमारे लोगों को गुमराह करते हैं और चंद रुपयों के लिए हमारे लोगों की जान चली जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी इस मामले में प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिलाने की पहल करने की अपील की है।

# हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने बुधवार को राजभवन में आयोजित एक सादे एवं गरिमामय समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर झारखंड आए हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने 14 जुलाई को उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया था। वे झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश बने हैं। इससे पहले वे



हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में कई बार कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य कर चुके हैं और अपने न्यायिक कार्यकाल के दौरान कई अहम फैसले दिए हैं। झारखंड के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनके कार्यभार संभालने से न्यायिक व्यवस्था में और अधिक गति एवं पारदर्शिता आने की उम्मीद जताई जा रही है। न्यायिक जगत को उनसे सकारात्मक दिशा और न्यायिक सुधार की अपेक्षा है।

# शिवरात्रि पर बाबाधाम में उमड़ी कांवरियों की भारी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** शिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को भी देवघर के बाबा मंदिर में कांवरियों की भारी भीड़ देखने को मिली। अहले सुबह से ही कांवरिया भगवान भोलेनाथ का नारा लगाते हुए मंदिर में लगे अरघा प्रणाली से जलाभिषेक करते दिखे। मंगलवार को रात्रि के 9:00 बजे से ही क्यू कॉम्प्लेक्स में कांवरिया जमा हो गए। सुबह साढ़े चार बजे ही भगवान भोलेनाथ का पट खोल दिया गया। मंगलवार की देर शाम तक करीब दो लाख तीस हजार कांवरियों ने भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक किया। वहीं बुधवार की सुबह कांवरियों की भीड़ को देखने के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शाम तक कांवरियों की संख्या करीब ढाई लाख पार करेगी। बुधवार को बाबा धाम पहुंचे कई कांवरियों ने व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी जताई। सुपौल जिले से आए कांवरिया ने कहा कि बिहार की तुलना में झारखंड में व्यवस्था ठीक नहीं है। बिहार में जगह-जगह पर कांवरियों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा गया है लेकिन देवघर पहुंचने के बाद झारखंड सरकार



श्रद्धालुओं को लेकर कुछ खास सजग नहीं है। वहीं मंदिर के पुजारी ने कहा कि आज का दिन माता रानी का दिन है और बैद्यनाथ धाम ही एक ऐसा धाम है, जहां पर सती के हृदय पर भगवान भोलेनाथ का ज्योतिर्लिंग स्थापित है। आज का दिन बेहद खास और शुभ है। आज की तिथि में ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए आज के दिन बैद्यनाथ धाम में भगवान शिव और माता पार्वती एक साथ विराजमान रहते हैं। इसलिए जो भी श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे उनकी हर मनोकामना पूर्ण होगी। वहीं मंदिर के वरिष्ठ पंडा जयदेव बाबा और बाबा विजय चंद्र कुंजीलवार ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार एक साल में बारह शिवरात्रि होते हैं, जिसमें सावन की शिवरात्रि बेहद खास और शुभ है। वहीं रूट लाइन में कतारबद्ध हुए श्रद्धालुओं की बात करें तो सुबह पांच बजे से ही काफी लंबी लाइन लगी थी। लेकिन सुबह के दस बजे तक कांवरियों की लाइन कम हो गई। कांवरियों की सुरक्षा की बात करें तो जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती है। जो भी कांवरिया शिवगंगा से जल भरकर निकल रहे हैं वो सभी पूरे रूट लाइन के माध्यम से बाबा धाम मंदिर पहुंच रहे हैं। बता दें कि सावन का महीना शुरू होने के बाद अब तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार करीब पच्चीस से तीस लाख कांवरिया देवघर के बाबा धाम मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक कर चुके हैं। बुधवार को सुबह से ही पूरा रूट लाइन बोल बम के नारे से गूंजता रहा। सुबह 8:00 के बाद धूप होते ही कांवरियों को थोड़ी परेशानी जरूर हुई लेकिन गर्मी को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस प्रशासन की तरफ से कांवरियों के बीच पानी का भी वितरण किया गया।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in


CMYK

### 7 लाख लोगों का 2 जगह वोटर आईडी कार्ड, 18.66 लाख वोटर्स की हो चुकी है मौत

# 52 लाख वोटर्स का कट सकता है नामः वोटर वेरिफिकेशन में खुलासा



**पटना, एजेंसी।** चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। आयोग के अनुसार, 7 लाख 50 हजार से भी अधिक लोगों ने एक से ज्यादा जगहों पर पहले से अपनी वोटर आईडी बनवा रखी है। वहीं पुनरीक्षण के दौरान अब तक 52 लाख 30 हजार से भी अधिक लोग अपने पते पर नहीं पाए गए है, जिनका नाम वोटर आईडी से कट सकता है।

**18 लाख से भी अधिक मृतकों के नाम पाए गए :** एसआईआर परीक्षण के दौरान अब तक 52 लाख 30 हजार 126 मतदाता ऐसे पाए गए हैं जो अपने पते पर नहीं हैं। इनमें से 18 लाख 66 हजार 280 वोटर्स की मौत हो चुकी है। वहीं 26 लाख 01,031 स्थाई रूप से दूसरे जगह चले गए हैं और 7 लाख 50 हजार 742 लोग ऐसे पाए गए हैं, जो एक से अधिक स्थान पर नामांकित हैं। इसके अलावा 11,484 नाम ऐसे हैं जिनके बारे में अभी पुष्टि नहीं हो सकी है कि वो कहां हैं। इस तरह से 7 करोड़ 68 लाख 34 हजार 228 रजिस्टर्ड वोटर्स में से 6.62 प्रतिशत मतदाता अपने पते पर नहीं हैं।

### अब तक कुल 97.30 प्रतिशत मतदाताओं का हुआ सत्यापन

24 जून 2025 तक राज्य में 7 करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इनमें से 7 करोड़ 16 लाख 04 हजार 012 मतदाताओं द्वारा गणना फॉर्म जमा किए गए हैं, जो कि कुल का 90.67 प्रतिशत है। डिजिटल रूप से यह संख्या 7 करोड़ 13 लाख 65 हजार 460 तक पहुंच गई है। वहीं अब तक 7 करोड़ 68 लाख 34 हजार 228 मतदाता सत्यापित पाए गए हैं, जो कुल मतदाताओं का 97.30 प्रतिशत हैं। वहीं, 21 लाख 35 हजार 616 मतदाताओं का सत्यापन अभी बाकी है, जो कि कुल का 2.70 प्रतिशत है।

### 1 अगस्त से चलेगा विशेष अभियान, घर-घर होगी जांच

इन समस्याओं के समाधान के लिए निर्वाचन आयोग ने 1 अगस्त 2025 से एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है, जो 1 सितंबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान सभी मतदाताओं के रिकॉर्ड को घर-घर जाकर पुष्टि की जाएगी और किसी भी नागरिक को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, सुधार करने अथवा आपत्ति दर्ज करने का मौका मिलेगा। इसके लिए आयोग की वेबसाइट, संबंधित बीएलओ या कार्यालयों में फॉर्म भरा जा सकता है। इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त जिला अध्यक्षों, लगभग 1 लाख बीएलओ, 4 लाख वालंटियर, और 1.5 लाख बीएलए को शामिल किया गया है। सभी जिलों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

### 25 जुलाई तक ही कर सकते हैं सत्यापन

बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत गणना प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि 26 जुलाई तय की गई है। इसके पहले 25 जुलाई थी। इसी कड़ी में मंगलवार को पटना शहर में जागरूकता फैलाने के लिए मोबाइल रथों को रवाना किया गया, जो लोगों को गणना प्रपत्र की जानकारी देने के साथ-साथ फॉर्म भी उपलब्ध करा रहे हैं। निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे 26 जुलाई से पहले अपना गणना प्रपत्र जरूर भरें और किसी तरह की जानकारी या मदद के लिए 1950 हेल्पलाइन पर संपर्क करें।



## बिहार में 2 लाख उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली, प्रीपेड मीटर वाले भी शामिल

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में शहर के लगभग दो लाख उपभोक्ताओं को अब पूरी तरह मुफ्त बिजली मिलेगी। ये वैसे उपभोक्ता हैं जिनकी बिजली खपत प्रत्येक महीने 125 यूनिट से कम है। इसमें पोस्टपेड और प्रीपेड दोनों वर्ग के उपभोक्ता शामिल हैं।

इन उपभोक्ताओं को मुफ्त वाली बिजली का लाभ जुलाई महीने से ही मिलना शुरू हो जाएगा। ऐसे उपभोक्ताओं को अगस्त महीने का जब बिजली बिल रीडिंग के बाद मिलेगा तो जीरो वाला मिलेगा। 125 यूनिट से कम खपत वाले प्रीपेड उपभोक्ताओं को रिचार्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, इस महीने प्रीपेड वाले उपभोक्ता जो रिचार्ज कर लिए होंगे उनका पैसा वापस होगा।

### एक किलोवाट तक लोड वाले उपभोक्ताओं की खपत रही कम

जून की भीषण गर्मी में लगभग दो लाख उपभोक्ता 125 यूनिट से कम बिजली खपत किए हैं। इतनी कम बिजली की खपत उन उपभोक्ताओं का है जिनका एक किलोवाट तक लोड है। वहीं कुछ वैसे उपभोक्ता हैं जो महीने में दस दिन बिजली का उपभोग करते हैं और घर बंद कर बाहर चले जाते। बिजली कंपनी के आकलन अनुसार ऐसे शहर में दो लाख उपभोक्ता हैं। इन्हें अब बिजली बिल में कोई पैसा नहीं लगेगा। बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल पर 125 यूनिट तक फ्री वाली बिजली मिलने की सूचना दी जा रही है। जिनका बिजली कनेक्शन में मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड है उन्हें सूचना मिल रही है। बिजली कंपनी के अनुसार उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का पूरा लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताएंगे भाजपा कार्यकर्ता

**गया, एजेंसी।** शेरघाटी के नई बाजार में मंगलवार को शेरघाटी और बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठित और मजबूत बनाने का मंत्र दिया गया। करीब चार घंटे चली इस कार्यशाला में दोनों विधानसभा क्षेत्रों के कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष चिंटू सिंह ने बताया कि कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण की तकनीक सिखाई गई और उन्हें गांव-टोलों में मतदाता संपर्क अभियान शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकारों की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यशाला में मुकेश शर्मा, सिद्धार्थ मिश्र, राजेश कुमार सिंह, अनुज सिंह, कौशल वर्मा, गजेंद्र दास सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### महिला एसडीपीओ ज्योति कुमारी अनुशासनहीनता की दोषी

#### 15 दिन में देना होगा जवाब



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जिले की कमतौल अनुमंडल की एसडीपीओ ज्योति कुमारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलेगी। साथ ही नियम 17(3)(4) के तहत जांच प्रक्रिया भी चलाई जायेगी। गृह विभाग ने इसको लेकर ज्ञापन जारी किया है। उन पर केवटी थाना क्षेत्र के दो मामलों कांड संख्या 150/24 और 151/24 की जांच में लापरवाही और अनियमितता बरतने के आरोप हैं। पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) की रिपोर्ट के आधार पर ज्योति कुमारी को अनुशासनहीनता और मनमाने व्यवहार का दोषी माना गया है। उन पर सरकारी सेवक आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। उनसे 15 दिन के भीतर अपना लिखित पक्ष रखने को कहा गया है।

### अधिवक्ता भवन निर्माण के लिए दिए 11.99 लाख

**दरभंगा, एजेंसी।** एमएलसी सर्वेश कुमार ने अधिवक्ता भवन बिरौल के निर्माण के लिए अपने एच्छिक कोष से 11.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इधर, इस संबंध में जिला योजना अधिकारी ने अधिवक्ता भवन के लिए यह राशि उपावंटित किए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि तीन महीने के भीतर अधिवक्ता भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का आदेश क्षेत्रीय अभियंत्रण संगठन बेनीपुर 2 के कार्यपालक अभियंता को दिया गया है।

### बिहार के जहानाबाद में मामूली विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या

**जहानाबाद, एजेंसी।** बिहार में मामूली विवाद में भारी बवाल हो गया है। जहानाबाद जिले में आपसी विवाद में एक व्यक्ति की पीट- पीटकर हत्या कर दी गई है। इस घटना में दो लोग घायल भी हो गए हैं। कल्पा थाना क्षेत्र के रामसे बिगहा गांव में यह घटना बुधवार की सुबह हुई है।



## बिहार में लड़ाई के दौरान पत्नी ने दांत से काट डाली पति की जीभ, निगल जाने की भी आशंका

**गया, एजेंसी।** किसी घर में पति-पत्नी के बीच हल्की-फुल्की कहासुनी आम बात है। लेकिन बिहार में पति-पत्नी की लड़ाई का खौफनाक अंत हुआ है। गया जी जिले में खिजरसराय थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। विवाद के दौरान पत्नी ने अपने पति छोटे दास की जीभ दांत से काट दी। इधर, जब परिजन घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे तो आपस में ही उलझ पड़े। ग्रामीणों के अनुसार, विवाद के दौरान पत्नी ने अचानक पति की जीभ काट दी और कथित रूप से उसे निगल भी गई। घटना के 24 घंटे बाद तक भी खिजरसराय थाना में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि, पुलिस मामले की जानकारी से फिलहाल इनकार कर रही है। खिजरसराय के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉक्टर मीना राय ने कहा कि जीभ कटा हुआ एक मरीज कल रात लाया गया था। उसकी पत्नी ने ही जीभ काट दी थी। काफी ब्लीडिंग हो रही थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मगध मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मुजफ्फरपुर में कारोबारी के दुकान से 1.5 लाख की लूट

### गन पॉइंट पर स्टाफ को बनाया बंधक, विरोध करने पर फायरिंग, एक खोखा मिला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में गन पॉइंट पर गल्ला कारोबारी के दुकान से 1.5 लाख की लूट हुई है। दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने एक राउंड फायरिंग भी की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। घटना मनियारी थाना क्षेत्र के मुरौल गांव के पास की है।

### दहशत फैलाने के लिए फायरिंग

पीड़ित मनोज कुमार(43) ने बताया कि रात 8 बजे के करीब अपनी दुकान पर था। इस दौरान रात 8 बजे के करीब बाइक सवार छह अपराधी पहुंचे। सभी हथियार से लैस थे। कुछ ने चेहरा कवर कर रखा था। हथियार के बल पर मुझे और स्टाफ को बंधक बना लिया। पैसा मांगने पर थोड़ी नोकझोंक हुई। जिसके बाद एक राउंड फायरिंग कर दी। डर से बता दिया कि पैसा कहां रखा है।

काउंटर से 1.5 लाख लेकर सभी फरार हो गए। जाते समय शटर गिरा दिया। साथ ही बाइक की चाबी भी ले लिया। जिसके बाद मनियारी थाने को सूचना दी गई। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष देवब्रत कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से एक खोखा मिला है।



**सीसीटीवी खंगाला जा रहा है**

थानाध्यक्ष देवब्रत कुमार ने बताया, %दुकानदार को आवेदन देने के लिए बोला गया है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मदरसा में पिटाई के डर भागे बच्चे पहुंचे रेलवे स्टेशन

### बेगूसराय में आरपीएफ का ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, खगड़िया के रहने वाले हैं दोनों




**बेगूसराय, एजेंसी।** मदरसा में पिटाई होने पर भागे 2 बच्चों को आज बेगूसराय आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत बरामद किया है। दोनों बच्चे खगड़िया जिला के रहने वाले हैं। लेकिन सूचना देने के बाद भी दोनों के परिजन नहीं पहुंचे। जिसके कारण उन्हें बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर-सह-पोस्ट कमांडर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आज बेगूसराय स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर दो छोटे-छोटे बच्चों को अकेले डरा, सहमा सा घूमता हुआ पाया गया। दोनों बच्चे खगड़िया जिला के गोगरी थाना क्षेत्र स्थित महेश कोर्ट के रहने वाले हैं।

**मदरसे में दोनों 25 दिन से पढ़ाई कर रहे थे :** पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद शकील के बेटे फैयान (12) और अयान (10) के रूप में बताया। दोनों ने बताया कि वह तरैया में स्थित मदरसा में पढ़ाई करते हैं।

पिछले 25 दिनों से वहां पढ़ाई कर रहा है। वहां के टीचर पिटाई करते थे। इसलिए आज दोनों मदरसा से भाग कर इधर आ गए। बच्चे से मोबाइल नंबर लेकर परिजन से बात की गई तो मां बोली दोनों पढ़ते नहीं है, इसलिए बहाना बनाकर भाग गए हैं। इसके बाद दोनों बच्चों को आगे की कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया।

## भोजपुर में छात्र पर गोलीबारी मामले में एफआईआर: प्रेम-प्रसंग में वारदात को दिया अंजाम

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में रविवार देर शाम हथियारबंद बदमाशों ने पिता के सामने छात्र को गोली मार दी थी। इस मामले में उदवंतनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रिंस उर्फ मोहित, गोविंद कुमार और ओम प्रकाश प्रसाद को नामजाद आरोपी बनाय गया है। तीनों फिलहाल फरार है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिया था। घायल की पहचान हरमेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र दिव्या प्रकाश(22) के तौर पर हुई है। इंटर में पढ़ता है। हरमेंद्र प्रताप झारखंड के कोडरमा सिविल कोर्ट में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। घटना डेमहां गांव की है।

### बाजार से लौटते समय मारी गोली

दिव्या प्रकाश सिंह ने बताया कि पड़ोस की गांव की एक लड़की से प्यार करता हूं। चार साल पहले बाजार में हमारी मुलाकात हुई थी। अफेयर से नाराज लड़की के भाई प्रिंस, गोलू और उसके चाचा ने जान से मारने की धमकी दी थी। रविवार देर शाम पापा और अपने एक दोस्त के साथ गड़हनी मार्केट से घर लौट रहा था। डेमहां गांव के पास बदमाशों ने गोली मार दी। प्रिंस और गोलू ने ही गोली चलवाई है। हालांकि पुलिस अभी भी घटना को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। इसे संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि तकनीकी जांच के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



# गुनाह कबूल कर तौसीफ ने खोले कई राज, शेरू ने सुपारी दी

### चंदन के मर्डर में 9 लोग थे शामिल

**पटना, एजेंसी।** पारस अस्पताल में सजायाफ्ता कैदी चंदन मिश्रा की हत्या के आरोपित तौसीफ उर्फ बादशाह ने गुनाह कबूल कर लिया है। तीन दिनों की रिमांड के पहले दिन मंगलवार को उसने पुलिस को इस घटना में शामिल सभी अपराधियों के बारे में जानकारी भी दी। बताया जाता है कि इस हत्याकांड में नौ लोगों की संलिप्तता है। सभी की पहचान कर ली गई है और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सूत्रों की मानें तो उसने यह भी बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद बलवंत ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जेल में बंद शेरू सिंह को खबर दी थी। पुलिस के सामने तौसीफ की आवाज नहीं निकल रही थी। काफी पूछताछ करने के बाद उसने घटना से जुड़ी जानकारी देनी शुरू की। सूत्र बताते हैं कि उसने यह भी बताया कि हरेक शूटरों को पांच-पांच लाख रुपये देने की बात कही गई थी। सुपारी शेरू ने दी थी। बाकी के शूटरों को बलवंत अपने साथ लेकर आया था। इसके बाद निशू के घर पर खूनी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची गई। वहीं, एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि तौसीफ की निशानदेही पर पुलिस की कई टीमें छापेमारी करने में जुटी हुई हैं। बकौल एसएसपी प्रथमदृष्टया गैंगवार में ही हत्या होने की बात सामने आई है।





### तौसीफ- बलवंत से आमने सामने होगी पूछताछ

शूटर बलवंत को चंदन मिश्रा हत्याकांड में रिमांड पर लिया जाएगा। बाद में पुलिस बलवंत और तौसीफ को आमने सामने बिठाकर उनसे घटना के संबंध में पूछताछ करेगी। इधर इस केस में गिरफ्तार अभिषेक की निशानदेही पर मंगलवार शाम उस बाइक को बरामद कर लिया गया जिस पर सवार होकर शूटर पारस अस्पताल आए थे। बाइक दानापुर के हाथीखाना मोड़ के पास सड़क किनारे मिली। उसी जगह शूटरों ने बाइक छिपा दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद अभिषेक भी उसी बाइक से भागा था। इसके बाद यहां से सभी भाग गए। गिरफ्तारी के बाद जब एसटीएफ और पुलिस टीम ने उससे पूछताछ की तो ये बातें सामने आईं।

पुलिस टीम मंगलवार की सुबह को ही तौसीफ को बेऊर जेल से लेकर निकली। इसके बाद उसे गुप्त स्थान पर ले जाकर पूछताछ शुरू की गई। तौसीफ के गिरोह को लेकर भी पुलिस ने पूछताछ की। उसने बताया कि पारस अस्पताल में वह अपने मौसेरे भाई निशू का इलाज कराने के दौरान रहा था। इसी दौरान उसे अस्पताल के बारे में सारी जानकारियां मिलीं। वहां के कर्मियों से भी उसकी जान-पहचान हो गई। यही कारण था कि तौसीफ को किसी ने नहीं रोका। अभी तौसीफ से पूछताछ के लिए कई घंटों का समय बचा है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान और इस खूनी वारदात से जुड़े और भी राज सामने आ सकते हैं।

# ट्यूशन से लौट रहे छात्र को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** बुधवार सुबह जीटी रोड स्थित दनुआ के पास एक सड़क हादसे में सातवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। घटना उस वक्त घटी जब 13 वर्षीय सिंटू कुमार यादव, पिता सुजीत यादव (निवासी: सिलोदर बनिवाटांड़), ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था और सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान बिहार की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगते ही छात्र गंभीर रूप से घायल होकर




सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एनएचएआई की एंबुलेंस को सूचना दी और चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान ही डॉक्टरों ने सिंटू को मृत घोषित कर दिया।

उक्तकृत +2 उच्च विद्यालय दनुआ का छात्र सिंटू न केवल पढ़ाई में मेधावी था, बल्कि विद्यालय की सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता था। प्रधानाचार्य रतन वर्मा ने बताया कि विद्यालय ने एक अनुशासित और होनहार छात्र खो दिया है। छात्र की आत्मा की शांति के लिए विद्यालय में एक मिनट का मौन रखा गया। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और विधिसम्मत सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

मासूम की असामयिक मौत से इलाके में गहरा शोक व्याप्त है, वहीं मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने जीटी रोड पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने, ब्रेकर और संकेत बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## झारखंड के सबसे पुराने मठ का होगा कायाकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** झारखंड की ऐतिहासिक धार्मिक धरोहरों को संजोने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। राज्य के सबसे पुराने मठों में शुमार, हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड स्थित श्री राम जानकी मंदिर मठ के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। यह मठ लगभग 250 वर्षों पुराना है और हिंदू श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने हाल ही में मठ का दौरा किया और इसकी जर्जर स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मठ लंबे समय से रख-रखाव के अभाव में उपेक्षित पड़ा था और खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। अब इसे नए रूप में विकसित कर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए पुनः जीवंत किया जाएगा।

# सम्प्रेक्षण गृह में जूट क्राफ्ट प्रशिक्षण शुरू
## बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के सम्प्रेक्षण गृह में मंगलवार को जूट क्राफ्ट मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह प्रयास कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसे उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त की अनुमति से संचालित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे बाल प्रतिभागियों को हस्तकला कौशल से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के योग्य बनाना है। प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों को जूट से बैग, सजावटी वस्तुएं और दैनिक उपयोग की सामग्री तैयार




करने की विधियां सिखाई जाएंगी। जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे इन बच्चों को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और वे अपने स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ सकेंगे। यह पहल न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को मजबूती देगी, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी अहम भूमिका निभाएगी। प्रशासन और जन शिक्षण संस्थान की इस संयुक्त कोशिश को सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# खेल मैदान के लिए सामुदायिक वन पट्टा की मांग
## बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत की मुखिया नीलम मिंज ने की पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती आंगो पंचायत के ग्राम पत्थर कुदुवा में वर्षों से उपयोग में आ रहे खेल मैदान को स्थायी रूप देने की दिशा में पहल की गई है। पंचायत की मुखिया नीलम मिंज के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वन क्षेत्र पदाधिकारी बड़कागांव को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि ग्रामवासी खाता संख्या 99, प्लॉट संख्या 1107, कुल रकबा 2.75 एकड़ भूमि को लम्बे समय से खेल मैदान के रूप में उपयोग कर रहे हैं। यह मैदान न केवल खेलकूद बल्कि गांव के सांस्कृतिक व सामूहिक कार्यक्रमों जैसे डायर जत्रा मेला आदि के आयोजन का भी प्रमुख स्थल रहा है।

ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि वन अधिकार कानून 2006 के तहत वन क्षेत्र पदाधिकारी स्थल का निरीक्षण कर सामुदायिक पट्टा जारी करें, जिससे बच्चों को खेलकूद के उचित अवसर मिल सकें और स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिले। ज्ञापन सौंपने वालों में मुखिया नीलम मिंज, पूर्व प्रमुख राजमुनि देवी, समाजसेवी कोलेश्वर गंझू, वन अधिकार समिति आंगो के अध्यक्ष मणिलाल मुंडा, सचिव सुनील तिग्गा, पूर्व उपमुखिया रमन गंझू, ग्राम प्रधान सीता मरांडी, बाबूलाल महतो, लालो कुमार, जागेश्वर गंझू, महेश कुमार महतो, एतवा गंझू, महादेव हांसदा, अनुज कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों की यह मांग क्षेत्र में खेल-संस्कृति और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# बुढ़वा महादेव मंदिर में आजाद जागृति छात्र संघ ने चलाया स्वच्छता अभियान, कूड़ेदान की व्यवस्था की मांग उठी
### श्रावणी मेले के अवसर पर युवाओं ने पेश की सेवा और स्वच्छता की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** श्रावणी मेले के अवसर पर महुदी पहाड़ स्थित ऐतिहासिक बाबा बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में मंगलवार को आजाद जागृति छात्र संघ के बैनर तले स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान बीते दूसरे सोमवारी के बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई को लेकर आयोजित किया गया।

इससे पूर्व प्रथम सोमवारी के बाद भी छात्र संघ ने श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ रखने की मुहिम चलाई थी। लगातार दूसरी बार यह पहल कर संघ ने न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता दिखाई बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान छात्रों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने में



कठिनाई हुई, क्योंकि मंदिर परिसर में कूड़ेदान की कोई व्यवस्था मौजूद नहीं है। इसको लेकर छात्र संघ ने स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और मंदिर प्रबंधन समिति से तत्काल कूड़ेदान की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि स्वच्छता अभियान को स्थायी रूप से सफल बनाया जा सके। संघ ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर न फेंकें।

अभियान में संगठन के अध्यक्ष भादेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव विनोद प्रसाद, उपाध्यक्ष श्रवण सोनी, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, उपसचिव शिबू सोनी, गंगाधर प्रसाद, भुगेश्वर प्रसाद, अभिषेक कुमार, संजय राणा, कुंज बिहारी कुमार, जितेंद्र कुमार, नंदलाल प्रसाद, उपेंद्र यादव, नितिन राज, संजीवन कुमार, अर्जुन कुमार, दिवाकर कुमार, पवन कुमार, मिथिलेश सोनी, अनिलेश कुमार, सेवक कुमार, उद्धेश्वर प्रसाद, रिझेश्वर प्रसाद और अनुज कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह पहल युवा शक्ति द्वारा सामाजिक सरोकारों में निभाई जा रही सकारात्मक भूमिका की मिसाल बन गई है।

# चानो पुल पर चला सघन वाहन जांच अभियान, 55 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**हजारीबाग में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर प्रशासन सख्त, पांच लाख की वसूली**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के अनुपालन को लेकर बुधवार को चानो पुल के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती एवं मोटरयान निरीक्षक ने संयुक्त रूप से किया।

अभियान के दौरान दो पहिया चालकों के हेलमेट उपयोग, ड्राइविंग लाइसेंस, ऑटो एवं टोटो चालकों के बीमा-पंजीकरण, तथा भारी वाहनों की भार सीमा की कड़ाई से जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन चालकों पर मोटर



वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चालान काटा गया, जिससे 5 लाख रुपये का राजस्व वसूल किया गया।

मौके पर डीटीओ बैद्यनाथ कामती ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने सभी दस्तावेज जैसे लाइसेंस, बीमा, फिटनेस प्रमाणपत्र एवं टैक्स रसीदें समय पर अद्यतन रखें। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर भविष्य में भी इसी तरह के जांच अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप देखा गया, वहीं आम जनता ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में प्रभावी कदम बताया।

# लोक अदालत को लेकर सचिव ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी जोरों पर हैं। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने प्रकोष्ठ में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान के अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई जिसमें अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीवान फहद खान, अपर मुख्य न्यायिक न्यायिक संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चंद्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शुभंकर शुक्ला राजीव कुमार, मुंसिफ शोभित सौरभ, प्रोबेशन न्यायिक दंडाधिकारी निकिता राज उपस्थित हुए।

सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अब तक कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई और आगे की रूप रेखा रखी गई। मुख्य



न्यायिक दंडाधिकारी के द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों को अपने न्यायालय से संबधित सुलहनीय वादों को चिह्नित कर उससे से संबधित पक्षकार की सूचना और नोटिस की अद्यतन जानकारी प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि समय रहते सम्बन्धित पक्षकारों से प्री-काउंसलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके जिसपर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने न्यायालय संबधित पुरी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया गया। विदित है कि लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में वृहद रूप से तैयारी अभी से ही की जा रही है। सचिव द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील की गई कि 13 सितम्बर को आयोजित होने वाले लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# जहानाबाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत कल्पा थाना क्षेत्र के रामसे बिगहा गांव में बुधवार की सुबह मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। कईल यादव नामक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, गांव के बाहर एक पुलिया के पास कईल यादव के परिवार की महिलाएं गेहूं सुखा रही थीं। उसी दौरान दिलीप सिंह के परिजनों ने गेहूं हटाने को कहा। महिला ने बच्चा गोद में होने का हवाला देते



हुए थोड़ी देर बाद गेहूं हटाने की बात कही, जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर मंगलवार को कल्पा थाना को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस ने इसे मामूली विवाद मानते हुए सिर्फ समझाइश देकर छोड़ दिया। मंगलवार की रंजिश बुधवार को भयानक रूप में सामने आई, जब खेत से लौट रहे कईल यादव और उनके भाई को दिलीप सिंह के परिजनों ने घेरकर पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर दोनों पक्षों के लोग जुट गए और जमकर लाठी-डंडे चले। इस झड़प में कईल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 6 बजे हुई, लेकिन 10 बजे तक शव नहीं उठाया गया। पीड़ित परिजन एसपी और स्थानीय विधायक को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कल्पा थाने की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी किसी पक्ष से एफआईआर का आवेदन नहीं मिला, लेकिन पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना में घायल चिंता देवी ने अस्पताल में दिए बयान में बताया कि उन्होंने मंगलवार को ही खतरे की आशंका व्यक्त कर थाने को सूचना दी थी, लेकिन उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है। इस हिंसक घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जांच तेज़ी से चल रही है।

# अपनी मांगों को लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर बेल्ट्रॉन कर्मी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पटना स्थित गर्दनीबाग धरना स्थल पर एकत्र हुए हैं। इस संबंध में बेल्ट्रॉन संघ के सचिव रविंद्र कुमार एवं अध्यक्ष गुड्डू कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी रवि प्रकाश से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया, साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी को भी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से बेल्ट्रॉन कर्मी बिहार सरकार से आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त करते हुए सेवा सुरक्षा और स्थायी समायोजन की मांग कर रहे हैं। लगभग 25 वर्षों से राज्य के विभिन्न सरकारी कार्यालयों–




मुख्यालय, जिला, प्रखंड एवं अंचल स्तर तक–में लगभग 22,000 आईटी कर्मी राज्य की विकास प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बेल्ट्रॉन कर्मियों का कहना है कि सरकार जहाँ एक ओर लाखों रोजगार और सरकारी बहाली की घोषणाएं कर रही है, वहीं वर्षों से कार्यरत आइटी कर्मियों की सेवा सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। इसी दोहरी नीति के विरोध में यह हड़ताल शुरू की गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को स्वीकार नहीं करती, तब तक यह हड़ताल अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगी और कोई भी कर्मी अपने कार्यालय में कार्य नहीं करेगा।

**बेल्ट्रॉन कर्मियों की 11 सूत्री मांगों में**

विगत पत्रों के आलोक में वर्तमान में कार्यरत बल के आधार पर पद सृजित कर समायोजन किया जाए। सेवा समाप्ति से पहले अपील की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 1 जनवरी 2025 को आधार मानते हुए वेतन पुनरीक्षण किया जाए। 3 एवं 10 वर्ष की सेवा पर क्रमशः ग्रेड-1 और ग्रेड-2 में उत्क्रमण एवं आर्थिक लाभ दिया जाए। सेवा वापसी उपरांत पूर्व मानदेय एवं वरीयता के आधार पर पुनः नियोजन किया जाए। चिकित्सा, आवास, परिवहन व स्थानांतरण भत्ता दिया जाए। गृह जिला में पदस्थापन/स्थानांतरण सुनिश्चित हो। सेवानिवृत्ति पर 20 लाख ग्रेच्युटी दी जाए। मृतक कर्मी के आश्रितों को 20 लाख अनुग्रह अनुदान दिया जाए। मृतक कर्मियों के आश्रितों को योग्यता के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। सूचना प्रावैधिकी संवर्ग नियमावली बनाकर एकमुश्त समायोजन किया जाए।

# झारखंड में फिर सक्रिय हुआ मानसून, अगले तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मानसूनी गतिविधियों के तेज होने के संकेत मिले हैं। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची ने 24 जुलाई से राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। पूर्वी और मध्य झारखंड के जिलों में वज्रपात और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**25 जुलाई: पूर्वी हिस्से में ऑरेंज अलर्ट**

राज्य के दक्षिण-पूर्वी जिलों – पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं, गुमला, रांची, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, खूंटी, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका और देवघर में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी है।

**26 जुलाई: कई जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की आशंका**

गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

गढ़वा, पलामू, लातेहार और लोहरदगा जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट लागू रहेगा।

**27 जुलाई: सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा में सबसे अधिक खतरा**

27 जुलाई को लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं गढ़वा, पलामू, लातेहार, रांची, खूंटी और पश्चिम सिंहभूम में भारी बारिश के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**अब तक सामान्य से 52% अधिक हुई बारिश**

राज्य में 1 जून से 23 जुलाई 2025 तक कुल 647.7 मिमी वर्षा हुई है, जो औसत 426 मिमी की तुलना में 52% अधिक है। पूर्वी सिंहभूम में सबसे अधिक 1044.9 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 130% अधिक है। रांची में 865.6 मिमी, लातेहार में 812.6 मिमी और रामगढ़ में 742.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि देवघर, गोड्डा और पाकुड़ जिले अब भी सामान्य से कम बारिश की श्रेणी में हैं।

# झारखंड की स्टेट फूड टेस्टिंग लैब में लापरवाही, 12 करोड़ की मशीनें धूल फांक रहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। राज्य की एकमात्र स्टेट फूड टेस्टिंग लैब, नामकुम (रांची) में 12 करोड़ रुपये की लागत से खरीदी गई अत्याधुनिक मशीनें महज़ खानापूर्ति बनकर रह गई हैं। इन मशीनों से खाद्य पदार्थों में सीसा (लेड), पारा, कैडमियम और आर्सेनिक जैसी भारी धातुओं की जांच की जानी थी, लेकिन अब तक इनका इस्तेमाल नहीं हो सका है।

**गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं, जांच पूरी तरह बंद**

लैब के प्रमुख एवं फूड एनालिस्ट चतुर्भुज मीणा के अनुसार, इन मशीनों को चालू करने के लिए आर्गन, हीलियम, नाइट्रोजन और एसिटिलीन जैसे गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति आवश्यक है, परंतु विभाग ने इस दिशा में कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की। नतीजतन भारी धातुओं की जांच पूरी तरह से ठप पड़ी है। उन्होंने बताया कि मशीनें हमारे पास हैं, लेकिन गैस सिलेंडर न होने से उनका उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है। जब तक गैस की आपूर्ति नियमित नहीं होगी, तब तक हम खाद्य पदार्थों में हानिकारक धातुओं की उपस्थिति की जांच नहीं कर सकते।

**स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा पर खतरा**

यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब यह समझा जाए कि भारी धातुएं मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक होती हैं। इनका दीर्घकालिक सेवन कैंसर, किडनी फ़ेल्योर, मानसिक विकास में बाधा और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में झारखंड की जनता को सुरक्षित और मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना एक बुनियादी ज़िम्मेदारी बन जाती है, जिसकी अनदेखी हो रही है।

स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही ने न केवल करोड़ों की मशीनों को अनुपयोगी बना दिया है, बल्कि राज्य की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोल दी है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है: **नीलामी की कैटेगरी:** एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** एमएसएस7–मोब7–पार्क1, **ई-नीलामी शुरू होने की तिथि :** 06.08.2025, 12.00 बजे। **(क) प्रकार: पार्क का परिचालन एवं रखरखाव। स्टेशनों/स्थानों के नाम:** (1) आसनसोल में नीलकंठ पार्क। (2) आसनसोल में विवेकानंद पार्क। **(ख) प्रकार: मोबाइल एवं एक्सेसरीज कियोस्क की स्थापना एवं परिचालन। स्टेशनों/स्थानों के नाम:** (1) मधुपुर रेलवे स्टेशन। (2) गिरिडीह रेलवे स्टेशन। (3) जसीडीह रेलवे स्टेशन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को दी गई सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-131/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-78-79-2025, दिनांक 22.07.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य: (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-78-2025;** मंडल अभियंता (पूर्व)/रांची के क्षेत्राधिकार के अधीन आरयूबी/एनएचएस/एलएचएस की पहुंच सड़क का सुधार तथा आरडीएसओ मानक हाईट गेज का प्रावधान; रु. 4,37,95,003.27; रु. 3,69,000; **(2) डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-79-2025;** मुरी-हटिया अनुभाग में नामकोम-टाटीसिलवे स्टेशन के बीच किमी. 409/20-22 पर अतिक्रमण की जगह के स्थान पर सबवे का प्रावधान; रु. 6,52,27,770.63; रु. 4,76,100; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 13.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. **(PR-432)**

# कुख्यात की पत्नी गयी कोर्ट की शरण में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** राजधानी पटना के पारस अस्पताल में बीते दिनों कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा गांव का रहने वाला था और इलाज के लिए अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में भर्ती था।
मामले में अब तक कई आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में गोली भी लगी है। मामले में मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर एक अन्य कुख्यात अपराधी ओंकारनाथ सिंह उर्फ शेरू सिंह का नाम सामने आया है, जो चंदन के ही पड़ोस के गांव दुल्लहपुर का निवासी है।
वह 31 अक्टूबर 2023 से पश्चिम बंगाल की पुरुलिया जेल में बंद है। इसी बीच शेरू की पत्नी लकी सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र भेजकर अपने पति की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि बिहार पुलिस में एडीजी अभियान कुंदन कृष्ण, जानबूझकर उनके पति को फर्जी एनकाउंटर में मारने की योजना बना रहे हैं। न्यायालय को भेजे गए पत्र में लकी ने उल्लेख किया है कि उसके पति शेरू सिंह 2012 से ही लगातार अलग-अलग जेल में बंद हैं। इसके बावजूद बिहार पुलिस द्वारा उन्हें हत्या की साजिश में झूठा फंसाया जा रहा है।
पत्र में कहा गया है कि पुलिस उनके पति को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रास्ते में या हिरासत में उसकी हत्या फर्जी मुठभेड़ के नाम पर किए जाने की आशंका है। यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस ने मामले के कुछ आरोपितों पर दबाव डालकर उसके पति का नाम जबरन उगलवाया गया है। सुप्रीम कोर्ट से उसने निवेदन किया है कि न्यायालय इस मामले में हस्तक्षेप करे और बिहार पुलिस को ट्रांजिट रिमांड मिलने पर रोक लगाए। उसके पति को बिहार पुलिस के हवाले न किया जाए।

# अपने प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं : डीआईजी

## डीआईजी को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिन व्यवसायियों को आर्म्स की जरूरत हो वे एप्लाई करें। पलामू उपायुक्त से बात कर मुहैया कराया जायेगा। उक्त बातें पलामू क्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने कही। वे अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा (हलवाई समाज) पलामू व पलामू जिला व्यवसाई संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। डीआईजी ने कहा कि समाज में वैमनस्यता बढ़ती जा रही है इस पर अंकुश लगाना




होगा। लोगों को इसके लिए जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन मनोहर कुमार लाली व धन्यवाद ज्ञापन ट्रैफिक इंचार्ज समाल अहमद ने किया। मौके पर प्रभात कुमार गुप्ता, प्रभात अग्रवाल व दुर्गा जौहरी ने डीआईजी को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इसके पूर्व शशि कांत गुप्ता उर्फ गुड्डु, पलामू जिला व्यवसाई संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, दुर्गा जौहरी, गणेश गिरी, मंगल सिंह, विनोद उदयपुरी, अमित वर्मा ने बाजार की समस्याओं डीआईजी को अवगत कराया। बैठक में सूरज नारायण, राजकुमार गुप्ता, वार्ड पार्षद लाल बाबू, कमल जैन, अनुपम तुलस्यान, नागिन प्रसाद, दानवीर, मनोज पहाड़िया, मुमताज खान, अनवर, कमरूदीन, नौशाद अंसारी, रोहित गुप्ता, गौतम गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, सुनील गिरी, दीपक सोनी, संजू मयूरी सहित कई व्यवसायी शामिल थे।

# गंगा की लहरों में समाया संकट मोचन हनुमान मंदिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** गंगा की रौद्र लहरों ने एक बार फिर मानव आस्था और भावनाओं को गहराई से झकझोर दिया। सबौर प्रखंड के ममलखा पंचायत अंतर्गत चायंचक गांव के मुहाने पर वर्षों से लोगों की आस्था का केंद्र बना संकट मोचन हनुमान मंदिर मंगलवार तक अपनी जगह पर अडिग खड़ा था। लेकिन बुधवार की सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही वह स्थान गंगा की तेज धाराओं में समा चुका था।
ग्रामीणों की आंखों में आंसू थे, जिनके सामने रातों-रात उनकी आस्था का प्रतीक मंदिर और सड़क गंगा की लहरों में विलीन हो गए। कभी सैकड़ों श्रद्धालु वहां दीप जलाकर संकट मोचन से गांव की रक्षा की प्रार्थना करते थे, वही मंदिर अब जलधारा में खो गया।
गंगा का रौद्र रूप सिर्फ जमीन नहीं निगलता, बल्कि उसमें बसी यादें, आस्था और पीढ़ियों की मेहनत भी साथ बहा ले जाती है। आज गांव वालों की आंखों में सिर्फ कटाव का डर नहीं, बल्कि अपने संकट मोचन को खो देने की पीड़ा भी साफ झलक रही है।
गंगा का कटाव इस कदर तेज है कि उसकी लहरें अब गांव की बस्ती की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। प्रशासन ने कच्चे बांस लगाकर कटाव को रोकने की कोशिश तो की, लेकिन गंगा की लहरों के आगे वह भी बेअसर साबित हुआ।
पूर्व मुखिया कल्याणी देवी, जिला पार्षद जय प्रकाश मंडल सहित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि तत्काल लोहे की चदरा, जाली और पत्थर से कटाव रोधी काम कराए जाएं, ताकि गांव की बची-खुची जमीन को बचाया जा सके।
ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द पुख्ता इंतजाम नहीं हुए, तो गंगा गांव के और भी हिस्सों को अपनी लहरों में समेट लेंगी, जिससे आसपास के इलाकों में बाढ़ का संकट उत्पन्न हो सकता है।

# उपायुक्त आर रॉनिटा ने मुरहू प्रखंड का किया दौरा

## विद्यालयों एवं प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा ने आज मुरहू प्रखंड क्षेत्र का दौरा करते हुए सरकारी विद्यालयों एवं प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहिल हसा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डूडरी तथा प्रखंड सह अंचल कार्यालय, मुरहू के संचालन का गहन जायजा लिया।
उक्त विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, नामांकन, पोषाहार, साफ-सफाई, शैक्षणिक गतिविधियों एवं आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की।
उन्होंने शिक्षकों को शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने एवं विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाए रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मेनू अनुसार पोषाहार भोजन नहीं दिए जाने को लेकर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने विद्यालयों में बच्चों को अनिवार्य रूप से मेनू अनुसार पोषाहार युक्त भोजन देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय मुरहू के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका, लंबित आवेदनों की स्थिति एवं संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।
कार्यालय में पदस्थापित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित हों तथा नियमित रूप से बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कार्य में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया।
निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों का उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई, आगंतुकों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की सुविधा बनाए रखे और आमजनों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों का बेहतर तरीके से संचालन सुनिश्चित कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## फर्जी सिपाही गिरफ्तार

**सीवान।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक फर्जी सिपाही बनकर पुलिस लाइन पहुंच गया और दूसरे के नाम पर ड्यूटी ज्वाइन करने की कोशिश की। हालांकि वह अधिकारियों की सतर्कता के चलते मौके पर ही पकड़ लिया गया। मामले ने पुलिस विभाग की सुरक्षा और सत्यापन प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।
जानकारी के मुताबिक, यह घटना सोमवार की बताई जा रही है जब सीवान पुलिस लाइन में पीटी परेड आयोजित की गई थी। इस परेड में कुल 256 सिपाहियों को पदभार ग्रहण करना था, लेकिन गिनती के दौरान एक व्यक्ति अतिरिक्त पाया गया। जब अधिकारियों ने दोबारा सत्यापन कराया तो मामला संदिग्ध निकला और फर्जी तरीके से शामिल हुए सिपाही को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।जानकारी के अनुसार, युवक सिपाही की पूरी वर्दी पहनकर अन्य चयनित सिपाहियों की कतार में खड़ा हो गया था और किसी अन्य अभ्यर्थी के नाम पर जॉइनिंग लेटर लेकर ड्यूटी जॉइन करने पहुंचा था। प्रारंभिक तौर पर किसी को उस पर शक नहीं हुआ, लेकिन जब सभी सिपाहियों की दोबारा गिनती की गई तो कुल संख्या 257 निकली।

# घंटों स्कूल गेट पर खड़े रहे बीईओ, नहीं खुला ताला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरकटियागंज।** शिक्षा विभाग की सख्ती के बावजूद नरकटियागंज प्रखंड के मध्य विद्यालय रखही पश्चिम टोला में शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतर गई है। जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार निरीक्षण के लिए विद्यालय पहुंचे तो वहां का नजारा हैरान कर देने वाला था।दोपहर करीब 1:30 बजे पहुंचने पर उन्होंने देखा कि विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लटका हुआ है और पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। वह करीब एक घंटे तक वहीं खड़े रहे, लेकिन कोई भी शिक्षक नजर नहीं आया।
स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ करने पर बीईओ को जानकारी मिली कि विद्यालय एक सप्ताह से अधिक समय से बंद है। कभी-कभार एक-दो घंटे के लिए खुलता है, लेकिन फिर शिक्षक उसे बंद कर चले जाते हैं।
ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यह स्थिति नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से ऐसी ही लापरवाही चल रही है। फिलहाल विद्यालय में कुल पांच शिक्षक पदस्थापित हैं, जिनमें एक शिक्षक फैयाजुल हक बीएलओ के कार्य में प्रतिनियुक्त हैं और प्रधान शिक्षक सुदिश कुमार पांडेय दो दिनों के आकस्मिक अवकाश पर हैं, जिसका आवेदन प्रखंड संसाधन केंद्र में उपलब्ध है। शेष तीन शिक्षकों में से कोई भी विद्यालय में उपस्थित नहीं था।
ग्रामीणों के अनुसार, शिक्षिका शुभम कुमारी गर्मी की छुट्टियों के बाद से विद्यालय नहीं आ रही हैं, जबकि विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका तबस्सुम आरा भी लगातार अनुपस्थित चल रही हैं।
हैरानी की बात यह है कि बुधवार को जब विद्यालय बंद था, तब भी तबस्सुम आरा की ऑनलाइन उपस्थिति 10:02 बजे दर्ज थी। बताया गया कि खलील अहमद नामक शिक्षक प्रायः रात में हाजिरी बनाते हैं, जो बड़ी गड़बड़ी की ओर संकेत दे रहा है। बता दें कि यहां पांच शिक्षक हैं और 205 बच्चे नामांकित हैं।

## दो वाहनों की टक्कर में चालक खलासी सहित तीन जले

**हाजीपुर।** वैशाली में दर्दनाक हादसा हुआ है। इस घटना में हाइवा और ट्रक की आमने सामने टक्कर हुई है। दोनों वाहनों की टक्कर होते ही अचानक ट्रक में भीषण आग लग गई। इस घटना में ट्रक के चालक और खलासी के साथ-साथ हाइवा के चालक की भी मौत हो गई।

# 59 को मिलेगा गोल्ड मेडल, 46 बेटियां शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 25 अगस्त को आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह में पीजी स्तर के सामान्य कोर्स, वोकेशनल, होम्योपैथी और एमएड के 59 टापरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इस सूची में बेटियों की संख्या 46 है।
विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग ने टापरों की सूची तैयार कर ली है, जिसके आधार पर अब टापर समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। टापरों की सूची में पीजी के दो सत्र 2021-23 और 2022-24 के तहत 23 विषयों में कुल 46 टापरों को शामिल किया गया है।
इसके अतिरिक्त, वोकेशनल के तहत एमसीए (2021-24), एमबीए (2022-24) और फिश एंड फिशरीज (2023-24) के तीन, 2020-23 के एमडी होम्योपैथी के आठ और 2021-23 तथा 2022-24 के एमएड के दो टापरों को भी शामिल किया गया है।
मंगलवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में दीक्षा समारोह को लेकर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। 11 विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। इसके बाद, सदस्यों ने पहले आडिटोरियम और फिर कम्युनिटी हाल में तैयारियों का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान फाल्स सिलिंग और टाइल्स की स्थिति का अवलोकन किया गया। इसके बाद माइक की टेस्टिंग की गई, जिसमें आडिटोरियम में आवाज की गूंज पहले से काफी कम हो गई है। इसे पूरी तरह से कम करने के लिए तकनीशियन कार्य कर रहे हैं।
कुलपति के नेतृत्व में सदस्यों ने राज्यपाल के लिए तैयार हो रहे रूम का निरीक्षण किया।

## युवक पर फायरिंग

**सीवान।** जिले में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला दरौंदा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां बीती देर रात मेला देखकर लौट रहे एक युवक पर कुछ मनचलों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि युवक बाल-बाल बच गया और किसी तरह भागकर अपनी जान बचा सका। घटना के संबंध में बताया गया है कि दरौंदा थाना क्षेत्र के जलालपुर पंचायत निवासी बिट्टू कुमार सिंह मंगलवार देर रात एक स्थानीय मेले में घूमने गए थे। मेला देखने के दौरान कुछ मनचलों से उनकी मामूली कहासुनी हो गई थी। उस समय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया, लेकिन इसका बदला लेने के इरादे से आरोपियों ने रात में फिर हमला कर दिया। जब बिट्टू कुमार सिंह मेला देखकर देर रात अपने घर लौट रहे थे और कमला चौक के पास पहुंचे, तभी उन्हीं मनचलों ने उन्हें घेर लिया। पहले गाली-गलौज की गई और फिर अचानक फायरिंग शुरू कर दी गई। बिट्टू ने शोर मचाया और दौड़कर किसी तरह अपनी जान बचाई। फायरिंग की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने एक गोली का खोखा बरामद किया।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विवि में दीक्षांत समारोह आज

## राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह गुरुवार को होगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल होंगे।
इसकी जानकारी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। विदित हो कि पलामू उपायुक्त समीरा एस सहित जिला प्रशासन के कई आलाधिकारियों ने





मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था। उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इधर राज्यपाल के आगमन को लेकर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।
इधर डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बुधवार की शाम कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।
मौके पर आरसीयू के संस्थापक पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ एस के झा,रजिस्टार देवाशीष मंडल, एसडीपीओ आलोक टूटी, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे सहित कई पुलिस पदाधिकारी व विश्वविद्यालय के कई अधिकारी मौजूद थे।

# परिवहन विभाग ने किया परमिट वितरण कैंप का आयोजन

## 16 ऑटो चालकों को मिला परमिट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** परिवहन सचिव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल हरिवंश पंडित के निदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी, खूंटी के द्वारा जिले में ऑटो चालकों की सुविधा हेतु परमिट वितरण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में ऑटो परमिट निर्गत करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसमें कई ऑटो चालकों ने भाग लिया और आवेदन जमा किया। कार्यक्रम के दौरान सचिव, परिवहन विभाग, दक्षिणी छोटानागपुर द्वारा कुल 16 ऑटो चालकों को विधिवत परमिट प्रदान किया गया। उन्होंने अन्य चालकों से भी शीघ्र परमिट प्राप्त करने की अपील की तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले में कोई भी ऑटो बिना परमिट के संचालन न करे।
जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने जानकारी दी कि जिले में अभी भी अनेक ऑटो चालक बिना परमिट के वाहन का परिचालन कर रहे हैं। ऐसे चालकों के लिए जानकारी के अभाव को दूर करने हेतु यह कैंप आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ऑटोमोबाइल डीलरों को निर्देशित किया गया है कि उनके संस्थान से बिकने वाले प्रत्येक ऑटो के लिए परमिट हेतु आवेदन सुनिश्चित कराएं।
सभी ऑटो चालकों से अपील की गई है कि वे परमिट से संबंधित जानकारी एवं आवेदन के लिए जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क करें। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने का निर्देश भी दिया गया। इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सहित परिवहन विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार हाईवा ने ऑटो में मारी टक्कर, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो पर सवार दो यात्रियों की मौत हो गई। घटना बुधवार की दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 पर औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में खैरी मोड़ के पास घटी। मृतकों में से एक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे 28 वर्षीय मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। मामले में औरंगाबाद नगर थाना पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई में जुटी है।
जानकारी के अनुसार, ओबरा से ऑटो यात्रियों को लेकर औरंगाबाद आ रहा था। इसी दौरान औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में खैरी मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।
इस बीच हादसे की सूचना मिलने पर सदर अस्पताल आए एक मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा दोनों युवकों को घायल अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए जाने पर ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने इलाज में लापरवाही बरती। यदि समय पर दोनों घायलों का इलाज हो जाता तो, उनकी जान बच जाती। इलाज में लापरवाही बरते जाने के विरोध में अस्पताल में हंगामा भी किया, जिसे मौके पर पहुंची औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया।
इस बीच हादसे की सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पहुंचे लोजपा के औरंगाबाद जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह ने परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर से पहल कर मृतकों के परिजनों को सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा शीघ्रता से दिलाने का काम करेंगे।
मामले में औरंगाबाद नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एनएच-139 पर औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में खैरी मोड़ के पास हाइवा द्वारा ऑटो में टक्कर मारे जाने से ऑटो पर सवार दो युवकों की मौत हो गई है। मृतकों में से एक की पहचान ओबरा प्रखंड के खुदवां थाना क्षेत्र के लसड़ा गांव निवासी अजय सिंह के पुत्र अंकित कुमार (30) के रूप में की गई है।

# जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों ने छोड़ा गांव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिला के देसरी प्रखंड के गनियारी टोला गंगा नदी से करीब एक किलोमीटर दूर बांध किनारे बसा हुआ है। गंगा नदी में लगातार जल स्तर में बढ़ोतरी होने से गांव की संपर्क पथ पर करीब 08 फीट पानी लग गया है। जिसके कारण बाढ़ की स्थिति को देखते हुए लोग अब गनियारी टोला छोड़कर ऊपरी इलाके के तरफ मूव कर रहे हैं।
गनियारी टोला करीब पांच सौ से अधिक आबादी का गांव है। करीब 65 घर हैं। सभी परिवार किसान हैं। सभी खेती बाड़ी और पशु पालन कर परिवार भरन पोषण करते हैं। गंगा की जल स्तर में बढ़ोतरी होने से किसान की सारी फसलें डूब गई हैं। पशु के लिए खेत में उपजे चारा डूब गए हैं। पशुपालकों को अब परेशानी हो रही है। इसको लेकर किसान पशु को ऊपरी इलाके में लेकर पहुंच रहे हैं। लोग अपने अपने घरों से सारे



सामान लेकर दूसरे स्थान पर जाने को विवश हो गए हैं। गांव के चारों तरफ गंगा का पानी ही पानी नजर आ रहा है। किसान के बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी बढ़ गई है।
जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर है। बिदुपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामदौली सूरदास घाट की जहां तीन दिनों के भीतर अचानक से पानी में वृद्धि हुई है और सड़क के संपर्क में गंगा नदी पहुंच चुका है। किनारे पर बसें किसानों को भी गंगा नदी ने मुश्किल बढ़ा दिया है। किसान अपने पशुओं को अलग शिप्ट कर रहे हैं। चारों तरफ गंगा नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है। पशुओं का चारा के साथ - साथ फसल को भी नहीं बचा पाए।

# पति पर तकिया से मुंह दबाकर हत्या करने का आरोप, फरार


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित विजय छपरा गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई है। मृतका के परिजनों ने उसके पति और ससुरालवालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। बताया गया है कि महिला की हत्या तकिया से मुंह दबाकर की गई, ताकि उसकी चीखें बाहर न सुनाई दे सकें।
घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी पति और उसके परिजन घर छोड़कर फरार हो गए हैं। मृतका की पहचान सोनी कुमारी (25) के रूप में हुई है, जिसकी शादी बिरजू साहनी के साथ दस साल पहले हुई थी।
मृतका के परिजनों के अनुसार, शादी के बाद सोनी अक्सर अपने पति से घर चलाने के लिए पैसे मांगती थी। इस बात को लेकर बिरजू अक्सर सोनी के साथ मारपीट करता था। इससे तंग आकर सोनी ने खुद मजदूरी करना शुरू कर दिया, लेकिन उसके पति को यह बात नागवार गुजरती थी। मजदूरी करने को लेकर भी दोनों के बीच लगातार विवाद होते रहे।
परिजनों ने बताया कि करीब छह महीने पहले बिरजू ने सोनी को जहर खिलाकर मारने की कोशिश की थी, लेकिन समय रहते उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। तब सोनी ने पुलिस में शिकायत नहीं करने की बात कही थी। लेकिन बीती रात एक बार फिर दोनों के बीच विवाद हुआ। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान बिरजू और उसके घरवालों ने मिलकर सोनी की हत्या कर दी।
मृतका की बहन के अनुसार, सोनी का शव अर्धनग्न हालत में चौकी पर पड़ा था, जिसे देखकर परिजन सन्न रह गए। उन्होंने बताया कि अंतिम बार देर रात को सोनी से बात हुई थी और सुबह उसकी लाश मिली। परिजनों ने आरोप लगाया कि तकिया से मुंह दबाकर सोनी की हत्या की गई ताकि किसी को आवाज सुनाई न दे।
घटना की सूचना मिलने के बाद अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम से भी मदद ली जा रही है ताकि सबूत जुटाए जा सकें। थानाध्यक्ष ने कहा कि मृतका के पिता और बहन के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उनकी शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रखण्ड स्तरीय शहद उत्पादक सहकारी समितियां आत्मनिर्भर बिहार के सपने को कर रही साकार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के सभी शहद उत्पादक समितियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने, विपणन में पारदर्शिता लाने, समितियों के कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने एवं किसानों की आय में वृद्धि हेतु विभिन्न योजनाओं एवं प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने शहद उत्पादक समितियों से शहद के क्षेत्र में सहकारिता विभाग द्वारा की जा रही पहल का लाभ लेते हुए शहद का उत्पादन अधिक से अधिक मात्रा में कर राज्य एवं राज्य से बाहर उनका विपणन करने हेतु कार्य योजना बनाने की अपील की। इसके साथ ही बैठक में मंत्री ने सभी समितियों से उनकी समस्याओं को सुना और इसके संदर्भ में विभाग के पदाधिकारियों को इसके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री के द्वारा शहद उत्पादक समितियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण एवं समितियों द्वारा उत्पादित शहद के विपणन हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। मंत्री ने ऑनलाइन मार्केट एवं ई-कॉमर्स के माध्यम से शहद उत्पादक समितियों को देश के विभिन्न राज्यों में अपने उत्पादों को पहुंचाने के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभागीय पदाधिकारी को मिशन मोड में करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही शहद के आधुनिक प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग की सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश मंत्री द्वारा दिया गया। मंत्री ने आज के बैठक में यह भी कहा कि प्रखण्ड स्तरीय शहद उत्पादक सहकारी समितियां न केवल ग्रामीण विकास में मदद कर रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर किसान-आत्मनिर्भर बिहार के सपने को साकार करने में अपना योगदान दे रही है। राज्य में अब तक मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के अन्तर्गत कुल 144 प्रखंड स्तरीय प्राथमिक मधुमक्खीपालक सहकारी समितियों का निबंधन कार्य पूर्ण हो चुका है। इन कुल निबंधित 144 मधुमक्खीपालक सहकारी समितियों में सदस्यों की कुल संख्या 4467 है। राज्य में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के सहयोग से समितियों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करायी जा रही है। सहकारिता विभाग राज्य के किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री मधुमक्खी पालन प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन इत्यादि से भी लाभान्वित कराने में सहयोग प्रदान कर रही है। बैठक में अंशुल अग्रवाल, निबंधक, सहयोग समितियां, अभय कुमार सिंह, अपर सचिव, विकास कुमार बरियार, अपर निबंधक (न्यायिक), निकेश कुमार, संयुक्त निबंधक (पणन) भी उपस्थित रहे।



प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने आज पटना में पटना प्रमंडल विपणन सहकारी संघ पटना क़े अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे को संघ का निबंधन प्रमाण पत्र प्रदान किया । फोटो – 'नवबिहार टाइम्स'

# सत्ता पक्ष के कुछ नेता जानबूझकर हंगामा खड़ा कर सदन की गरिमा गिरा रहे हैं : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में सदन की कार्यवाही के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेताओं ने राजद के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर सत्तापक्ष पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव विधानसभा में हुए बवाल पर आग बबूला नजर आए और उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के अलावे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) की टाइमिंग को लेकर अपनी बात रख रहे थे जब सत्ता पक्ष के वरिष्ठ नेता यहां तक कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने उनके संबोधन के दौरान कहा कि यही बोलेगा खाली, कितना बोलेगा? तेजस्वी ने इसे बेहद अमर्यादित और सदन की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कहा कि अगर विपक्ष का नेता सदन में नहीं बोलेगा तो कौन बोलेगा? सत्ता पक्ष के कुछ नेता जानबूझकर हंगामा खड़ा कर सदन की गरिमा गिरा रहे हैं। अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री और एक मंत्री को फटकार भी लगाई है जो दर्शाता है कि स्थिति कितनी गंभीर थी। तेजस्वी यादव ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने जो हलफनामा सुप्रीम कोर्ट में दिया है, उसमें कहीं भी विदेशी नागरिकों का उल्लेख नहीं है। बावजूद इसके सत्तापक्ष के नेता यह दावा कर रहे हैं कि फर्जी मतदाता नेपाल और बांग्लादेश के हैं। यह गलत जानकारी फैलाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश है। भाजपा पर भी निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर फर्जी मतदाता की बात सही है तो 2005 से अब तक की सरकार और केंद्र में 11 वर्षों से भाजपा की सत्ता में रहने के बावजूद यह मुद्दा क्यों नहीं सुलझाया गया? उन्होंने कहा कि जब हमारे पास सबूत होते हैं तब सत्ता पक्ष बहस से भागता है और हंगामा करता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जब मैं विधानसभा में बोल रहा था, तब मुख्यमंत्री बीच में उठकर बोलने लगे। शायद उन्हें यह तक नहीं पता था कि चर्चा किस विषय पर हो रही है।

# पावरग्रिड पटना में प्राची महिला समिति ने किया सावन महोत्सव का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय, शास्त्रीनगर, पटना में प्राची महिला समिति द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नृत्य प्रदर्शन, मिलन समारोह और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल थीं। समारोह की शुरुआत गीत एवं रंगारंग नृत्य प्रदर्शन से हुई जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक और आधुनिक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और माहौल को जीवंत बना दिया। सावन मिलन समारोह न केवल मनोरंजन का साधन था, बल्कि यह महिलाओं को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी संस्कृति को संजोने का अवसर भी प्रदान करता है। इस अवसर पर कुल 45 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया।

# विधानसभा का घेराव करने जा रहे जनसुराज कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन से लेकर सड़क तक जबर्दस्त घमासान देखने को मिला। मतदाता पुनरीक्षण और कानून व्यवस्था को लेकर सदन में जहां राजद के नेतृत्व में एकजुट विपक्ष का हंगामा जारी है, वहीं सड़क पर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल खोल दिया। दरअसल, प्रशांत किशोर बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ विधानसभा का घेराव करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें चितकोहरा गोलंबर के पास ही रोक दिया। इतना ही नहीं, समर्थकों पर लाठीचार्ज भी किया गया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच खूब धक्का-मुक्की भी हुई। बता दें कि पीके ने रोजगार, भूमिहीन परिवारों को जमीन और भूमि सर्वेक्षण में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव घोषणा कर रखी थी। इसके लिए पीके ने 1 करोड़ लोगों के हस्ताक्षर जुटाए थे। जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने जब विधानसभा का घेराव करने की कोशिश की तो पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पहले धक्का-मुक्की हुई और फिर हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इस दौरान कई कार्यकर्ता घायल हो गए। एक प्रदर्शनकारी के सिर से खून बहने का वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जन सुराज पार्टी ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा का घेराव कर रहे कार्यकर्ताओं पर बर्बर लाठी चार्ज किया गया जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे प्रशांत किशोर ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह जंग की शुरुआत है। सरकार हमें दबाना चाहती है, लेकिन हम ऐसा जवाब देंगे कि पूरा बिहार देखेगा। हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके घर में घेर लेंगे। पुलिस हमें नहीं रोक सकती। इनका जीना हराम कर देंगे। यह लोग हमें दबाना चाहते हैं। जनता बदलाव चाहती है। प्रशांत किशोर ने कहा हम ऐसा जवाब देंगे कि पूरा बिहार देखेगा। एक लाख आदमी लाकर नीतीश कुमार को घर में घेर लेंगे। निकल नहीं पाएंगे घर से। पुलिस से कौन डरता है? पुलिस से कोई डरता है? पुलिस क्या कर लेगी? उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर ने बुधवार को विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। उनकी अपील पर बड़ी संख्या में जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ता राजधानी पटना पहुंचे थे और विधानसभा की ओर कूच किया। घेराव करने निकले पीके ने तीन सवाल किया जिसमें पहला सवाल था कि सरकार की घोषणा के बावजूद गरीब परिवारों को रोजगार के लिए 2 लाख रुपये क्यों नहीं मिले? दूसरा सवाल यह था कि 3 डिसमिल जमीन दलित भूमिहीन परिवारों को क्यों नहीं मिली? आखिरी और तीसरा सवाल किया गया कि भूमि सर्वेक्षण में भ्रष्टाचार पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है?

# जनता से माफी मांगें तेजस्वीः नीरज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव के जातीय सर्वेक्षण रिपोर्ट पर दिए बयान की आलोचना की है। उन्होंने तेजस्वी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए बिहार की जनता से माफी मांगने को कहा। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी जान बूझकर गलत आंकड़े प्रस्तुत कर रहे हैं। ताकि सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो। यदि उन्होंने वास्तव में जातीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट को पढ़ा होता तो उन्हें यह मालूम होता कि पृष्ठ संख्या 192 पर प्रकाशित आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राज्य के बाहर रहनेवाले लोगों में सर्वाधिक प्रतिशत सामान्य जाति के लोगों का है। आंकड़ों के मुताबिक सामान्य वर्गके 5.68 प्रतिशत लोग बिहार से बाहर हैं जबकि पिछड़ा वर्गऔर अति पिछड़ा वर्ग दोनों के 3.30 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के 2.50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति के 2.68 प्रतिशत लोग ही अन्य राज्यों में निवास कर रहे हैं।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में 29 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई, चार गिरफ्तार

## कुल 627 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित हुई परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की बुधवार को हुई लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। राज्य के सभी जिलों में कुल 627 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित हुई परीक्षा के दौरान 29 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई की गई और 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए एकल पाली में कुल 2 लाख 79 हजार 95 अभ्यर्थियों ने प्रवेश-पत्र निर्गत किया था जिसमें से 2 लाख 49 हजार 51 अभ्यर्थियों ने ई-प्रवेश-पत्र डाउनलोड किया। आंकड़ों के मुताबिक अभ्यर्थियों की उपस्थिति निर्गत प्रवेश-पत्र की लगभग 80 प्रतिशत रही। जिला पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में जिलास्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पूर्व जांच और तलाशी ली गई। सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की गई। साथ ही वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करायी गई। कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग कर निगरानी की गई। परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए पटना स्थित पर्षद मुख्यालय में कमांड एंड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में 29 अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई जिनमें से 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि 13 अभ्यर्थियों को निष्कासित किया गया है और 4 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गिरफ्तार अभ्यर्थियों में पश्चिमी चंपारण से 2, कटिहार से 1 और सहरसा से 1 शामिल हैं। वहीं, भागलपुर में 13 अभ्यर्थियों को निष्कासित किया गया है। बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की अब अगली परीक्षा 27 जुलाई को होगी।

# सोयाबीन प्रत्यक्षण योजना में लूट की सीबीआई जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सोयाबीन प्रत्यक्षण योजना में लूट की सीबीआई जांच कराने एवं दोषी लोगों पर अविलंब कार्रवाई की मांग संयुक्त किसान मोर्चा ने की है। केंद्र सरकार की सोयाबीन के उत्पादन में वृद्धि के लिए चलाए जा रहे, सोयाबीन प्रत्यक्षण योजना में बिहार सरकार की कृषि विभाग द्वारा हो रहे भयानक लूट से किसानों के बीच भयानक आक्रोश है। एक एकड़ सोयाबीन की बुआई के लिए इस योजना के तहत किसानों को मुफ्त में 24 किलो सोयाबीन का बीज, 5 किलो सल्फर 90%, 1 लीटर पीएसबी और 1 लीटर ट्राईकोडर्मा दिया जाता है। एक किसान को ज्यादा से ज्यादा 2 एकड़ के लिए इस योजना का लाभ दिया जाता है। मगर किसानों को लाभ देने के नाम पर भयानक लूट मची है। खुले बाजार में जो सल्फर 70 रु किलो बिकता है। इस स्कीम के तहत उसे 430 रु किलो पर खरीदा गया है जो सोयाबीन बीज खुले बाजार में 80 रु किलो बिकता है, सप्लायर बीज माफिया द्वारा एन एस सी के नाम पर 102 रु. किलो का बिल बनाया गया है। चाहे पीएसबी हो या ट्राईकोडर्मा जिसकी कोई प्रमाणिकता नहीं है। पीएसबी बोतल पर 995 रु लीटर लिखा है जबकि बाजार में ज्यादा से ज्यादा150 से 200 रु लीटर और ट्राइकोडरमा 1030 रुपए प्रति लीटर दाम लिखा है, वह भी खुले बाजार में ज्यादा से ज्यादा 200 रुपये लीटर में मिलता है। वह भी किसी प्रमाणित कंपनी से खरीदा नहीं गया है। इसमें भयानक झोल है। इसकी जांच हो तो सारे रहस्य आमलोगों के बीच में साफ हो जाएंगे। पीएसबी एवं ट्राइकोडरमा के नाम पर जिसकी कोई क्वालिटी की प्रमाणिकता नहीं है। बड़े पैमाने पर अंधेर गर्दी के चलते सरकारी राशि की भयानक लूट हो रही है। एन एस सी के नाम पर सप्लायर बिहार का सबसे बड़ा बीज माफिया महालक्ष्मी सीड्स कॉरपोरेशन प्रा लि बरसों बरस से इस सप्लाई के काम में लगा है। बीज सप्लायर में उसे महारत हासिल है। कई बार जांच हुई, मगर बड़े लोगों का बरदहस्त के कारण कार्यवाई नहीं हुई। कृषि विभाग का वह चहेता बना हुआ है। इस योजना के तहत सोयाबीन का सप्लाई इसी महालक्ष्मी सीड्स कॉरपोरेशन प्रा लि को दिया गया है जिसके बीज की कोई प्रमाणिकता नहीं है। इस प्रकार एक एकड़ के लिए 5348 रु तथा दो एकड़ के लिए 10696 रु किसानों के नाम पर सरकारी राशि का इस योजना के नाम पर खुलेआम लूट और फर्जीवारा हो रहा है। सैकड़ों करोड़ रु. की राशि सरकारी फाइलों में किसानों के नाम पर मदद में दर्शाया जा रहा है जबकि हकीकत में खाद, बीज माफिया और सरकारी पदाधिकारी मिल कर लूट रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता दिनेश कुमार और अशोक प्रसाद सिंह ने किसानों के नाम पर इस नाजायज गोरखधंधा का सीबीआई से जांच तथा दोषी लोगों को अविलंब गिरफ्तारी की सरकार से मांग की।

# एंडोस्कोपी पर लाइव वर्कशॉप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुजफ्फरपुर।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना एवं श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज एंडोस्कोपी नामक एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी के क्षेत्र में चिकित्सकों को उन्नत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यशाला में ऊपरी एवं निचले जीआई एंडोस्कोपी पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई। कोर्स डायरेक्टर और जय प्रभा मेदांता पटना के निदेशक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, डॉ. आशीष कुमार झा ने कहा इस तरह के लाइव हैंड्स-ऑन कार्यक्रम चिकित्सकों को नई तकनीकों से जुड़ने और मरीजों को बेहतर उपचार देने में सहायक होते हैं। हमारा उद्देश्य एंडोस्कोपी के क्षेत्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देना है। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अभा रानी सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा आज की चिकित्सा प्रणाली में एंडोस्कोपी एक अहम उपकरण बन चुकी है। इस तरह की वर्कशॉप्स न केवल युवा चिकित्सकों को प्रशिक्षित करती हैं, बल्कि मेडिकल एजुकेशन को भी नई दिशा देती है। इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रो. (डॉ.) सतीश कुमार सिंह, गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. (डॉ.) भारतेन्दु कुमार, प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार एवं वर्कशॉप चेयरपर्सन प्रो. (डॉ.) रामाकांत प्रसाद सहित कई वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न चिकित्सकों और स्टूडेंट्स ने भाग लिया और एंडोस्कोपी की आधुनिक विधियों का अनुभव प्राप्त किया।

# सभी सरकारी महकमों का होगा साइबर ऑडिट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में साइबर अपराध की तेजी से बढ़ती वारदातों को देखते हुए सरकारी महकमों या प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। इसके मद्देनजर राज्य स्तर पर साइबर सुरक्षा के लिए सरकार ने नोडल एजेंसी के तौर पर ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) को चिन्हित किया गया है। इसके तहत सभी सरकारी कार्यालयों या प्रतिष्ठानों की साइबर ऑडिट कराई जाएगी। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सरकारी महकमों की वेबसाइट, ऑनलाइन सेवाएं या लेनदेन समेत ऑनलाइन होने वाले तमाम कार्यों को साइबर से जुड़े सुरक्षा मानकों पर कसा जाएगा। जांच में जहां गड़बड़ी मिलेगी, वहां इन कमियों को जल्द पूरी की जाएगी। साइबर ऑडिट की पूरी प्रक्रिया सीडैक (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग), आई4सी (इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर) समेत अन्य जांच एजेंसियों के सहयोग से की जाएगी। इसके लिए एक खास रणनीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके बाद समुचित तरीके से शुरुआत की जाएगी।

# आयुष्मान योजना के क्लेम मॉनिटरिंग के लिए बना डैशबोर्ड : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बुधवार को आद्री, पटना स्थित कार्यालय में राज्य एंटी फ्रॉड यूनिट डैशबोर्ड का विधिवत उद्घाटन किया। यह प्रणाली बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति और आद्री संस्था के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई है जिसमें स्वास्थ्य विभाग, राज्य स्वास्थ्य समिति एवं आद्री के पदाधिकारीगण तथा अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रणाली राज्य में सुशासन को मजबूत करने और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने में एक नई मिसाल बनेगी। श्री पांडेय ने कहा कि यह डैशबोर्ड तकनीकी दृष्टिकोण से एक बड़ा कदम है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और निगरानी की मजबूत व्यवस्था स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत क्लेम प्रोसेसिंग में पारदर्शिता लाना अत्यंत आवश्यक है। ताकि अस्पतालों द्वारा गलत बिलिंग या फ्रॉड पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

श्री पांडेय ने कहा कि अब किसी भी अस्पताल द्वारा गलत क्लेम किया गया तो उसे तथ्यात्मक रूप से रोका जा सकेगा और समय पर सही क्लेम का निपटारा भी संभव हो पाएगा। यह प्रणाली समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने में भी सहायक होगी जिससे अस्पतालों को राहत मिलेगी और लाभार्थियों को समय पर सेवा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में फ्रॉड की संभावना को खत्म करने के लिए ऐसी निगरानी प्रणालियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने इस प्रयास के लिए बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति और आद्री की सराहना की और कहा कि आने वाले समय में यह प्रणाली प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# राजनीतिक रंजिश में भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना के पिपरा थाना क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद की खेत में काम करने के दौरान हुई निर्मम हत्या ने राजनीतिक हिंसा की भयावहता को उजागर कर दिया। पुलिस की गिरफ्त में आए मुख्य आरोपी रतन कुमार ने खुलासा किया है कि उसे यह हत्या अंजाम देने के लिए दो लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे स्थानीय स्तर की राजनीतिक रंजिश सामने आई है। रतन के पास से देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुए हैं जबकि हत्या में प्रयुक्त हथियार उसके साथियों के पास होना बताया गया है। आरोपी वारदात के बाद बाबा धाम फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे 12 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दीघा, पटना से दबोच लिया। पुलिस अब अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना ने बिहार में राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई और गिरती कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए त्वरित न्याय और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है जबकि प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है।

# जुलाई माह में खरीफ चारा की बुवाई पूरी करें किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि विभाग ने जुलाई और अगस्त माह में खरीफ फसलों, सब्जियों और बागवानी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इनका पालन कर किसान अपनी फसल की पैदावार बढ़ा सकते हैं। इन महीनों में धान, मक्का, बाजरा, मूंगफली और फलदार वृक्षों आदि से जुड़े कृषि कार्य वैज्ञानिक तरीके से कर किसान उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं। बिहार सरकार का कृषि विभाग राज्य में आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक से कृषि कार्यों को बढ़ावा दे रहा है। विभाग की कोशिशों के कारण ही आज राज्य में कृषि से जुड़े उत्पादन काफी बढ़ चुके हैं और किसानों की जिंदगी में खुशहाली आई है।

**जुलाई माह के अंत तक धान की रोपाई पूरे करें**

धान के बिचड़ों की जड़ों को क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी (2.5 मिली प्रति लीटर पानी) और 1 प्रतिशत यूरिया के घोल में 3 घंटे डुबोकर माह के अंत तक रोपाई पूरी करें। बुवाई के 15-20 दिन बाद निकौनी करें अर्थात खरपतवारों को हटा दें। धड़छेदक कीट के लिए कार्बोफ्यूरान 3जी या कर्टाप हाइड्रोक्लोराइड 4जी (4-5 दाने प्रति गभ्भा) अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल (1 मिली प्रति 3 लीटर पानी) का छिड़काव करें। जुलाई माह में मिर्च, टमाटर और अगात गोभी के बीजों को बीजोपचार के बाद बीज स्थली में बोएं। इस माह में खरीफ चारा की बुवाई पूरी करें। फलदार वृक्षों के लिए ग्राफ्टिंग, स्टूलिंग और एयर लेयरिंग शुरू करें। पपीता की रोपाई और फलों के नए बागों के लिए गड्ढों में पौधरोपण भी इस माह के अंत तक करें। जुलाई में रोपे गए धान में आवश्यकता के मुताबिक यूरिया का छिड़काव करें। रोपाई के एक सप्ताह बाद अल्गी कल्चर (10 किग्रा प्रति हेक्टेयर) का उपयोग करें। तनाछेदक कीट के लिए 8-10 फेरोमोन ट्रैप प्रति हेक्टेयर लगाएं। हिस्पा के लिए साइपरमेथ्रिन 10 ईसी या फेनवलरेट 20 ईसी (1 मिली प्रति लीटर पानी) और बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट के लिए स्ट्रेप्टोसाइक्लिन (60 ग्राम) व कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (2.5 किलो प्रति हेक्टेयर) का छिड़काव करें। बरसाती सब्जियों में निकाई-गुड़ाई और जल निकासी सुनिश्चित करें। मिर्च, बैंगन, और टमाटर की रोपाई करें। अप्रैल-मई में तैयार किए गए गड्ढों में पपीता, आम और लीची के पौधे अगस्त माह के अंत तक लगाएं। इसके साथ ही कृषि विभाग का सुझाव है कि किसान अगस्त में समय पर कीट-रोग प्रबंधन, उचित उर्वरक उपयोग और जल निकासी पर ध्यान दें।

# गोस्वामी तुलसीदास स्मृति में अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'गोस्वामी तुलसीदास स्मृति अंतर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर' का दशदिवसीय शिविर समापन सम्पन्न हुआ। शिविर के समापन समारोह ने एक बार पुनः यह सिद्ध कर दिया कि संस्कृत न केवल देवभाषा है, बल्कि आज की सामाजिक चेतना में भी जीवंत और प्रासंगिक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठित विद्वान एवं संस्कृत प्रचारक डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज) ने की। उन्होंने कहा तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे काव्य द्वारा भारतीय समाज को आध्यात्मिक चेतना प्रदान की। उनकी रचना संस्कृत परंपरा से अनुप्राणित है। ऐसे महापुरुष की स्मृति में संस्कृत सम्भाषण का आयोजन उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उद्घाटनकर्ता धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी (पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश) ने अपने वक्तव्य में कहा संस्कृत ही वह सेतु है जो हमारे वैदिक अतीत से आधुनिक युग तक संवाद स्थापित करता है।

## संपादकीय

# आतंक के विरुद्ध भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत

अमेरिका ने आखिर उस सच को स्वीकार कर लिया, जिसे भारत पहले ही दुनिया के सामने उजागर कर रहा था। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को अमेरिका ने वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। यह वही आतंकी संगठन है, जिसने पहलगाम में निर्दोष लोगों का खून बहाया। अमेरिका का यह कदम भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। यह इस बात का भी सूचक है कि आतंकवाद से निपटने के मोर्चे पर भारत के प्रयास सफल हो रहे हैं। इस फैसले ने न सिर्फ टीआरएफ के आतंकी चेहरे से पर्दा हटाया है, बल्कि पाकिस्तान की उन नापाक हरकतों को भी बेनकाब कर दिया, जिन्हें वह खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर छिपाता आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, लेकिन बाद में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर उसने अपना बयान वापस ले लिया। यह कोई नया आतंकी संगठन नहीं है, बल्कि लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके। यह बात छिपी नहीं है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे हैं, उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। मगर, अमेरिका की ओर से इसे वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना इस बात का सबूत है कि आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के इरादों को किसी छद्म नाम की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता। इसे भारत की कूटनीतिक ताकत ही कहा जाएगा कि उसने न सिर्फ टीआरफ को बेनकाब किया, बल्कि दुनिया को यह भी दिखाया कि आतंकवाद के खिलाफ उसका रुख कितना मजबूत है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक स्तर पर विभिन्न देशों को आतंक के खिलाफ एकजुट करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। ऐसे में अमेरिका पर भी यह साबित करने का दबाव था कि वह आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड नहीं अपनाता है। दोहरे मापदंड की बात इसलिए अहम है, चूंकि एक तरफ अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने का दावा करता है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक से बड़ी धनराशि कर्ज के रूप में दी जाती है। सवाल यह है कि जब अमेरिका यह मानता है कि पाकिस्तान आतंकियों को पाल-पोस रहा है, तो वह वैश्विक संस्थाओं से उसे वित्तीय मदद रोकने की वकालत क्यों नहीं करता है? बहरहाल, भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चल रहा है और अब समय आ गया है कि दुनिया के तमाम देश इस लड़ाई में भारत के साथ आएं तथा दोहरे मापदंड त्याग कर आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करें।

**पहलगाम में जब आतंकी हमले में निर्दोषों का रक्त बहा, आहें एवं चीखें गूंजी, जिसने न केवल देश एवं दुनिया को झकझोर दिया था, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि आतंकवाद की जड़ें अब भी जीवित हैं और उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और सीमा-पार समर्थन प्राप्त है। लेकिन इस बार एक बड़ा परिवर्तनकारी एवं प्रासंगिक कदम अमेरिका की ओर से सामने आया है, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया, इस तरह टीआरएफ की पहचान और आतंक के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का नया अध्याय लिखा गया है।**

# बड़ी जीत है द रेजिस्टेंट फ्रंट का आतंकी संगठन घोषित होना

(ललित गर्ग)

ऑपरेशन सिंदूर में पाक को करारी मात देने के बाद भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में वातावरण बनाने के लिये तत्पर हुआ। आतंक के खिलाफ इस लड़ाई को मजबूती देने के लिये ही भारत ने अमरीका समेत 32 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे।

पहलगाम में जब आतंकी हमले में निर्दोषों का रक्त बहा, आहें एवं चीखें गूंजी, जिसने न केवल देश एवं दुनिया को झकझोर दिया था, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि आतंकवाद की जड़ें अब भी जीवित हैं और उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और सीमा-पार समर्थन प्राप्त है। लेकिन इस बार एक बड़ा परिवर्तनकारी एवं प्रासंगिक कदम अमेरिका की ओर से सामने आया है, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया, इस तरह टीआरएफ की पहचान और आतंक के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का नया अध्याय लिखा गया है। यह कदम केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि आतंक के विरुद्ध वैश्विक मंच पर एक रणनीतिक संदेश है कि अब छद्म युद्ध और पनपते आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही का युग आ गया है। अमेरिका का यह कदम भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर के अन्तर्राष्टीय प्रयास इस बात के द्योतक है कि आतंकवाद से निपटने के मोर्चे पर भारत सफल हो रहा है। अमेरिका के इस फैसले ने न सिर्फ टीआरएफ के आतंकी चेहरे से बेपर्दा किया है, बल्कि पाकिस्तान की उन नापाक हरकतों को भी बेनकाब कर दिया, जिन्हें वह खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर छिपाता आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है।

टीआरएफ दिखने में एक स्थानीय कश्मीरी संगठन होने का भ्रम देता है, लेकिन असल में यह लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान-समर्थित आतंकी संगठनों को नया नाम एवं नये रूप में प्रस्तुत करना पाक की एक साजिश एवं सोची-समझी रणनीति है, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके। एक और विडम्बनापूर्ण स्थिति यह है कि पाक ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो। यह जगजाहिर है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे और पाक को आतंक पोषित स्वीकार्य किया जाने लगा। उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। इसका गठन 2019 के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद हुआ और इसका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को 'स्वदेशी विद्रोह' की आड़ में अंजाम देना है। पहलगाम हमला भारत के उस प्रयास को चुनौती देता है जो वह 'पर्यटन और विकास के माध्यम से कश्मीर को मुख्यधारा में लाने' के लिए कर रहा है। जब भी कश्मीर में शांति की बहार आती है, ऐसे आतंकी संगठन हिंसा का तूफ़ान लेकर आते हैं। टीआरएफ ने सोशल मीडिया, इंटरनेट और कूटनीतिक शब्दजाल का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को 'कश्मीरी प्रतिरोध आंदोलन' के रूप में पेश करने की कोशिश की, जबकि उसके तार रावलपिंडी और आईएसआई के आतंकवाद समर्थन तंत्र से सीधे जुड़े हैं। मगर, अमेरिका की ओर से इसे वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना इस बात का सबूत है कि आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के इरादों को किसी छद्म नाम की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता।



अमेरिका द्वारा टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना भारत की एक बड़ी राजनयिक एवं कूटनीतिक सफलता है। यह दिखाता है कि भारत की तीक्ष्ण एवं ताकतवर विदेश नीति अब केवल घटनाओं की निंदा तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दबाव निर्माण की रणनीति पर आधारित है। जो संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रस्तावों को भी बल देती है। भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध वर्षों से चेतावनी देते हुए दुनिया को आतंकमुक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक स्तर पर विभिन्न देशों को आतंक के खिलाफ एकजुट करने के प्रयास तेज किये हैं। ऐसे में अमेरिका पर भी यह साबित करने का दबाव बना है कि वह आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड न अपनाये। क्योंकि अमेरिका का दोगलापन चर्चा में रहा है, एक तरफ अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने का दावा करता है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा और विश्व बैंक से बड़ी धनराशि कर्ज के रूप में दी जाती है। एक तरफ राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने की बात करते हैं, दूसरी तरफ आतंकवाद की नर्सरी चलाने वाले पाकिस्तान को लेकर अपने नरम रुख का इजहार भी करते रहते हैं। आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का ढुलमुल रवैया भी हैरान करने वाला है। सवाल यह है कि जब अमेरिका यह मानता है कि पाकिस्तान आतंकियों को पाल-पोस रहा है, तो वह वैश्विक संस्थाओं से उसे वित्तीय मदद रोकने की वकालत क्यों नहीं करता है?

ऑपरेशन सिंदूर में पाक को करारी मात देने के बाद भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में वातावरण बनाने के लिये तत्पर हुआ। आतंक के खिलाफ इस लड़ाई को मजबूती देने के लिये ही भारत ने अमरीका समेत 32 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे। इन देशों को पुख्ता सबूतों के साथ बताया गया कि टीआरएफ पाकिस्तान प्रायोजित लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। संभवतः भारत के यही प्रयास इस संगठन के खिलाफ अमरीका के सख्त फैसले का आधार बनी। अमरीका ने इससे पहले 2001 में भारतीय संसद पर हमले के बाद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को आतंकी संगठन घोषित किया था। पाकिस्तान इन दोनों संगठनों की तरह टीआरएफ को भी भारत के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करता रहा है। निश्चित ही अमेरिका की यह ताजा कार्रवाई स्वागतयोग्य है, लेकिन भारत को अब केवल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कमर कसते हुए प्रक्रिया दिखानी चाहिए। उसे सीमा पार सर्जिकल/ड्रोन स्ट्राइक की नीति को और मजबूत करना चाहिए। आतंकी समर्थकों की फंडिंग रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंधों की मांग करनी चाहिए। घरेलू स्तर पर खुफिया तंत्र और साइबर निगरानी को और सक्रिय एवं आधुनिक बनाना चाहिए। वैश्विक मंचों पर एफएटीएफ, यूएन, और जी 20 जैसे संगठनों में पाकिस्तान की आतंक-समर्थक भूमिका को बार-बार उजागर करना चाहिए।

आज आवश्यकता है कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक और शांति-प्रिय राष्ट्र एक मंच पर एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टोलरेंस पॉलिसी अपनाएं। किसी भी राष्ट्र को- चाहे वह प्रत्यक्ष हो या परोक्ष, आतंकियों की शरणस्थली बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना पहला कदम है, अब इसकी जड़ों को नष्ट करना ही अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के नापाक गठजोड़ पर जब तक सभी देश एकमत नहीं होंगे, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचेगी। सवाल यह भी है कि जब पाकिस्तान आतंकी संगठनों का खुलेआम समर्थन करता रहता है तो उसे फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालने से परहेज क्यों किया जा रहा है? विशेषज्ञों का कहना है कि अमरीका के ताजा कदम के बाद एफएटीएफ और दूसरी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां टीआरएफ की फंडिंग की जांच करेंगी।

पहलगाम का हमला एक बार फिर हमें चेतावनी देता है कि आतंकवाद केवल सुरक्षा का संकट नहीं, बल्कि सभ्यता, शांति और मानवता का अपमान है। हमें अब शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प और कार्यवाही की ओर बढ़ना होगा। भारत को अब केवल प्रतिकार नहीं, बल्कि निर्णायक प्रहार की नीति अपनानी चाहिए ताकि अगली पीढ़ी एक ऐसे भारत में सांस ले सके जहां 'कश्मीर' केवल खूबसूरती का पर्याय हो, आतंक का नहीं। भारत को वैश्विक मंचों पर टीआरएफ को बेनकाब करने की मुहिम जारी रखनी चाहिए, ताकि इस संगठन को फिर फन उठाने का मौका न मिले। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# आवाज से 8 गुना तेज, सबसे घातक क्रूज हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण भारत ने किया परीक्षण

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों को आधुनिक युद्ध का 'गेम चेंजर' कहा जाता है। अमेरिका, रूस और चीन इस तकनीक में अग्रणी हैं। रूस ने 2022 में यूक्रेन युद्ध में 'किंझाल' मिसाइल का उपयोग कर इस क्षमता का प्रदर्शन किया था।

भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर अमेरिका, रूस और चीन जैसी वैश्विक शक्तियों वाले हाइपरसोनिक क्लब में प्रवेश हासिल कर लिया है। हम आपको बता दें कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के माध्यम से मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में भारत ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। डीआरडीओ ने 'एक्सटेंडेड ट्राजेक्टरी लॉन्ग ड्यूरेशन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल (ईटी-एलडीएचसीएम)' नामक देश की सबसे उन्नत मिसाइल प्रणाली विकसित की है। यह न केवल भारत की वर्तमान मिसाइल प्रणाली जैसे ब्रह्मोस, अग्नि-5 और आकाश को पीछे छोड़ती है, बल्कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा ही बदल सकती है।

हम आपको बता दें कि ईटी-एलडीएचसीएम को डीआरडीओ के गोपनीय प्रोजेक्ट 'विष्णु' के तहत विकसित किया गया है। यह मिसाइल मेक 8 (आवाज की गति से आठ गुना अधिक) की रफ्तार से उड़ सकती है और 1,500 किलोमीटर तक सटीक वार करने में सक्षम है। यह ब्रह्मोस के मुकाबले तीन गुना अधिक दूरी और तीन गुना अधिक रफ्तार वाली प्रणाली है। इसकी मुख्य विशेषताओं की बात करें तो आपको बता दें कि पारंपरिक इंजनों के विपरीत यह इंजन वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उपयोग करता है, जिससे यह लंबी दूरी तक लगातार हाइपरसोनिक गति बनाए रख सकता है। यह 1,000 से 2,000 किलोग्राम तक के पारंपरिक या परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। साथ ही यह रडार से बचने और दुश्मन की रक्षा प्रणाली को भेदने में सहायक है। इसे भूमि, समुद्र और वायु तीनों स्थानों से दागा जा सकता है। इसके टारगेट्स की बात करें तो आपको बता दें कि दुश्मन के कमांड सेंटर, रडार सिस्टम, नौसेना के बेड़े और भूमिगत बंकर को यह आसानी से निशाना बना सकता है। हम आपको बता दें कि ईयूरोशियन काम की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ईटी-एलडीएचसीएम नामक जो मिसाइल बना रहा है उसकी सबसे खास बात उसका इंजन है जिसे स्क्रैमजेट कहते हैं। यह मिसाइल करीब 8 मैक यानी लगभग 11,000 किलोमीटर की रफ्तार से दुश्मन पर कहर बनकर टूटती है। क्या होता है हाइपरसोनिक हथियार यदि इसकी बात करें तो आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियार वे होते हैं जो मेक 5 (आवाज की गति से पांच गुना अधिक) से तेज गति से उड़ सकते हैं। ये पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइलों से अलग होते हैं क्योंकि ये अपनी उड़ान के दौरान दिशा बदल सकते हैं, जिससे इन्हें पकड़ना और रोकना अत्यंत कठिन होता है। इसके मुख्य रूप से दो प्रकार होते हैं- हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एचसीएम) ईटी-एलडीएचसीएम इसी श्रेणी में आता है। हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों को आधुनिक युद्ध का 'गेम चेंजर' कहा जाता है। अमेरिका, रूस और चीन इस तकनीक में अग्रणी हैं। रूस ने 2022 में यूक्रेन युद्ध में 'किंझाल' मिसाइल का उपयोग कर इस क्षमता का प्रदर्शन किया था। अमेरिका लॉकहीड मार्टिन के जरिए इस दिशा में कार्य कर रहा है। फ्रांस, जर्मनी, जापान, इजराइल और ऑस्ट्रेलिया भी इस दौड़ में शामिल हैं। यह बात भी काबिलेगौर है कि भारत का यह परीक्षण ऐसे समय हुआ है जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव अपने चरम पर है।

हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों के विकास में सबसे बड़ी चुनौती अत्यधिक गति के कारण उत्पन्न 2000 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी को सहने की होती है। इसके लिए डीआरडीओ ने हीट रेसिस्टेंट मटेरियल और कार्बन कॉम्पोजिट्स का प्रयोग किया है। दूसरी चुनौती रियल टाइम नेविगेशन और संचार की है, जिसे भारत ने स्वदेशी तकनीक से हल किया है।

प्रोजेक्ट विष्णु की जहां तक बात है तो आपको बता दें कि इसके तहत डीआरडीओ 12 अलग-अलग हाइपरसोनिक सिस्टम विकसित कर रहा है, जिनमें आक्रमणकारी मिसाइल और इंटरसेप्टर दोनों शामिल हैं। नवंबर 2024 में इस प्रोजेक्ट के तहत स्क्रैमजेट इंजन का पहला सफल परीक्षण हुआ था। ईटी-एलडीएचसीएम इस प्रोजेक्ट की पहली बड़ी सफलता है। महत्वपूर्ण बात यह कि इस मिसाइल का पूरा निर्माण भारत में हुआ है और वह भी एमएसएमई और निजी रक्षा कंपनियों के सहयोग से। इससे न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि ईटी-एलडीएचसीएम दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन बदलने में सक्षम है। यह चीन के इंडो-पैसिफिक प्रभुत्व और पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की क्षमता को और मजबूत करेगा। यह मिसाइल रूस के यूएस-500 या इजराइल के आयरन डोन जैसी अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों को भी चुनौती दे सकती है। देखा जाये तो इस सफल परीक्षण ने भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे हाइपरसोनिक मिसाइल क्षमता वाले देशों की कतार में खड़ा कर दिया है। यह केवल एक मिसाइल नहीं बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। भविष्य में इस तकनीक के आधार पर भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी बड़ी शक्ति बन सकता है।

हम आपको यह भी बता दें कि भारत के मिसाइल कार्यक्रम की शुरुआत का जब भी जिक्र होता है, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का नाम सबसे पहले स्मृति में आ जाता है। 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' के रूप में प्रसिद्ध डॉ. कलाम ने भारत को मिसाइल तकनीक में आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था, जिसमें बैलिस्टिक, क्रूज और भविष्य में हाइपरसोनिक तकनीक भी शामिल थी। आज जब भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली में बड़ी उपलब्धि हासिल की है, तो यह केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि अब्दुल कलाम के उसी सपने का विस्तार है।

# कावड़ यात्रा- धर्म, संस्कृति, परंपरा व सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम


**पवित्र श्रावण मास चल रहा है, इस मास में देश के विभिन्न हिस्सों में शिवभक्त देवाधिदेव भगवान महादेव के ऊपर पवित्र नदियों का जल चढ़ाने के लिए सदियों से कांवड़ लेकर आते हैं। हालांकि कुछ लोगों के मन में यह प्रश्न उठता रहता है कि आखिर यह कांवड़ यात्रा क्या है, उन्होंने बेहद सरल शब्दों में यह समझना चाहिए कि कांवड़ यात्रा सनातन धर्मियों की केवल आस्था का ही नहीं बल्कि हमारे प्यारे देश भारत की समृद्धशाली धर्म-सांस्कृतिक, प्राचीन परंपरा और विरासत का एक अद्भुत प्रतीक है। वैसे भी सनातन धर्म-संस्कृति में पवित्र श्रावण मास की शिवरात्रि को देवाधिदेव भगवान महादेव की आराधना के लिए सबसे श्रेष्ठ दिन माना जाता है।**

(दीपक कुमार त्यागी)

कांवड़ यात्रा एक कठिन तपस्या भी है, जिसमें भक्त पवित्र नदियों से जल लेकर के भगवान शिव को चढ़ाते हैं। पवित्र नदियों का जल लेकर के भगवान शिव पर जल चढ़ाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। यहां तक की हमारे पुराणों और ग्रंथों में भी कांवड़ यात्रा से संबंधित तथ्य मिलते हैं।

पवित्र श्रावण मास चल रहा है, इस मास में देश के विभिन्न हिस्सों में शिवभक्त देवाधिदेव भगवान महादेव के ऊपर पवित्र नदियों का जल चढ़ाने के लिए सदियों से कांवड़ लेकर आते हैं। हालांकि कुछ लोगों के मन में यह प्रश्न उठता रहता है कि आखिर यह कांवड़ यात्रा क्या है, उन्होंने बेहद सरल शब्दों में यह समझना चाहिए कि कांवड़ यात्रा सनातन धर्मियों की केवल आस्था का ही नहीं बल्कि हमारे प्यारे देश भारत की समृद्धशाली धर्म-सांस्कृतिक, प्राचीन परंपरा और विरासत का एक अद्भुत प्रतीक है। वैसे भी सनातन धर्म-संस्कृति में पवित्र श्रावण मास की शिवरात्रि को देवाधिदेव भगवान महादेव की आराधना के लिए सबसे श्रेष्ठ दिन माना जाता है। इसलिए शिव भक्तों के द्वारा श्रावण मास की शिवरात्रि को भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके कांवड़ से लाये पवित्र जल के माध्यम से जलाभिषेक करके इसको एक भव्य महापर्व के रूप में मनाया जाता है। हालांकि पूरे श्रावण मास में ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त दूर-दूर से पवित्र नदियों खासतौर पर गंगा के जल को सनातन धर्म की बेहद प्राचीन धर्म-संस्कृति व परंपराओं के अनुसार लाकर भगवान शिव के शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं।

देश-दुनिया में पवित्र नदियों के जल को शिव भक्तों के कंधे पर बांस की बनी कांवड़ के दोनों सिरों पर लटके हुए कलश में लेकर के आने की इस अद्भुत यात्रा को ही कांवड़ यात्रा कहते हैं। सदियों के बाद आज के दौर में शिव भक्त हर वर्ष तरह-तरह की कांवड़ लेकर आते हैं, जो लोगों को आकर्षित करने का कार्य करती हैं। कांवड़ यात्रा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र ही नहीं है, बल्कि यह यात्रा प्राचीन धर्म-संस्कृति, परंपराओं व सामाजिक समरसता का एक विशाल अद्भुत संगम है। भगवान शिव के आशिर्वाद से हर वर्ष ही कांवड़ यात्रा से जहां एक तरफ तो लाखों लोगों को रोजगार मिलने से उनका परिवार पलता है, वहीं दूसरी तरफ यह भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके उन्हें खुश करने का एक बड़ा अवसर भक्तों को मिलता है। कांवड़ यात्रा लोगों को एक जुट रहकर के जल की एक-एक बूंद की अहमियत को बताते हुए प्रकृति की पूजा के बारे में बताती है, वहीं सनातन धर्मियों को बड़े पैमाने पर इकट्ठा करके जातियों के जहरीले बंधनों को तोड़कर के सनातनियों को एक सूत्र में पिरोने का एक बहुत बड़ा संदेश भी देती है।



कांवड़ यात्रा एक कठिन तपस्या भी है, जिसमें भक्त पवित्र नदियों से जल लेकर के भगवान शिव को चढ़ाते हैं। पवित्र नदियों का जल लेकर के भगवान शिव पर जल चढ़ाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। यहां तक की हमारे पुराणों और ग्रंथों में भी कांवड़ यात्रा से संबंधित तथ्य मिलते हैं। शिव भक्त कांवड़िए कांवड़ अलग-अलग तरह की कांवड़ लेकर आते हैं। बहुत सारे भक्त सामान्य कांवड़ लेकर पैदल चलते हैं जिसमें आवश्यकताओं अनुसार भक्त विश्राम करते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लाते हैं।

वहीं डाक कांवड़ में शिवभक्त गंगा जल लेकर लगातार दौड़ लगाने की कठिन तपस्या करते हुए, शिव-शंभु का जलाभिषेक करते हैं, यह कांवड़ आजकल बहुत ज्यादा प्रचलन में है। वहीं खड़ी कांवड़ में कांवड़ को जमीन पर नहीं रखा जाता है, विश्राम करते समय भी दूसरा साथी कांवड़ कंधों पर रखता है। वहीं कुछ शिव भक्त बैठी कांवड़ लेकर आते जिसमें वह कांवड़ पास रखकर के बैठकर आराम कर सकते हैं।

वहीं कुछ भक्त दंडी कांवड़ लेकर आते हैं जो सबसे कठिन होती है, इसमें कांवड़िया दंडवत प्रणाम करते हुए निशान लगाते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं, यह सबसे कठिन प्रकार की कांवड़ यात्रा होती है। सदियों पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत कैसे हुई, इसके संदर्भ में कई पौराणिक मान्यताएं हैं, माना जाता है कि समुद्र मंथन में निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने जब पीकर अपने कंठ में इकट्ठा कर लिया था, तो देवताओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था।

वहीं कुछ पौराणिक कथाओं के मतानुसार रावण को ही पहला कांवड़िया माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान शिव समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को पीकर जब ताप से बेहद व्याकुल हो गए थे, तब उन्होंने अपने अनन्य भक्त लंका नरेश रावण को पुकारा था, शिव भक्त रावण ने तत्काल उपस्थित होकर भगवान शिव के हालात देखकर के उनका जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। जिससे भगवान शिव को शांति मिली थी।

यह भी कहा जाता है कि भगवान परशुराम ने गढ़मुक्तेश्वर से गंगा से जल लाकर के जब पुरा महादेव मंदिर बागपत में भगवान शिव का जलाभिषेक किया था, तब से ही कांवड़ यात्रा की शुरूआत हुई है।

वहीं रामायण में उल्लेख मिलता है कि त्रेतायुग में श्रवण कुमार ने अपने नेत्रहीन माता-पिता को बांस की डंडे के दोनों ओर बंधी टोकरियों में बैठाकर गंगा स्नान व तीर्थाटन करवाने की यात्रा शुरू की थी, तब से ही कांवड़ यात्रा की शुरूआत हुई।

हांलाकि आज भी कांवड़ यात्रा में चंद विधर्मी हुड़दंगियों को छोड़ दिया जाए तो यह एक बहुत ही कठिन जप-तप वाली तपस्या है, जोकि शिव भक्त कांवड़ियों के अपने आराध्य भगवान शिव पर अटूट विश्वास के दम पर ही पूर्ण होती है। शिव भक्तों की कांवड़ भगवान शिव के प्रति आस्था अटूट समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ को कंधे पर रखकर के पैदल चलते हुए शिव भक्त तरह-तरह के शारीरिक कष्ट सहते हैं, फिर भी शिव भक्तों की भगवान शिव के प्रति आस्था जरा सी भी कम नहीं होती है। (लेखक अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### बीमारी से ग्रसित लोगों की मदद के लिए तत्पर : कृष्ण मुरारी शर्मा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माननीय मंत्री झारखंड सरकार श्री सुदिव्या कुमार सोनू जी के नामित प्रतिनिधि के रूप में बैठक में झामुमो नेता कृष्ण मुरारी शर्मा ने लिया भाग। बैठक में जो आवेदन आये उसमें कैंसर और किडनी से संबंधित बीमारी की अधिकता थी । एक रिपोर्ट के अनुसार हाल के दिनों में कैंसर और किडनी की बीमारी तेजी से बढ़ी है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी झारखंड सरकार गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की मदद के लिए तत्पर हैं । विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 336 आवेदन आये जिसमें 224 आवेदन कमेटी द्वारा स्वीकृत किये गए आज कुल 35 आवेदन आये बैठक में इसकी स्वीकृति की अग्रतर कार्यवाही की गई बैठक में गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज संलग्न करने में कई तरह की कमियाँ देखी गई और वैसे लोगों को सही और आवश्यक दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया गया ।

### भाकपा माले और असंगठित मजदूर मोर्चा की पहल से हटा गए कामगार को काम मिला

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले और असंगठित मजदूर मोर्चा की संयुक्त पहल से महिनों पहले हटाये गए कामगार भोथारी दास को पुनः काम पर रख लिया है. इस काम के लिए फैक्ट्री से वातार्लाप करनेवाली गठित टीम ने महाप्रबंधक को धन्यवाद कहा. वरदे पलांट में भौथारी दास ,जो गादी श्रीरामपुर का रहने वाला है, विगत चार वर्षों से वेल्डिंग और गैस कटिंग का काम करता था. विभाग के इंचार्ज से कुछ आपसी तुतु मेमे होने के कारण भौथारी दास को काम से निकाल दिया गया था. इस मामले को लेकर दास ने भाकपा माले और असंगठित मजदूर मोर्चा के संयुक्त संगठन को आवेदन दिया और मामले से अवगत कराया. मामले को संगठन ने संज्ञान में लिया और प्रबंधन से वातार्लाप करने के लिए एक टीम गठित की. गठित टीम ने 23 जुलाई को वरदे के महाप्रबंधक से बात की और भौथारी दास को काम पर रख लिया गया. टीम ने इस काम के लिए महाप्रबंधक को धन्यवाद किया. टीम में भाकपा माले प्रखण्ड सचिव मसुधन कोल्ह, सनातन साहु, किशोर राय, भीम कोल्ह,पवन यादव ,मजबूल मलिक और गुलाब कोल्ह थे.



### उपायुक्त ने गृह रक्षकों के नव नामांकन प्रक्रिया को लेकर बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में गृह रक्षकों के नव नामांकन प्रक्रिया को लेकर बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने नामांकन के लिए दावा-आपत्ति की प्रक्रिया को उचित समय पर शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि योग्य उम्मीदवारों को शामिल किया जा सके। इसके अलावा, उन्होंने नामांकन प्रक्रिया के अन्य चरणों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, कमांडेंट होमगार्ड समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### नए नगर थाना प्रभारी ने शांति समिति के साथ की बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शांति व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकत गिरिडीह नगर थाना में नवनियुक्त थाना प्रभारी ज्ञान रंजन कुमार ने मंगलवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। वंही पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाना परिसर में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक की। इस बैठक में थाना प्रभारी ने सभी



से परिचय लेते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और समाज के बीच समन्वय बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए वे स्वयं क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे और आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करेंगे। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल थाना को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने भी थाना क्षेत्र में शराब बिक्री, जुए, चोरी और ट्रैफिक समस्या को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। इस दौरान थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर संभव प्रयास करेगी ताकि क्षेत्र में एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर शांति समिति की बैठक में राजेंद्र यादव, मदन विश्वकर्मा, विवेश जलान, रंजीत बरनवाल, अशोक यादव, दीपक शर्मा, गोपाल भदानी, शिवपूजन कुमार, बिनोद केशरी, बुलंद अख्तर, रूमी सैफ अली, गुड्डू, नुरुल हुदा समेत शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य समेत विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगति। उपायुक्त रामनिवास यादव समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य समेत विभिन्न विभागों का समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने उपरोक्त विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना जैसे पीएम किसान सम्मान निधि योजना, डेयरी, पशुधन, मत्स्य में डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की स्तिथि, केज कल्चर, हॉर्टिकल्चर, उद्यान विकास, संरक्षित फूलों की खेती, अर्बन फार्मिंग, किसान समृद्धि योजना की स्तिथि व प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम सभी विभागों के एक्सपेंडिचर स्टेटस की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों को किसान एवं पशुपालकों से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निदेश दिया कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में गति लाने का निदेश दिया। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि के सेल्फ रजिस्ट्रेशन के पेंडिंग आवेदनों को जल्द निपटारा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही कृषि ऋण माफी योजना से किसानों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। इसके अलावा फसलों के अच्छादन की जानकारी ली। उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को डेयरी योजना में प्रगति लाने और पशुधन योजना में टारगेट कंप्लीट करने का निर्देश दिया। मत्स्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने मत्स्य पालन की दिशा में बेहतर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने आदिम जनजाति परिवारों को मत्स्य पालन के लिए जागरूक करते हुए मत्स्य पालन की दिशा में प्रोत्साहित करने का निदेश दिया। साथ ही बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली पालन की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया, ताकि गिरिडीह में मछली उत्पादन एवं मछली के बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और जिले को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसके अलावा उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने गिरिडीह जिले में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नर्सरी को विकसित करने का निदेश दिया। वहीं गव्य विकास की ओर से संचालित योजनाओं में प्रगति लाने एवं वर्मी कम्पोष्ट की स्थिति में सुधार लाने का निदेश दिया। बैठक में उपायुक्त ने उद्यान पदाधिकारी से संरक्षित फूलो की खेती, अर्बन फार्मिंग से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध करवाने और अपने स्तर से एजेंसी के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि किसानों के लिए चलाई जा रही योजना में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो मुझे सूचित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सहकारिता विभाग द्वारा संचालित बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने हेतु उचित निर्देश दिए बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।




## राजद परिवार ने दुःख की घड़ी में साथ खड़ा रहने का विश्वास दिलाया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देवरी थाना क्षेत्र के चतरो पंचायत के मनकडीहा गांव में मोहम्मद बेलाल का पुत्र सोहेल अंसारी की हत्या का खबर सुनते ही राजद के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष इरफान आलम प्रदेश महासचिव गिरेंद्र यादव देवरी राजद प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा, समाज सेवी सुखदेव हाजरा ने इस दुःखद समाचार का जायजा लेने मनकडीहा गांव पहुंचे। इस दुःखद घटना पर पूरा गांव में मातम पसरा हुआ था वहीं उनके परिजन का रो रो कर बुरा हाल था जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने ग्रामीणों से रूबरू होकर घटना की जानकारी ली वहां मौजूद लोगों ने बताया कि ग्राम चतरो में तुरिया टोला में एक घर के खिड़की में गले में गमछा लपेटा हुआ सोहेल का शव मिला प्रशासन की पूरी टीम भी इस घटना की तहकीकात के लिए घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने भी अविलंब जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिया जिला अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को ढ़ाढस बंधाते हुए राजद का पूरा परिवार इस दुःख की घड़ी में हर वक्त परिजन के साथ खड़ा रहने का विश्वास दिलाया उन्होंने इस घटना की न्यायिक जांच कर दोषियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग प्रशासन से की है उन्होंने भरोसा दिलाया कि हत्यारे को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को इंसाफ दिला कर ही दम लूंगा अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती तो राष्ट्रीय जनता दल सभी कार्यकर्ता रोड पर उतर कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन करने को बाध्य होंगे राजद का पूरा परिवार इस घटना की कड़ी निंदा करती है और उनके हत्या पर दुःख प्रकट करते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।



# छेड़छाड़ मामले में एपवा नेत्री और माले नेता राजेश सिन्हा एसडीपीओ जितवाहन उरांव से मिले, की कार्रवाई की मांग

**माले नेत्री ने छेड़ छाड़ मामले को थाना को गंभीरता से लेना चाहिए इसी विषय को लेकर एसडीपीओ जितवाहन उरांव से मिले**

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि जमीन माफिया की ताकत थाना से आती है,कुछ थाना जमीन मामले को देखना बंद करे और अंचल अधिकारी को दें,बिना मारपीट का भी थाना जमीन मामले में ज्यादा इंट्रेस्ट दिखाते है गिरिडीहः खेत में काम कर रही दो महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार की कोशिश — पीड़िताओं को न्याय दिलाने ऐपवा व माले नेताओं ने की हस्तक्षेप की मांग गिरिडीह जिला के पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिचक गांव की विधवा महिला रंजू देवी और उनकी छोटी देवरानी कविता देवी के साथ हुई दरिंदगी की कोशिश के खिलाफ आज ऐपवा नेत्री श्रीमती प्रीति भास्कर और माले गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एस.डी.पी.ओ. (सदर) गिरिडीह श्री जीतवाहन ऊरांव से मिला और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में रंजू देवी, कविता देवी के साथ-साथ पीड़िता की रिश्तेदार सरिता देवी, फूलवा देवी, चंद्रिका देवी तथा कई अन्य महिलाएं भी शामिल थीं। पीड़िताओं ने एस.डी.पी.ओ. को एक विस्तृत लिखित आवेदन सौंपा जिसमें उन्होंने 22 जुलाई 2025 को मोतीलेदा पंचायत स्थित अपने खेत में काम के दौरान सुरेश वर्मा (पिता बद्री महतो), प्रिंस वर्मा (पुत्र सुरेश वर्मा) और तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बलात्कार की कोशिश, मारपीट, छेड़छाड़ और वीडियो बनाकर धमकी देने जैसी घिनौनी हरकतों की जानकारी दी। रंजू देवी ने बताया कि वे विधवा हैं और खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। यह भी बताया गया कि इससे पहले भी उन्होंने 26 अप्रैल 2025 को रंगदारी मांगने और निजता के हनन के संबंध में थाना बेंगाबाद, एस.डी.पी.ओ. तथा पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को लिखित आवेदन दिया था, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्हें न्याय के लिए गिरिडीह कोर्ट में परिवाद पत्र संख्या 853/2025 दायर करना पड़ा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के कारण आरोपी बेलगाम हैं और लगातार महिलाओं की गरिमा व सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐपवा नेत्री प्रीति भास्कर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ऐपवा और भाकपा माले पूरे जिले में आंदोलन छेड़ने को बाध्य होगी।



# ओमप्रकाश गोयल ने सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के भव्य प्रांगण के प्रातः कालीन सभा में डी ए वी राष्ट्रीय खेल 2025- 2026 के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन ने प्रातःकालीन सभा में पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डीएवी राष्ट्रीय खेल के के तहत आयोजित भिन्न-भिन्न वर्गों के भिन्न-भिन्न खेलों को डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह और जीडी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला देवघर में आयोजित किया गया था। इन खेलों में डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।क्रिकेट के बालक वर्ग के अंडर- 14 में उपविजेता, अंडर - 17 में विजेता, और अंडर-19 में उपविजेता बनी। बास्केटबॉल में अंडर- 17 बालक वर्ग में विद्यालय उपविजेता रहा और अंडर-19 बालिका वर्ग में विजेता बनी। ताइक्वांडो में अंडर 14 के बालक वर्ग के व्यक्तिगत पदक में आयुष कुमार, अंशराज ,श्लोक कुमार और आयुष कुमार दास ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर 14 बालिका वर्ग में रिमिषा आर्य और पल्लवी ने कांस्य पदक जीता। अंडर 17 बालक वर्ग में राहुल कुमार राय ने स्वर्ण पदक ,कमलेश्वर कुमार दास और आशीष शर्मा ने रजत पदक और प्रेम कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं अंदर-19 बालक वर्ग में प्रिंस राज ने स्वर्ण पदक और आलोक ने कांस्य पदक जीता। वूशु में अंदर 14 बालक वर्ग मेंआयुष शर्मा ने स्वर्ण पदक एवं आर्यन सिंह,शुभांकित, रूद्रनंदन, आहिल राजा ने रजत पदक जीता। वही अंडर- 17 के बालक वर्ग में शिवम यादव ने स्वर्ण पदक एवं मोहम्मद हुसैन राजा और रितिक राज ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। बैडमिंटन के अंडर - 17 बालक वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह की टीम विजेता बनी ।जिसमें अंकित कुमार, ऋषभ यादव, अंशुमन मेहता, हरप्रीत सिंह एवं शिवम विनायक ने अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अंकित कुमार को मिला। विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल ने सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया और कहा की विद्यालय की भागीदारी सभी खेलों में होनी चाहिए ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके जिन टीमों और बच्चों ने जोनल लेवल के लिए क्वालीफाई किया है उन्हें आने वाले मैचों के लिए प्राचार्य ने बधाई दी।मंच का संचालन सुपरवाइजरी हेड शबाना रब्बानी ने की।




**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार का उद्देश्य**

## उपायुक्त रामनिवास यादव ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत क्षेत्रों में घूम-घूम कर कृषक मित्रों एवं किसानों को फसल बीमा कराने हेतु जागरूक करने का कार्य करेगीः- जिला उपायुक्त रामनिवास यादव प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य आज जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत क्षेत्रों में घूम-घूम कर कृषक मित्रों एवं किसानों को फसल बीमा कराने हेतु जागरूक करने का कार्य करेगी। मौके पर प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसका लाभ उठाने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन जमा करने होंगे। जिले के किसान एक रुपए टोकन मनी जमा करके बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं। इच्छुक किसान अपना पंजीकरण नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर कर सकते हैं। फसल बीमा के लिए आवेदन करने हेतु, किसानों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक की एक फोटोकॉपी, भूमि स्वामित्व संबंधी प्रपत्र, नोटरीकृत बटाईदारी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), स्व-प्रमाणित फसल बुवाई प्रमाणपत्र और एक मोबाइल नंबर सहित दस्तावेज जमा करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए, किसान जिला सहकारी कार्यालय, निकटतम ब्लॉक कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क कर सकते हैं योजना के मुख्य बिंदु किसानों का प्रीमियम का हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जाएगा कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज आंकड़े, निर्धारित थ्रेसहोल्ड उपज से कम आने पर दावा भुगतान योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जाएगा गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा कॉपरेटिव सोसाइटी प्रज्ञा केंद्र सीएससी पोस्ट ऑफिस फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज मौके पर पुलिस अधीक्षक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




# अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में की राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु बैठक, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजस्व संबंधी बैठक में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता पर विशेष बल राजस्व संबंधी बैठक में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता लाने हेतु आज अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, अनिमेष रंजन ने खोरीमहुआ अनुमंडल अंतर्गत आने वाले सभी अंचलों के अंचलाधिकारियों, राजस्व निरीक्षक एवं उप निरीक्षक और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुमंडल क्षेत्र में राजस्व प्रशासन की वर्तमान स्थिति की समग्र समीक्षा करना एवं उसमें सुधार हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करना था। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, श्री अनिमेष रंजन ने ऑनलाइन म्यूटेशन, सीमांकन, भू-सर्वेक्षण, वंशावली सत्यापन, अवैध अतिक्रमण तथा भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन जैसे विषयों की समीक्षा की तथा स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता को राजस्व सेवाएँ पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ सुलभ कराना प्रत्येक राजस्व कर्मी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही, टालमटोल अथवा अनावश्यक विलंब को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं दोषी कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी विशेष निर्देश इस प्रकार दिये गये बिचौलियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि बिचौलियावाद पर अंकुश लगाया जा सके दाखिल-खारिज से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। = सीमांकन से संबंधित विवादों में स्थल निरीक्षण कर समयबद्ध निष्पादन करें सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की अद्यतन सूची तैयार कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की जाए आम जनता को राजस्व सेवाएँ पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ सुलभ करायें अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे निष्पक्षता, उत्तरदायित्व एवं तत्परता के साथ कार्य करते हुए राजस्व सेवाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने हेतु प्रतिबद्ध रहें। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने-अपने अंचल की राजस्व संबंधित स्थितियों से अवगत कराया तथा व्यवस्थाओं को अधिक सक्षम एवं जवाबदेह बनाने हेतु पूर्ण सहयोग एवं समर्पण के साथ कार्य करने की सहमति जताई।

# छोटा तकिया में जन सुराज की जनसभाः डॉ. नूतन कुमारी के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

**छपरा/मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के नगरा प्रखंड स्थित तकिया पंचायत के छोटा तकिया गांव (वार्ड संख्या-6) में जन सुराज की 'बिहार बदलाव यात्रा' के अंतर्गत 'बिहार बदलाव संवाद' जनसभा का आयोजन भावी प्रत्याशी डॉ. नूतन कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मढ़ौरा विधानसभा के करीब 30 गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में जनता की उपस्थिति ने डॉ. नूतन कुमारी के प्रति गहरा समर्थन प्रदर्शित किया। जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में जन सुराज के महासचिव सुभाष कुशवाहा ने भाग लिया। यह डॉ. नूतन कुमारी की दूसरी बड़ी जनसभा थी, जिसने नगरा प्रखंड में उनकी मजबूत पकड़ को और सशक्त किया।





**डॉ. नूतन कुमारी का जनता से संकल्पः**

मंच से संबोधित करते हुए डॉ. नूतन कुमारी ने जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब समय है कि हम सब मिलकर बिहार की बदहाली दूर करने के लिए जागरूक हों और अपने बच्चों के भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं। हम मिलकर जनता का राज लाएंगे और मढ़ौरा को सुंदर व विकसित बनाएंगे।"

**जन सुराज की विचारधारा पर जोरः**

इस जनसभा में जन सुराज के जिला और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच से विभिन्न नेताओं ने जन सुराज की विचारधारा और उसके मिशन को विस्तार से समझाया। मुख्य अतिथि सुभाष कुशवाहा ने डॉ. नूतन कुमारी की प्रशंसा करते हुए कहा किमढ़ौरा के हर गांव तक जन सुराज की विचारधारा पहुंचाने में डॉ. नूतन कुमारी का अथक प्रयास काबिले-तारीफ है। सभा में सारण चुनाव समिति सदस्य व राज्य कोर कमेटी सदस्य रामपुकार मेहता, चुनाव अभियान समिति से प्रियरंजन युवराज, कुलदीप महासेठ, कुमार शिवम, सफदर हुसैन, बाबर खान, कविता सिंह, राजीव चौधरी, मकबुल हुसैन, चंद्र देव मांझी, श्रवण महतो, राजीव रंजन सिंह, भरतेश्वर सिंह, अभय शर्मा, बच्चा राय, रामप्रकाश सिंह समेत कई जन सुराजी कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने किया।

**डॉ. नूतन कुमारी का बढ़ता प्रभावः**

इस जनसभा ने यह स्पष्ट कर दिया कि डॉ. नूतन कुमारी की लोकप्रियता मढ़ौरा में लगातार बढ़ रही है। उनकी टीम पूरे विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय है और उनकी छवि एक पढ़ी-लिखी, ईमानदार और जमीनी नेत्री के रूप में बन चुकी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में डॉ. नूतन कुमारी, जन सुराज का मजबूत चेहरा बनकर मढ़ौरा से उतर सकती हैं।

## स्विफ्ट डिजायर असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराई, बचे यात्री

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार रात करीब 8 बजे गिरिडीह से पचम्बा की ओर जा रही एक स्विफ्ट डिजायर कार असंतुलित होकर सड़क के डिवाइडर में जा टकराई। स्थानीय लोगों के अनुसार, डिवाइडर पर किसी प्रकार की कोई इंडिकेशन या संकेत नहीं था, जिस कारण चालक को समय रहते डिवाइडर का अंदाजा नहीं हो पाया हादसे में कार के आगे दाहिने हिस्से, खासकर टायर के पास का भाग क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं शुक्र है भगवान का कार में सवार दो व्यक्ति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं आई। इस मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से कार को डिवाइडर से बाहर निकाल लिया गया। वहीं मौके पर स्थानीय लोगों ने रोड बना रहे ठेकेदार की कार्य प्रणाली को इसका जिम्मेवार बताया ।

## डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** चैताडीह स्थित मातृत्व सदर अस्पताल एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अस्पताल परिसर में शनिवार को परिजनों ने जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों व अस्पताल कर्मियों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। हुलास ने बताया कि प्रसव के बाद से ही उनकी बहन अस्पताल में भर्ती है, लेकिन स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। आरोप है कि ऑपरेशन में संक्रमण फैल गया है और घाव से पस बह रहा है, बावजूद इसके चिकित्सकों ने न तो परिवार को स्थिति की जानकारी दी और न ही समय रहते इलाज किया। अब स्थिति गंभीर होने पर मरीज को रेफर किया जा रहा है।

CMYK

# छह राज्यों में सालाना जीएसटी कर संग्रह एक लाख करोड़ से अधिक

### सक्रिय करदाताओं में यूपी सबसे आगे




**नईदिल्ली, एजेंसी।** वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के लागू हुए 8 साल पूरे हो गए हैं। इस दौरान सक्रिय करदाताओं की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है, लेकिन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाले बाकी बड़े राज्यों का हिस्सा काफी कम है। खास बात है कि पंजीकृत हर पांच करदाताओं में एक महिला शामिल है।

एसबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, अर्थव्यवस्था में 8.4 फीसदी योगदान देने वाले यूपी में कुल 20.08 लाख या 13.2 फीसदी सक्रिय करदाता हैं।लेकिन, बाकी बड़े राज्यों का हाल इसके उलट है। तमिलनाडु अर्थव्यवस्था में 8.9 फीसदी योगदान देता है, जबकि राज्य में सक्रिय जीएसटी करदाताओं में हिस्सेदारी 7.7 फीसदी है। कर्नाटक अर्थव्यवस्था में 8.4 फीसदी योगदान देता है, जबकि सक्रिय करदाताओं का हिस्सा 6.9 फीसदी है। वहीं, तेलंगाना में सक्रिय करदाताओं की हिस्सेदारी 3.6 फीसदी और आंध्र प्रदेश में 2.8 फीसदी के स्तर पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात जैसे राज्यों की कुल जीएसटी करदाताओं में हिस्सेदारी उनकी जीडीपी की तुलना में अधिक है। इससे संकेत मिलता है कि इन राज्यों में जीएसटी करदाताओं की संख्या बढ़ने की अपार संभावनाएं है।

### एलएलपी कंपनियों में अधिक महिलाएं

पंजीकृत करदाताओं में से 14 फीसदी जो करदाता हैं, उन सभी में महिला सदस्य है। खासकर लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) और निजी लिमिटेड कंपनियों में काफी अधिक संख्या में महिलाएं हैं। प्रोपराइटर कंपनियों में 16.7 फीसदी में एक महिला सदस्य या सभी सदस्य महिला हैं। भागीदारी वाली कंपनियों में से 41.9 फीसदी में एक महिला सदस्य और 5.3 फीसदी में सभी सदस्य महिलाएं हैं। प्राइवेट लिमिटेड वाली कंपनियों में 46.8 फीसदी में एक महिला सदस्य है।

### शीर्ष-5 राज्यों में हैं 50 फीसदी करदाता

इस समय कुल 1.52 करोड़ से अधिक सक्रिय जीएसटी पंजीकरण हैं। शीर्ष-5 राज्यों में कुल सक्रिय जीएसटी करदाताओं का लगभग 50 फीसदी हिस्सा है। इनका कुल राजस्व में 41 फीसदी योगदान है। जीएसटी में सामान्य करदाताओं की संख्या 1.33 करोड़ के साथ सबसे अधिक है। छह राज्यों ने एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। केवल पांच वर्षों में (वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25) सकल जीएसटी संग्रह दोगुना हो गया। औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह लगभग 2 लाख करोड़ रुपये है।

**यूपीआई लेनदेन में आक्रामक जांच से छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा असर-** रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी प्रवर्तन को संवेदनशीलता के साथ संतुलित किया जाना चाहिए, क्योंकि यूपीआई लेनदेन पर आक्रामक जांच छोटे व्यवसायों को अनौपचारिक नकदी आधारित अर्थव्यवस्था में वापस ला सकती है। कर्नाटक में छोटे व्यापारी जीएसटी नोटिस के कारण नकद लेनदेन को प्राथमिकता दे रहे हैं। अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था की दीर्घकालिक सफलता छोटे व्यापारियों को दंडित करने के बजाय उनके सशक्तिकरण पर निर्भर करेगी।

**प्रोपराइटरशिप कंपनियों का हिस्सा 77.6 फीसदी-** जीएसटी में पंजीकृत करदाताओं में प्रोपराइटरशिप कंपनियों का हिस्सा सबसे अधिक 77.6 फीसदी (1.17 करोड़) है। भागीदारी वाली कंपनियों का हिस्सा 9.7 फीसदी और प्राइवेट लिमिटेड का 6.8 फीसदी है। सरकारी विभागों की हिस्सेदारी 1.3 फीसदी और लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप का हिस्सा 1.1 फीसदी है।




## एनएसडीएल के आईपीओ का इंतजार खत्म, कब से मिलेगा दांव लगाने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के आईपीओ का इंतजार कर रहे हैं ये खबर आपके काम की हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इस आईपीओ की ओपनिंग अगले हफ्ते में हो सकती है। यह आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुल सकता है। वहीं, एंकर बुक वाला हिस्सा 29 जुलाई को ओपन हो सकता है। बता दें कि एनएसडीएल को आईडीबीआईबैंक और एनएसई का सपोर्ट है। मनीकंट्रोल की खबर में सूत्र के हवाले से बताया गया है- आईपीओ पूरी तरह से ओएफएसया ऑफर फॉर सेल होगा, जिसके जरिए कंपनी लगभग 463 मिलियन डॉलर (मौजूदा मुद्रा स्तर पर 4,000 करोड़ रुपये) जुटाने की योजना बना रही है। एक अन्य सूत्र के मुताबिक कंपनी आईपीओ मूल्यांकन लगभग 1.85 अरब डॉलर (मौजूदा मुद्रा स्तर पर 16,000 करोड़ रुपये) का लक्ष्य रख रही है। हालांकि, एनएसडीएलऔर एनएसई की ओर से इस संबंध में जानकारी नहीं दी गई है।

### डीआरएचपी में क्या कुछ है

कंपनी के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के 17 मई के परिशिष्ट के अनुसार, आईपीओ में 50,145,001 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

## आईआरएफसी को 1745 करोड़ रुपये का हुआ है मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। आईआरएफसी के शेयर बुधवार को 4 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 136.90 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेल कंपनी आईआरएफसी के शेयरों में यह तेज उछाल पहली तिमाही के शानदार नतीजों के बाद आया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन का मुनाफा 10 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ा है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 208.95 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 108.05 रुपये है।



**पहली तिमाही में कंपनी को 1745.69 करोड़ रुपये का प्रॉफिट-** इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 10.7 पर्सेंट बढ़कर 1745.69 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 1576.83 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। जून 2025 तिमाही में कोर ऑपरेशंस से कंपनी का रेवेन्यू 2.2 पर्सेंट बढ़कर 6915 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 6765 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की इंटरेस्ट इनकम 17 पर्सेंट से ज्यादा घटकर 1497 करोड़ रुपये रही है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 1819 करोड़ रुपये थी। जून 2025 तिमाही में लीजिंग ऑपरेशंस से कंपनी की इनकम 9.2 पर्सेंट बढ़कर 5043 करोड़ रुपये रही।



### विश्व बैंक की रिपोर्ट

## पांच साल में 70 फीसदी नई नौकरियां शहरों से आएंगी, खर्च करने होंगे 2.4 लाख करोड़ डॉलर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शहरों में आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। 2030 तक 70 प्रतिशत नई नौकरियां शहरों से ही आएंगी। यह खुलासा विश्व बैंक की नई रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में भारतीय शहरों को जलवायु जोखिमों से निपटने के लिए 2050 तक कम कार्बन उत्सर्जन वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 2.4 लाख करोड़ डॉलर से अधिक के निवेश की आवश्यकता पर बल दिया गया है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ मिलकर तैयार की गई टुवर्ड्स रेसिलिएंट एंड प्रोस्पेरोउस सिटीज इन इंडिया (भारत में समुत्थानशील और समृद्ध शहरों की ओर) नामक शीर्षक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की शहरी आबादी 2050 तक दोगुनी होकर 95.1 करोड़ हो की उम्मीद है। इसके लिए 2070 तक 14.4 करोड़ से अधिक नए घरों की जरूरत होगी। इसके साथ ही इन शहरों को जलवायु चुनौतियों से भी निपटना होगा। बढ़ते शहरीकरण के चलते शहरी के तापमान में 3-4 डिग्री का इजाफा भी होगा। इसके अलावा इन क्षेत्रों में वर्षाजन्य बाढ़ की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। चेन्नई, इंदौर, नई दिल्ली, लखनऊ, सूरत और तिरुवनंतपुरम पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए 24 भारतीय शहरों का अध्ययन करने वाली नई रिपोर्ट में पाया गया है कि समय रहते कम कॉबर्न उत्सर्जन वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण से भविष्य में मौसम के प्रभावों से होने वाले अरबों डॉलर के वार्षिक नुकसान को टाला जा सकता है। उदाहरण के लिए वार्षिक वर्षाजन्य बाढ़ से होने वाले नुकसान को वर्ष 2030 तक 5 अरब डॉलर से अधिक और वर्ष 2070 तक 30 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है। 2050 तक अपेक्षित 50 प्रतिशत से अधिक शहरी बुनियादी ढांचे का निर्माण भी किया जाना है, इसलिए भारत के पास उन्नतशील शहरी बुनियादी ढांचे के विकास को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि भारत के लिए बड़े पैमाने पर समुत्थानशील शहरों का निर्माण करना स्पष्ट रूप से अनिवार्य है। आवास, परिवहन और नगरपालिका सेवाओं सहित अधिक हरित और स्थिति अनुकूलित शहरी विकास में निवेश करके, शहरों में अत्यधिक गर्मी और शहरी बाढ़ की स्थिति को बेहतर ढंग से कम किया जा सकता है और रोजगार में वृद्धि की जा सकती है।

### सिफारिशें... जो शहरी विकास में करेगी मदद

- अत्यधिक शहरी गर्मी और बाढ़ की समस्या के लिए ग्रीन बेल्ट का बेहतर विनियमन, ठंडी छतों की स्थापना व प्रभावशाली पूर्व चेतावनी प्रणालियां को विकसित करना।
- स्थिति अनुकूलित बुनियादी ढांचे और नगरपालिका सेवाओं, कुशल ऊर्जा और समुत्थानशील आवास में निवेश करना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का आधुनिकीकरण करना और शहरी परिवहन को बाढ़ प्रतिरोधी बनाना।
- निजी क्षेत्र की बेहतर भागीदारी के माध्यम से शहरी वित्त तक पहुंच में सुधार करना।




## रातोंरात 28.4 अरब डॉलर की कमाई!

### 3 दिन में हिल सकती है एलन मस्क की कुर्सी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की कुर्सी खतरे में है। उनकी नेटवर्थ में इस साल 59.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इसके बावजूद वह 373 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे बड़े रईस की कुर्सी पर बैठे हुए हैं। लेकिन जल्दी ही यह स्थिति बदल सकती है। इसकी वजह यह है कि लैरी एलिसन की नेटवर्थ तेजी से बढ़ रही है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक सॉफ्टवेयर कंपनी ओरेकल के फाउंडर एलिसन की नेटवर्थ में मंगलवार को 28.4 अरब डॉलर (करीब 24,53,29,28,20,000) की तेजी आई। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 289 अरब डॉलर पहुंच गई है। अगर इसी रफ्तार से उनकी नेटवर्थ बढ़ती रही तो वह तीन दिन में मस्क को पछाड़ सकते हैं।

मस्क और एलिसन की नेटवर्थ में अभी 84 अरब डॉलर का अंतर है। इस साल एलिसन की नेटवर्थ 96.8 अरब डॉलर बढ़ी है। 80 साल के एलिसन की दिग्गज टेक कंपनी ओरेकल में करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी है। करीब 37 साल तक कंपनी की कमान संभालने के बाद उन्होंने 2014 में सीईओ का पद छोड़ दिया था। साथ ही वह दिसंबर 2018 से अगस्त 2022 तक टेस्ला के बोर्ड में भी रहे थे। एलिसन ने 2012 में हवाई द्वीप में एक आइलैंड 300 मिलियन डॉलर में खरीदा था और 2020 में वह स्थाई रूप से वहां चले गए।

### कौन-कौन है टॉप 10 में-

अमीरों की लिस्ट में एक और उलटफेर देखने को मिला है। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग इस लिस्ट में अब चौथे नंबर पर खिसक गए हैं।

मंगलवार को उनकी नेटवर्थ में 2.79 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 248 अरब डॉलर रह गई।

### भारत कई वैश्विक संकटों से उबरा

## अगले डेढ़ दशक में हासिल कर लेगा 7-8 फीसदी की वृद्धि दर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल के वर्षों में कई वैश्विक संकटों से सफलतापूर्वक उबर चुका भारत अगले डेढ़ दशक में 7 से 8 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है। डेलॉय की दक्षिण एशिया इकाई के सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। इसका मुख्य कारण सेवाओं में मजबूत प्रदर्शन, बढ़ता बाजार निवेश व कृषि उत्पादकता में सुधार है। रोमल ने कहा, कोविड महामारी, कईदेशों में तनाव और अन्य उथल-पुथल जैसे बड़े झटकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू बनी हुई है और ठोस वृद्धि के लिए तैयार है। भारत की मुख्य रूप से सेवा आधारित अर्थव्यवस्था वैश्विक व्यापार चुनौतियों से काफी हद तक अप्रभावित रहती है। इसलिए, अगले 10-15 वर्षों में यह आसानी से सात-आठ फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है। उन्होंने कहा, भारत में दुनिया के 50 फीसदी से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हैं, जबकि फॉर्च्यून-2000 कंपनियों में से करीब 67 फीसदी की अभी देश में मौजूदगी नहीं है।

# विदेशी निवेशकों में फिर बढ़ने लगा भारतीय बॉन्ड का क्रेज

### रेपो रेट में एक और कटौती की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लंदन में टीटी इंटरनेशनल एसेट मैनेजमेंट में उभरते बाजारों के ऋण प्रमुख जीन चार्ल्स सैम्बोर ने कहा, भारत की घरेलू ऋण की स्थिति विदेशी मुद्रा और दरों दोनों के मामले में बहुत आकर्षक बनी हुई है। इस साल और अगले वर्ष बॉन्ड पर मिलने वाले रिटर्न में गिरावट आ सकती है।

रेपो दर के अगस्त में एक बार और घटने की उम्मीद लगाए बैठे विदेशी निवेशकों में भारतीय सरकारी बॉन्ड के प्रति आकर्षण फिर बढ़ने लगा है। विदेशी निवेशकों ने पिछले एक महीने में 129 अरब रुपये के भारतीय बॉन्ड खरीदे हैं। इससे पहले चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले ढाई महीनों में 330 अरब से ज्यादा की बिकवाली की थी। सिंगापुर स्थित स्ट्रेट्स इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट के सीईओ मनीष भार्गव ने कहा, आरबीआई ने जून में रेपो दर में कटौती करने के साथ अपने रुख को तटस्थ कर लिया। इससे विदेशी निवेशकों ने लंबे समय तक निवेश नहीं करने का फैसला किया। लेकिन, जून में खुदरा महंगाई में भारी गिरावट को देखते हुए निवेशक एक और कटौती का अनुमान लगा रहे हैं। भार्गव ने कहा, अगर महंगाई कम रही और विकास संबंधी चिंताएं बनी रहीं, तो अगस्त में रेपो दर में 0.25 फीसदी की कटौती संभव है।



**मजबूत आर्थिक बुनियाद भी मददगार-** आलियांजजीआई में उभरते बाजार कर्ज की प्रमुख पोर्टफोलियो प्रबंधक एवं लंदन स्थित गिउलिया पेलेग्रिनी ने कहा, भारत की समग्र आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

# भारत की नंबर तीन व्हिस्की ब्रांड इम्पीरियल ब्लू ब्रांड बिकने जा रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी शराब बनाने वाली फ्रांस की कंपनी है पर्नो रिका। इस कंपनी की तरफ से एक बड़ी खबर आई है। पर्नो रिका से भारत की इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की ब्रांड को तिलकनगर इंडस्ट्रीज खरीदने वाली है। हमारे सहयोगी ईटी ने खबर दी है कि इस सौदे की घोषणा कभी भी हो सकती है।




शेयर की कीमत मंगलवार को 12 प्रतिशत बढ़ी थी। कल यह 469.60 रुपये पर बंद हुई थी। लेकिन आज इसके शेयरों में गिरावट दिखी। आज भी बीएसई में यह 474.50 रुपये पर खुली और ऊंचे में 684.80 रुपये तक गई। नीचे में यह 444.10 रुपये आई। दोपहर 12 बजे यह 467 रुपये पर ट्रेड हो रहा था जो कि कल के बंद भाव के मुकाबले थोड़ा कम है। वैसे पिछले पांच दिनों में इसका भाव 28 प्रतिशत बढ़ गया है।

### बोर्ड की बैठक आज ही

ईटी के मुताबिक बुधवार को ही तिलकनगर इंडस्ट्रीज के बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स की मीटिंग है। इस मीटिंग में फंड जुटाने के बारे में विचार किया जाएगा। तिलकनगर कंपनी मैन्शन हाउस ब्रांडी बेचती है। कंपनी ने पिछले हफ्ते बताया था कि वे इक्विटी शेयर, डिबेंचर, वारंट, प्रेफरेंस शेयर या बॉन्ड जैसे कई तरीकों से पैसा जुटा सकते हैं। तिलकनगर के

### भारत की तीसरी बड़ी व्हिस्की

पर्नो रिका की इम्पीरियल ब्लू, भारत में तीसरी सबसे बड़ी व्हिस्की ब्रांड है। लेकिन पिछले कुछ सालों में इसकी बिक्री कम हुई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बहुत से भारतीय अब महंगे ब्रांड खरीदने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि फ्रांसीसी कंपनी पर्नो रिका एब्सोल्यूट वोडका और जेम्सन व्हिस्की जैसे मशहूर ब्रांड की मालिक है।

### कितनी होती है बिक्री

इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की, 78 मिलियन केस प्रति वर्ष वाले डीलक्स व्हिस्की कैटेगरी में आती है। यह ब्रांड, साधारण और महंगे ब्रांड के बीच का है। 2024 में इसकी 22.2 मिलियन केस की बिक्री हुई थी। यह पिछले साल के मुकाबले सिर्फ 0.5 प्रतिशत ज्यादा है। इस व्हिस्की को बनाने में भारतीय अनाज और स्कॉच माल्ट का इस्तेमाल होता है। इसे 1997 में सीग्राम कंपनी ने भारत में लॉन्च किया था। 2002 में पर्नो रिकड ने सीग्राम को खरीद लिया। पिछले साल यानी 2024 में इम्पीरियल ब्लू की बाजार हिस्सेदारी 8.6 प्रतिशत थी।

## दोगुना हुआ मुनाफा, शेयर में आई तूफानी तेजी, 22100 रुपये तक का मिला टारगेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयर बुधवार को 3 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 16671.15 रुपये पर पहुंच गए हैं। चालू वित्त वर्ष



की पहली तिमाही के शानदार नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल आया है। पहली तिमाही में कंपनी को दोगुना मुनाफा हुआ है। ब्रोकरेज हाउसेज ने डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयरों के लिए 22,100 रुपये तक का टारगेट दिया है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 19,149.80 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 10,613 रुपये है।

- **100 प्रतिशत बढ़ा है कंपनी का मुनाफा-** डिक्सन टेक्नोलॉजीज को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 280.02 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले कंपनी का मुनाफा 100 पर्सेंट बढ़ा है। एक साल पहले की समान अवधि में डिक्सन टेक्नोलॉजीज को 139.70 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 95 पर्सेंट बढ़कर 12,835.66 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में डिक्सन टेक्नोलॉजीज का रेवेन्यू 6,579.80 करोड़ रुपये था। जून 2025 तिमाही में कंपनी का इबिट्डा 89 पर्सेंट बढ़कर 484 करोड़ रुपये रहा है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 256 करोड़ रुपये था।
- **कंपनी के शेयरों को 22100 रुपये तक का टारगेट-** घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने डिक्सन टेक्नोलॉजीज पर बाय रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने डिक्सन टेक्नोलॉजीज के शेयरों का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 22,100 रुपये कर दिया है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने पहले कंपनी के शेयरों को 20,500 रुपये का टारगेट दिया था। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 23-07-2025 21:39 Page 1



# उपायुक्त ने की पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

## अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों का औचक निरीक्षण करने का दिया निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने आज समाहरणालय सभागार में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकरी ली।इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही।

उन्होंने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के कोई भी अल्ट्रासाउंड करता पाया जाता है तो उस अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करते हुए संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही।

बैठक में उपायुक्त के समक्ष रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन को प्रस्तुत किया गया और बताया गया कि टीम द्वारा सभी आवश्यक जांच पूर्ण कर लिया गया है।इसपर उपायुक्त द्वारा नवीनीकरण की स्वीकृति प्रदान की गयी।

इसी तरह पूर्व से संचालित तृप्ति अल्ट्रासाउंड, प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन अल्ट्रासाउंड एवं राज डायग्नोस्टिक सेंटर छतरपुर द्वारा पुराने अल्ट्रासाउंड मशीन परिवर्तित कर नये मशीन का इंस्टालेशन रिपोर्ट पर चर्चा किया गया।इसपर उपायुक्त ने सभी पुराने मशीनों को सील करने के पश्चात ही नये मशीन का लाइसेंस निर्गत करने पर बल दिया।इसी तरह लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक अदद नये अल्ट्रासाउंड मशीन के अधिष्ठापन एवं राजमती चिकित्सा केंद्र,घाड़ा पट्टी के नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदन को भी स्वीकृति प्रदान की गयी।बैठक में एक डॉक्टर द्वारा दो से अधिक अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्यरत रहने की भी चर्चा की गयी,उपायुक्त द्वारा ऐसों डॉक्टरों के विरुद्ध शोकॉज करने के निर्देश दिये।

बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन से कहा कि अभी केंद्रों पर लिंग भ्रूण जांच अपराध है से संबंधित सूचना लगा रहे,यह सुनिश्चित करने की बात कही।इसके अलावे सभी केंद्रों पर बेटी-बचाओ,बेटी पढ़ाओ संबंधी जागरूकता पोस्टर लगवाने पर भी बल दिया। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की है।

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग प्रशिण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल,हेल्थ डीपीएम प्रदीप कुमार,सदस्य इंदुलेखा भगत,नीलम होरो समेत जिला सलाहकार समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

# रांची नगर निगम के प्रशासक को हाजिर होने का निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ में रांची नगर निगम को नक्शा को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि जब तक पर्याप्त लीगल अफसर की नियुक्ति नहीं होती, तब तक पूर्व की व्यवस्था से ही नक्शा पास किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची नगर निगम के प्रशासक को हाजिर होने का निर्देश दिया। द्वितीय पाली में निगम के प्रशासक सुशांत गौरव अदालत में हाजिर हुए।

कोर्ट ने प्रशासक से पूछा की नक्शा पास करने का काम धीमा क्यों है और इसमें इतनी देरी क्यों हो रही है। प्रशासक ने अदालत को बताया कि अभी पर्याप्त लीगल अफसर की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इस कारण नक्शा पास करने में कठिनाई हो रही है।

इस पर अदालत ने कहा कि जब तक पर्याप्त लीगल अफसर नियुक्त न हो जाएं, तब तक पूर्व की तरह ही नक्शा पास करें और काम में तेजी लाएं। मामले में अगली सुनवाई चार अगस्त को निर्धारित की गई।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि नियमों के अनुसार नक्शा पास करने के तीसरे स्टेज में लीगल अफसर को कागजात की जांच कर सात दिनों में रिपोर्ट अग्रसारित की जाती थी। इस व्यवस्था को बदल कर अपर प्रशासक को जांच का जिम्मा दिया गया है। इस पर निगम की ओर से बताया गया था कि नियम बदलने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है।

एसओपी के तहत नक्शा स्वीकृत लीगल अफसर को देखना है। इस पर कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि नियम में जो बदलाव करना है, उसे जल्द करें और ला अफसर की नियुक्ति पर जल्द निर्णय लें।

इस पर निगम की ओर से बताया गया था कि नक्शा स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहायक लीगल अफसर को लीगल अफसर का प्रभार दिया गया है। 25 अप्रैल से नक्शा पास होने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।इस संबंध में कंफेडरेशन आफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (क्रेडाई) की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

# कला जत्था योजनाओं का कर रहा प्रचार-प्रसार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर, (पलामू)।** प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क इकाई, पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के तत्वाधान में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभिन्न कला दलों द्वारा पूरे पलामू प्रमंडल के लातेहार, गढ़वा एवं पलामू जिले के सुदूरवर्ती गांवों/पंचायतों में गीत नाट्य के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि यहां के लोगों में जागरूकता आ सके।

आम लोगों को विशेषकर मईंया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, नशा मुक्त जीवन हो हमारा आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए जागरूक किया गया। इन योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी लोगों के बीच बांटे गये।

# मधुश्रावणी व्रत परवान पर, समापन 27 को



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में मैथिल ब्राह्मण की नवविवाहिता सुहागिनों द्वारा मधुश्रावणी व्रत परवान पर है। मधुश्रावणी का यह व्रत सुहागिनों के लिए किसी तप से कम नहीं है। यह महोत्सव पिछले 15 जुलाई से शुरू हुआ है, जो पर 27 जुलाई को संपन्न हो जाएगा।

पूजन के दौरान 'मांगी ला बरदान, माता शरण में जा के' जैसे सुहाग व कोहवर के गीतों से इन दिनों नवविवाहिता का घर गुंजायमान हो रहा है। नवविवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए मधुश्रावणी व्रत श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि से शुरू करते हुए शुक्ल पक्ष की तृतीया तक करती हैं।

इस वर्ष यह पूजा 13 दिनों तक चलने वाली है, जो 15 जुलाई को प्रारंभ हुई और 27 जुलाई को संपन्न होगी। यह पूजा विशेष रूप से ब्राह्मण समाज की नवविवाहिताओं को जीवन में एक ही बार करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

इसी कड़ी में नव विवाहिता अंशु प्रिया विधि विधान से मधु श्रावणी का व्रत करते हुए उत्साहित हैं और बताती हैं कि व्रत में शिव-पार्वती, नाग-नागिन, भगवान गणेश, माता विषहरी एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति बनाकर 13 दिनों तक पूजा-अर्चना की जाती है। पूरे व्रत के दौरान नमक का सेवन नहीं किया जाता है।

पूजन से संबंधित सारी सामग्री एवं व्रती के श्रृंगार प्रसाधन के अलावा परिवार के सभी सदस्यों के लिए नए वस्त्र व्रती के ससुराल से भेजे जाते हैं। 13 दिवसीय इस कठोर पूजन तप के दौरान प्रत्येक सुबह और शाम महिलाओं द्वारा पारंपरिक गीत गाया जाता है जिससे पूरे घर का माहौल पवित्र एवं अध्यात्मिक हो जाता है।

समापन के अवसर पर व्रती के ससुराल से पांच अथवा ग्यारह की संख्या में पति सहित उनके परिजन पुनः व्रती एवं उनके स्वजन के लिए क्षमतानुरूप फल, मिष्ठान एवं अन्य उपहार लेकर आते हैं तथा व्रती को अटल-अचल अहिवात का आशीर्वाद देते हैं। इस मौके पर क्षमतानुसार सहभोज का भी आयोजन देखने को मिलता है।

# एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री की बिक्री पर प्रशासन ने तरेरी आंखें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक और खाद्य सामग्री की बिक्री पर सख्ती शुरू कर दी है। हैदरनगर बाजार व आसपास के इलाकों में खाद्य सुरक्षा के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इस मामले को लेकर प्रखंड उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार से मुलाकात की और दोषी दुकानदारों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन है, बल्कि आमजन की सेहत के साथ भी खिलवाड़ है।

उप प्रमुख ने स्पष्ट किया कि यदि किसी दुकान से एक्सपायरी उत्पाद बरामद होता है, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने जानकारी दी कि हैदरनगर बाजार समेत पूरे प्रखंड में विशेष निगरानी अभियान शुरू किया गया है। सभी दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रतिष्ठानों में बिक रहे उत्पादों की वैधता तिथि की नियमित जांच करें और समय रहते एक्सपायरी सामग्री को हटा दें।

प्रशासन ने अमेजन से भी अपील की है कि यदि कहीं भी एक्सपायरी सामान की बिक्री होती दिखे, तो इसकी सूचना तत्काल दें, ताकि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा सके।

# नियमानुकूल है अनुज्ञप्ति निलंबन की कार्रवाई: औषधि निरीक्षक

- रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में कई औषधियों का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता
- मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति हुई रद्द, 5 रोक विक्रेताओं की औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित
- फेडरेशन द्वारा धरना प्रदर्शन संस्थान के औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन के कारण की गई है, जो न्यायसंगत नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले में एक ड्रग स्टोर एवं दवा की 5 थोक विक्रेताओं की औषधि अनुज्ञप्ति रद्द एवं निलंबित किये जाने की कार्रवाई को औषधि निरीक्षक ने नियमानुकूल बताया है। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए नौडीहा बाजार के मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने एवं 5 थोक विक्रेता संस्थानों को स्पष्टीकरण पूछते हुए औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित किए जाने की बातें कही है।

औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के निलंबन से आक्रोशित दवा दुकानदारों द्वारा असंवैधानिक रूप से कार्यालय में हंगामा एवं निलंबन का विरोध किए जाने से संबंधित 17 जुलाई को समाचार पत्रों में छपी खबर पर उपायुक्त समीरा एस. द्वारा संज्ञान लिए जाने एवं इसकी गंभीरता को देखते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) द्वारा औषधि निरीक्षक को समाचार एवं उससे संबंधित पत्र भेजे जाने पर औषधि निरीक्षक ने जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड के उप सचिव के पत्र के आलोक में मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर नौडीहा बाजार में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई।

इसमें पाया गया कि संस्थान को प्रपत्र 20 ए एवं 21 ए में अनुज्ञप्ति प्राप्त है। इस प्रपत्र में जो लाइसेंस निर्गत की जाती है, इन संस्थानों में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट नियुक्त नहीं रहते हैं, जिनके कारण फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में एससीएच, सी, सीवन, एच, एचवन, जी, एक्स की औषधियों का क्रय- विक्रय नहीं की जा सकती है। परंतु निरीक्षण के समय पाया गया कि संस्थान द्वारा वैसी औषधियों का भी क्रय कर संचयन किया गया है, जिसके लिए वे प्राधिकृत नहीं थे, क्योंकि ऐसी औषधियों का क्रय-विक्रय एवं संचयन हेतु उन्हें वैध अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं था। निरीक्षण के समय नियमानुकूल विहित प्रपत्र-16 में वैसी औषधियों एवं उसके क्रय-विपत्र संबंधित विपत्रों को भी जब्त किया गया, जिसके लिए वह स्टोर प्राधिकृत नहीं थे। इस आलोक में ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति को रद्द की गई है।

औषधि निरीक्षक ने कहा है कि बिना वैधानिक औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त 5 थोक विक्रेताओं द्वारा औषधियों की आपूर्ति की गई थी, जो औषधि एवं अंगराग अधिनियम का उल्लंघन है। साथ ही दंडनीय भी है। इन संस्थानों से स्पष्टीकरण पूछते हुए इन संस्थाओं की औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। सभी पांच थोक विक्रेताओं को 60 दिनों के लिए अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। जिन संस्थाओं को निलंबित किया गया है, उनमें सभी डालटनगंज के हैं। इन संस्थानों में अमित मेडिकल एजेंसी, श्री भवानी फार्मा, मेसर्स अन्विका डिस्ट्रीब्यूटर, मेसर्स सिद्धार्थ मेडिकल एजेंसी एवं मेसर्स सुमित्रा मेडिकल एजेंसी शामिल हैं।

विदित हो कि पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन द्वारा आंदोलन करते हुए औषधि निरीक्षक का कार्यालय में ज्ञापन देकर संस्थानों के निलंबन के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि फेडरेशन द्वारा इस प्रकार का धरना प्रदर्शन संस्थान के औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन के कारण की गई है, जो न्यायसंगत नहीं है।

औषधि नियंत्रण प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई औषधि एवं अंगराग अधिनियम एवं नियमावली के तहत प्रदत शक्तियों के नियमानुकूल की गई है। निलंबन के विरूद्ध संस्थान द्वारा अपीलीय प्राधिकारी स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव के यहां अपील दायर किया जा सकता है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी, सुनाई समस्याएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त समीरा एस. आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। इस जनता दरबार में पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के 45 से अधिक लोग पहुंचे। अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा और उससे संबंधित आवेदन देकर समस्या निराकरण का अनुरोध किया। उपायुक्त ने अवादेकों द्वारा सुनाई गई एवं दिए गए आवेदन पत्र की गंभीरता को देखते हुए उसे संबंधित पदाधिकारी को स्थानांतरित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दरबार में पति के मृत्यु के उपरांत पत्नी ने खुद को काम दिलाने की मांग की। डाल्टनगंज मुस्लिम नगर की गुलशन प्रवीण ने उपायुक्त को आवेदन देकर काम दिलाने की मांग की। इसपर उपायुक्त ने नियोजन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया है। वहीं भूमि पर जबरन मिट्टी एवं चिप्स डालकर सड़क निर्माण करने को लेकर आवेदक ने अपनी पीड़ा बताई और इससे संबंधित आवेदन दिया। मेदिनीनगर की पूनम गिरी ने मईया सम्मान योजना की राशि भुगतान करने की मांग की है। चैनपुर थाना क्षेत्र के अयोध्या कोल्हुआ निवासी गोपाल राम ने रास्ता बंद एवं रोकने के संबंध में अपनी पीड़ा बताते हुए रास्ता खोलने की मांग की है। वहीं सतबरवा के बकोरिया निवासी रामसेवक प्रसाद ने भूदान में मिली जमीन की ऑनलाइन रसीद निर्गत करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि भूदान यज्ञ कमेटी से उन्हें भूमि प्राप्त है, इसका नया पुराना खाता से ऑफलाइन रसीद कटते आ रहा है, लेकिन ऑनलाइन रसीद नहीं कट रहा है। इसके अलावा जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण नहीं बनने देने, पुस्तैनी जमीन पर जोर जबरदस्ती कब्जा करने, यात्रा भत्ता भुगतान करने सहित 45 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं और उससे संबंधित आवेदन जमा किए। उपायुक्त ने इन आवेदनों को गंभीरता पूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# निर्माणाधीन स्टेडियम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला परिषद, खूंटी द्वारा निमार्णाधीन बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम का आज उपायुक्त आर. रॉनिटा ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अभियंता को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो और पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करें।

उपायुक्त ने कहा कि इंडोर स्टेडियम जिले के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बनेगा, अतः इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने स्टेडियम में उचित एवं पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता जिला परिषद, कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टिकट के लिए लाइन में लगने की झंझट होगी खत्म

# टीटीई को मिलेगा एम-यूटीएस

### श्रावणी मेले में खूब हो रहा उपयोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** काउंटर टिकट, ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम और मोबाइल पर ऑनलाइन जनरल टिकट के बाद अब यात्रियों के लिए जल्द ही एक और सेवा शुरू होगी। स्टेशन पहुंच कर टिकट खिड़की पर लाइन नहीं लगना होगा। स्टेशन परिसर में टीटीई से लोग जनरल टिकट ले सकेंगे।

इसके लिए टीटीई को एम-यूटीएस उपलब्ध कराया जाएगा। टीटीई को दिए जाने वाले हैंडहेल्ड उपकरण एक खास मशीन है, जिसमें छोटा सा प्रिंटर भी लगा है। उससे टिकट प्रिंट होकर बाहर निकल जाएगा। टिकट लेने के लिए यात्री को ट्रेन का नाम, गंतव्य स्थान और यात्रा की श्रेणी पैसेंजर, एक्सप्रेस या सुपरफास्ट यह टीटीई को बताना होगा।

एम-यूटीएस से टीटीई आन स्पाट टिकट जारी करेंगे। यात्रियों को यह सुविधा बड़े स्टेशन के साथ भूली, धोखरा जैसे हाल्ट पर भी मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने 30 मार्च 2026 तक पूर्व मध्य रेल समेत देश के पांच जोनल रेलवे के सभी हॉल्ट में एम-यूटीएस सेवा उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया है।

हॉल्ट में जारी होने वाले टिकट के लिए हाल्ट ठेकेदार बड़े स्टेशन से टिकट का रोल ले जाते हैं। उसे यात्री की मांग पर अलग-अलग स्टेशन के लिए जारी किया जाता है। नई



व्यवस्था के तहत अब हाल्ट ठेकेदारों को भी एम-यूटीएस उपलब्ध कराया जाएगा। हॉल्ट में भी एम-यूटीएस से ही जनरल टिकट जारी होंगे।

एम-यूटीएस प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले के दौरान चलन में आया था। बिना किसी परेशानी से आसानी से जनरल टिकट किए गए थे। उस सफलता को श्रावणी मेले में दोहराया जा रहा है। श्रावणी मेले के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ एम-यूटीएस से यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा रहे हैं। एम-यूटीएस एक उन्नत हैंडहेल्ड यूटीएस (अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम) उपकरण है जिसे अनारक्षित टिकटिंग संचालन में अधिकतम पोर्टेबिलिटी और सरलता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

यह नई प्रणाली रेलवे कर्मचारियों को लगभग किसी भी स्थान से अनारक्षित टिकट जारी करने में सक्षम बनाती है।निर्धारित काउंटरों पर भीड़भाड़ खत्म हो जाती है और यात्रियों को एक सहज, त्वरित और परेशानी मुक्त टिकटिंग अनुभव मिलता है।

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना क्षेत्र की एक युवक ने शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ पांच दिनों तक यौन शोषण किया। इसके बाद युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। युवती ने मामले में बच्चा सिंह बस्ती निवासी विक्की साहू के विरुद्ध सोनारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

युवती ने पुलिस को बताया कि युवक उसका परिचित है। 12 जुलाई को विक्की उसे बहला-फुसलाकर सोनारी क्षेत्र में स्थित अपने किराए के मकान में ले गया। वहां विक्की ने शादी का झांसा देकर उसके साथ पांच दिनों तक शारीरिक संबंध बनाए।

जब शादी का दबाव बनाया तो विक्की ने मना कर दिया और उससे दूरी बना ली। घटना के बाद से आरोपित फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार युवती का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# वर्दी उतरवाने की धमकी देने वाले भेजे गये जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के चेचरिया में राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर वाहन चेकिंग के दौरान मंगलवार की देर शाम पुलिस के साथ धक्का-मुक्की व अभद्र व्यवहार करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक प्रक्रिया पूरा करने के उपरांत गिरफ्तार युवकों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे तीन युवक को बगैर हेलमेट तथा बिना ड्राइविंग लाइसेंस के पकड़ा गया। पुलिस द्वारा बाइक रोके जाने के बाद दो बाइक पर सवार श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी कमलेश कुमार, शशिकांत कुमार तथा कृष्ण कुमार पुलिस कर्मियों से अभद्र व्यवहार करते हुए उलझ गए।

साथ ही उनकी वर्दी को खींचने का प्रयास करते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगे। इसके बाद अभद्र व्यवहार के आरोप में तीनों युवकों को बाइक के साथ पकड़ कर थाना लाया गया।

तीनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि कानून के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर रहती है। वहीं, कुछ सामाजिक तत्व पुलिस की कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश करते हैं जो निंदनीय है। युवाओं से अपील है कि सभी लोग कानून का पालन करें।

# इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीती वनडे सीरीज, भारत की बेटियों ने बना दिया अनूठा रिकॉर्ड




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से वनडे सीरीज जीतते हुए इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए तीसरे वनडे मैच को 13 रन से अपने नाम किया। ऐसा पहली बार है, जब भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड के एक ही दौरे पर सीमित ओवरों की दोनों सीरीज जीतीं। वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम ने इंग्लैंड के विरुद्ध पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम की थी। इंग्लैंड के अलावा भारतीय महिला टीम विदेशी सरजमीं पर तीन देशों के खिलाफ यह कारनामा कर चुकी है। भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल 2018 में वनडे सीरीज 2-1, जबकि टी20 सीरीज 3-1 से अपने नाम की। उसी साल टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज 2-1, जबकि टी20 सीरीज 4-0 से जीती। साल 2019 में भारत की महिला टीम ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध वनडे सीरीज 2-1 जीती। वहीं, टी20 सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ साल 2022 में उसी की सरजमीं पर वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक की मदद से पांच विकेट खोकर 318 रन बना दिए। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 64 रन की साझेदारी हुई। प्रतिका 26, जबकि मंधाना 45 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद कप्तान ने हरलीन देओल के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन जुटाए। देओल ने 65 गेंदों में 45 रन बनाए।

हरमनप्रीत कौर ने जेमिमा रोड्रिगेज के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन जोड़ते हुए भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया। जेमिमा ने 50 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि कौर ने 84 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 102 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की तरफ से लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसी स्मिथ ने एक-एक विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 49.5 ओवरों में 305 रन पर सिमट गई। टीम आठ के स्कोर तक सलामी दोनों बल्लेबाजों के विकेट गंवा चुकी थी। यहां से एम्मा लैंब ने कप्तान नतालिया-साइवर-ब्रंट के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन जोड़ते हुए टीम की उम्मीदों को जगाया। लैंब ने 81 गेंदों में 68 रन बनाए, जबकि ब्रंट ने 105 गेंदों में 11 चौकों के साथ 98 रन की पारी खेली।

# टेनिस में एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस, बस नवरातिलोवा से रह गईं पीछे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी।

वीनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बन गई हैं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने 45 साल की उम्र में अपने कुछ चिर परिचित सर्व और ग्राउंडस्ट्रोक का शानदार नजारा पेश किया और डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने से 22 वर्ष छोटी पीटन स्टर्न्स को 6-3, 6-4 से हराया। वीनस से अधिक उम्र में महिला एकल का मैच केवल मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है। नवरातिलोवा ने आखिरी बार 2004 में 47 वर्ष की उम्र में एकल मैच में जीत हासिल की थी। वीनस ने मैच के बाद कहा, जब मैं अभ्यास कर रही थी तो सोच रही थी कि हे भगवान, मुझे नहीं पता कि मैं अब भी अच्छी खिलाड़ी हूं या नहीं। फिर कुछ ऐसे मौके भी आते थे जब मुझे खुद पर भरोसा होता था। यहां तक कि पिछले सप्ताह भी मैं सोच रही थी कि मुझे अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए यह पूरा दिमाग का खेल है। वीनस एक साल से भी अधिक समय बाद किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। इससे पहले उन्होंने युगल मैच जीतकर शानदार वापसी की थी। अब उन्होंने दो वर्षों में पहली बार एकल मैच जीता है।

वीनस की दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना विलियम्स भी वापसी करें। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।





## 45 की उम्र में विराट कोहली के अंदाज में शादी करेगी ये महिला खिलाड़ी, कभी कहती थी सिंगल ही खुश हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेरेना विलियम्स की बड़ी बहन और दुनिया की पूर्व नंबर वन महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को नया प्यार मिल गया है। वह इटली के एक्टर से शादी करने जा रही हैं। उनका होने वाला दूल्हा उनसे 8 साल बड़ा है। 45 की उम्र में विराट कोहली के अंदाज में शादी करेगी ये महिला खिलाड़ी, कभी कहती थी सिंगल ही खुश हूं. कौन कहता है कि प्यार करने की उम्र होती है और जिंदगी में एक ही बार प्यार होता है? एक वक्त टेनिस की दुनिया की सबसे बड़ी महिला खिलाड़ी रहीं वीनस विलियम्स को ही ले लीजिए। उनसे छोटी सेरेना विलियम्स ने के को-फाउंडर के साथ 16 नवंबर 2017 को शादी की तो वीनस ने उस समय कहा था कि वह अकेले ही खुश हैं। इसका कारण कई बार उनका दिल टूटना था, लेकिन अब समय बदल चुका है। उन्हें अपना सच्चा प्यार मिल गया जी हां, कभी सिंगल ही खुश हूं कहने वाली वीनस विलियम्स अब मिंगल होने को तैयार हैं।

## राडुकानू ने डीसी ओपन में मार्टा कोस्त्युक को हराया

एम्मा राडुकानू ने सातवीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कोस्त्युक को इस तरह से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी हार का सिलसिला दो महीने से भी अधिक समय से चल रहा है। यह लगातार पांचवा टूर्नामेंट है जिसमें वह पहले दौर में बाहर हो गईं। उन्होंने 11 मई के बाद से कोई मैच नहीं जीता है। अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन और वर्तमान में विश्व में 46वीं रैंकिंग की खिलाड़ी राडुकानू का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा। ओसाका ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-2, 7-5 से हराया। इस हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट में पुरुषों के मुक़ाबले में कैम नॉरी ने दूसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी को 3-6, 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण पीठ दर्द के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। सेरेना 43 वर्ष की हैं और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी। टेनिस में उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे।

## राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष की पहली प्रतिक्रिया आई सामने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने घोषणा की कि वे पहले राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक का अध्ययन करेंगे, जो बुधवार को संसद में पेश किया जाना है, और उसके बाद ही वे इस पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार ने खुलासा किया कि बीसीसीआई प्रस्तावित राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025 के दायरे में आएगी जिसे संसद के मानसून सत्र में पेश किए जाने की उम्मीद है। हालांकि बीसीसीआई सरकारी धन पर निर्भर नहीं है, फिर भी विधेयक में इसके शामिल होने की व्यापक रूप से उम्मीद थी, खासकर 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय क्रिकेट टीम की प्रस्तावित भागीदारी को देखते हुए। शुक्ला ने विधेयक पेश होने से पहले इस पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा, हमें विधेयक पेश होने के बाद इसका अध्ययन करना होगा। उसके बाद ही मैं इस पर अपने विचार व्यक्त कर सकता हूं। बीसीसीआई तमिलनाडु सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 के तहत पंजीकृत है। बीसीसीआई भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट के सभी पहलुओं की देखरेख के लिए जिम्मेदार है। फिलहाल बीसीसीआई 45 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघों के अंतर्गत नहीं आता है। अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस विधेयक के दायरे में आता है, तो वह सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अधीन भी आ सकता है। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय खेल महासंघों (हस्त्र) के चुनावों और खिलाड़ियों के चयन को लेकर बार-बार होने वाले मुकदमेबाजी, एक समर्पित विवाद समाधान मंच का अभाव, महासंघों में खिलाड़ियों का कमजोर या नाममात्र का प्रतिनिधित्व, खेल नेतृत्व में लैंगिक असंतुलन और सभी महासंघों में मानक चुनावी प्रक्रिया का अभाव जैसी समस्याओं का समाधान करेगा।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई में मचा बवाल !

### रिटायरमेंट से पहले जॉन सीना को मिली धमकी

डब्ल्यूडब्ल्यूई के आइकॉनिक सुपरस्टार जॉन सीना इस वक्त अपने करियर के अंतिम सफर पर हैं, लेकिन उनके रिटायरमेंट से पहले माहौल पूरी तरह से गरमा गया है. समरस्लेम 2025 में सीना जहां कोडी रोड्स के खिलाफ अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप डिफेंड करने जा रहे हैं, वहीं स्कॉटिश रेसलर ड्रू मैकइंटायर ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.




मैकइंटायर ने जॉन सीना को ना सिर्फ सीधे चेतावनी दी है, बल्कि उन्हें 'जेली रोल' तक कह डाला है और डब्ल्यूडब्ल्यूई टाइटल के लिए अपनी दावेदारी भी पेश की है. लोगान पॉल के पॉडकास्ट में ड्रू ने खुलकर अपनी भड़ास निकाली और कहा, मैं पांच हफ्तों से बाहर था. अब मैं नए माइंडसेट और नए ड्रू के साथ लौटा हूं. अब मैं उन बेकार के पर्सनल झगड़ों में नहीं पड़ने वाला जिनमें मैं पिछले दो साल से फंसा था. सीएम पंक और डेमियन प्रीस्ट जैसे लोग मेरा वक्त बर्बाद कर रहे थे. अब मेरा फोकस सिर्फ एक चीज पर है और वो है डब्ल्यूडब्ल्यूई टाइटल. उन्होंने आगे कहा, रैंडी ऑर्टन पर मेरी हालिया जीत ने मुझे ट्रैक पर वापस ला दिया है, लेकिन जॉन सीना वह अब एक बी- है. उसने सब गड़बड़ कर दी. अब वो 'जेली रोल' बन गया है. वह अपने बेवकूफ चेहरे पर लात खाने का हकदार है.

## विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में वैष्णवी ने मचाया धमाल, टेनिस में पदक पक्का किया

**बर्लिन, एजेंसी।** भारतीय खिलाड़ी ने मेजबान देश की सिना हरमेन को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। अब उनका सामन स्लोवाकिया की एस्ट्जर मेरी से होगा। वह नंदन बल के बाद इन खेलों में पदक हासिल करने वाली दूसरी भारतीय बनेंगी। विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में टेनिस में भारत का पदक तय हो गया है। बीस साल की वैष्णवी अडकर ने जर्मनी में चल रहे खेलों की महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय खिलाड़ी ने मेजबान देश की सिना हरमेन को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। अब उनका सामन स्लोवाकिया की एस्ट्जर मेरी से होगा। वह नंदन बल के बाद इन खेलों में पदक हासिल करने वाली दूसरी भारतीय बनेंगी। नंदन ने 1979 में मेक्सिको सिटी में रजत पदक हासिल किया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराया, अपना आखिरी मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने बनाए 36 रन

**किंगस्टन, एजेंसी।** एडम जम्पा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद जॉश इंग्लिश नाबाद (78) और कैमरन ग्रीन (56) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 28 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। टीम को दूसरा झटका 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद जॉश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की अविजित



साझेदारी हुई।

ऑस्ट्रेलिया ने 15.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जॉश इंग्लिश ने 33 गेंद में पांच छक्के और सात चौकों की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली। वही कैमरन ग्रीन 32 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए नाबाद 56 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। ब्रैंडन किंग 36 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली। कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर सके और एक के बाद एक विकेट गवांते चले गए। इस दौरान वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने भी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। शिमरोन हेटमायर 10 गेंद में 14 रन, रोस्टन चेज 16 गेंद में 16 रन, रोवमन पॉवेल 14 गेंद में 12 रन और शेरफेन रदरफोर्ड (शून्य) पर पवेलियन लौट गए।

## सिंधू ने मियाजाकी को हराया, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी अगले दौर में पहुंची



**चांग्झू, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पी वी सिंधू ने बुधवार को जापान की छठी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21, 21-17 से हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिंधू ने शानदार शुरुआत की और लगातार सात अंक लेकर पहले गेम में 13-5 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से यह गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में मियाजाकी ने शानदार वापसी की और लगातार नौ अंक लेकर 12-8 की बढ़त बना ली। जापान की खिलाड़ी ने यह गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। सिंधू ने तीसरे और निर्णायक गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार बढ़त बनाए रखकर 62 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू का सामना दूसरी बार मियाजाकी से हो रहा था। पिछले साल स्विस ओपन में वह जापानी खिलाड़ी से हार गई थीं। इस बीच, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व की 15वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को केवल 31 मिनट में 21-13, 21-9 से हराकर दमदार शुरुआत की।

# दूसरों से मांग- मांग कर खाती थी खाना, शुभमन गिल से मिलने के बाद बदली किस्मत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की टीम इंडिया टेस्ट सीरीज में भले ही 1-2 से पिछड़ी हो. मगर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वहां अपने दबदबे की कहानी पूरी तरह से लिखी है. उसने टी-20 के बाद अब वनडे सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है. भारतीय महिलाओं ने 3 वनडे की सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया. भारत की इस सीरीज जीत में उसके तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ की भूमिका सबसे बढ़कर रही. अपने नाम की ही तरह उन्होंने इंग्लैंड में काम से भी क्रांति ला दी. 21 साल की भारतीय गेंदबाज ने इंग्लैंड के 9 बल्लेबाजों को अपना निशाना बनाया. इस कामयाबी के बाद वो वनडे सीरीज की सबसे सफल गेंदबाज बन गई.

हालांकि, इंग्लैंड में गेंद से क्रांति ला देने वाली भारतीय गेंदबाज का टीम इंडिया तक का सफर आसान नहीं रहा. टीम इंडिया की जर्सी पहनकर भारत का नाम रोशन करने से पहले उन्हें अपनी जिंदगी में हर कदम पर एक जंग लड़नी पड़ी. क्रांति गौड़ और उनके परिवार




को पेट पालने के लिए भी जूझना पड़ा.

क्रांति गौड़ का एक इंटरव्यू जारी किया है, जिसमें वो अपने जीवन के संघर्षों के बारे में खुलकर बात कर रही हैं. उसी में उन्होंने बताया कि बुरे वक्त में खाने के



लिए उन्हें दूसरों से मांगना भी पड़ा है. क्रांति गौड़ आगे कहती हैं कि पिता की नौकरी चली गई थी. उनके भाई का काम भी अच्छा नहीं चल रहा था. उन बुरे हालातों में मां के गहने बेचकर किसी तरह से घर चला. सामने आए इंटरव्यू में उन्होंने अपने क्रिकेटर बनने की जर्नी के बारे में भी बताया.

क्रांति गौड़ ने इसी साल मई में इंटरनेशनल डेब्यू श्रीलंका के खिलाफ किया था. कोलंबो में खेले उस वनडे मुकाबले में क्रांति को विकेट नहीं मिला. इसके बाद जुलाई 2025 में उन्होंने टी-20 डेब्यू इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में किया मगर उसमें भी विकेट नहीं मिला. बैक टू बैक दो डेब्यू पर नाकामी के बाद क्रांति गौड़ की मुलाकात इंग्लैंड में ही किंग से मिलने-जुलने के दौरान शुभमन गिल से हुई. क्रांति गौड़ ने शुभमन गिल से मुलाकात की अपनी तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है.15 जुलाई को क्रांति गौड़ की शुभमन गिल से ये मुलाकात हुई और 16 जुलाई से उनकी किस्मत बदलनी शुरू हो गई. असर ये हुआ कि अपने इंटरनेशनल करियर के पहले दो मैचों में विकेट लेने में नाकाम रहने वाली क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के 3 मैचों में 15.11 की औसत से 9 विकेट चटका दिए .

## संक्षिप्त समाचार

### मंडोला विहार योजना में सस्ते दाम पर जमीन सहित मिलेगा मकान, जल्द शुरू होगा यह काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद में आवास एवं विकास परिषद की मंडोला विहार आवासीय योजना में काफी समय से लंबित स्ववित्त पोषित मकानों की योजना जल्द धरातल पर उतरने वाली है। इस योजना में जमीन सहित मकान मिलेंगे जिनकी कीमत महज 23 लाख रुपये से शुरू होगी। इसके लिए सड़कों का निर्माण किया जाएगा। 2.3 करोड़ रुपये की लागत से अंदरूनी सड़कें बनाई जाएंगी। मंडोला विहार योजना की दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से कनेक्टिविटी के बाद लोगों की यहां रुचि बढ़ी है। इसीलिए परिषद ने 226 स्ववित्तपोषित मकानों की योजना बनाई है। यह योजना एक साल पहले बनी थी, जो विभागीय अड़चनों के कारण अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। इस योजना में लोगों को जमीन समेत मकान का मौका मिलेगा और चार तरह के मकानों के लिए लोग आवेदन कर सकते हैं। करीब 23 लाख से 60 लाख रुपये तक की कीमत के आवास होंगे। योजना की सभी तैयारी कर बुकलेट मुख्यालय को भेज दी गई है। हरी झंडी मिलते ही इसके लिए पंजीकरण भी शुरू कर दिए जाएंगे। इसीलिए अब योजना का काम भी शुरू किया जा रहा है। यह योजना मंडोला विहार के सेक्टर छह में प्रस्तावित है और यहां पर परिषद 2.3 करोड़ रुपये की लागत से अंदरूनी सड़कों का निर्माण कराएगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही धरातल पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। सड़कों का काम नौ माह में पूरा किया जाएगा। सड़क के साथ बाकी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। योजना के पंजीकरण के बाद ड्रॉ होगा और उम्मीदवारों के चयन के बाद भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। भवन तैयार होने के लिए पांच साल की अवधि रखी गई है। परिषद को उम्मीद है कि इस योजना को लोग हाथों-हाथ लेंगे। नई सड़क बनाने के साथ ही मंडोला विहार की 30 मीटर चौड़ी सड़क को गड्ढामुक्त भी किया जाएगा। 10 लाख रुपये की लागत होने वाले इस कार्य की शुरुआत बारिश रुकते ही हो जाएगी। यह सड़क मंडोला की प्रमुख सड़कों में से एक है, जहां लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण गड्ढे हो गए हैं। मरम्मत के बाद वाहन चालकों को राहत मिलेगी। सेक्टर छह में सड़क के साथ सेक्टर एक के ए और बी ब्लॉक में पेयजल लाइन डालने का भी कार्य जल्द शुरू होगा। इसकी लागत 34 लाख रुपये है। घरों तक पानी पहुंचाने के लिए गलियों में पाइपलाइन बिछाई जाएगी। आसपास के इलाके में बसावट शुरू होने से पहले यह कार्य कराया जा रहा है ताकि लोगों को परेशानी न हो। नीरज राजपूत, अधिशासी अभियंता, आवास एवं विकास परिषद, मंडोला विहार के सेक्टर छह की अंदरूनी सड़कें बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इसकी लागत करीब सवा दो करोड़ रुपये होगी। यह कार्य नौ माह में पूरा किया जाएगा।

### मुझे संतुष्ट नहीं कर पाता था; दिल्ली में पति को मार पत्नी का कबूलनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 29 साल की एक महिला को मंगलवार को पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि 32 साल के पति की हत्या के बाद उसने इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश भी की। घटना दिल्ली के निहाल विहार इलाके में रविवार शाम हुई। बाद में पुलिस ने जब पत्नी के फोन में सर्च हिस्ट्री जांच की तो यह देखकर काफी कुछ साफ हो गया कि किसी शख्स को मारने के तरीके की खोज की गई थी। फरजाना खान नाम की महिला ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने ही अपने पति मोहम्मद शाहिद उर्फ इरफान की हत्या कर दी क्योंकि वह रिश्ते से खुश नहीं थी।फरजाना ने जांचकर्ताओं को यह भी बताया कि शाहिद उसे संबंध बनाते हुए संतुष्ट नहीं कर पाता था। इसके अलावा वह कर्ज में भी था और ऑनलाइन सट्टेबाजी करता था। फरजाना ने यह भी खुलासा किया कि वह उसके चचेरे भाई के साथ अफेयर में थी। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी दोनों बरेली के रहने वाले थे। रविवार शाम पुलिस को संजय गांधी अस्पताल से फोन आया कि एक व्यक्ति को मृत हालत में लाया गया है। शाहिद के शव को लेकर अस्पताल पहुंचे भाई ने पुलिस को बताया कि भरजाना ने उसे बताया था कि शाहिद ने कर्ज की वजह से खुद अपनी जान दे दी। लेकिन पुलिस को शरीर पर तीन घाव देखकर आशंका हुई।

# मंडरा रहा बाढ़ का संकट! हरियाणा ने बढ़ा दी टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर फिर बढ़ रहा है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के अनुसार, इस मौसम में पहली बार हथनीकुंड बैराज से 50,000 क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया। मंगलवार को तड़के 1 बजे यह प्रवाह 54,707 क्यूसेक के चरम पर पहुंचा। यह पानी 48-50 घंटों में दिल्ली पहुंचेगा, जिससे यमुना का जलस्तर अलर्ट मोड पर 204.5 मीटर के करीब पहुंच सकता है। यानी दिल्ली में फिर बाढ़ जैसे हालात हो सकते हैं। मंगलवार शाम 5 बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज पर जलस्तर 202.24 मीटर दर्ज किया गया।

यमुना कार्यकर्ता और साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल के सदस्य भीम सिंह रावत ने बताया, यह पहली बार है जब इस मौसम में जल प्रवाह 50,000 क्यूसेक को पार कर गया। यमुना के ऊपरी क्षेत्रों में और बारिश की संभावना है, जिससे अगले दो-तीन दिनों में जलस्तर और बढ़ सकता है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़े बताते हैं कि सोमवार रात 9 बजे से चार घंटों तक प्रवाह 50,000 क्यूसेक से अधिक रहा, जो मंगलवार तड़के 2 बजे 48,974 क्यूसेक तक कम हुआ। पिछले साल यमुना का जलस्तर चेतावनी स्तर तक नहीं पहुंचा था। 26 सितंबर 2024 को अधिकतम 204.38



मीटर दर्ज किया गया था। वहीं, 2023 में नदी ने 11 जुलाई को 208.66 मीटर के साथ चेतावनी स्तर को पार किया था। पिछले 63 सालों में, 53 बार यमुना का जलस्तर 204.5 मीटर के चेतावनी स्तर को पार कर चुका है, जो इसे एक आम वार्षिक घटना बनाता है। 43 बार यह 205 मीटर, 14 बार 206 मीटर और चार बार 207 मीटर को पार कर चुकी है।

सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने बताया कि हथनीकुंड बैराज से 100,000 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने पर पहली चेतावनी जारी होगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में कंट्रोल रूम सक्रिय हो जाएंगे और निगरानी शुरू होगी। नावों को कमजोर स्थानों पर तैनात किया जाएगा। यदि प्रवाह 300,000 क्यूसेक से अधिक होता है, तो दूसरी चेतावनी जारी होगी, जिसमें नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की व्यवस्था होगी।

बाढ़ से निपटने के लिए नावों को तैयार रखा गया है और कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज, हाथी घाट और लिंक रोड जैसे क्षेत्रों में टेंट लगाए जा रहे हैं, जहां निचले इलाकों के लोगों को शिफ्ट किया जाएगा। दो हफ्ते पहले, दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने केंद्रीय, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेटों के साथ बाढ़ तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने बाढ़ नियंत्रण के लिए जमीनी उपायों और कार्य योजनाओं की जानकारी दी।

मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों ने नदी के एक हिस्से का नाव से निरीक्षण किया, जिसमें जलस्तर, प्रवाह और तटबंधों की स्थिति का जायजा लिया गया। यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया कि दिल्ली बाढ़ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली में यमुना का चेतावनी स्तर 204.5 मीटर और खतरे का स्तर 205.33 मीटर माना जाता है। जैसे-जैसे जलस्तर बढ़ रहा है, प्रशासन और निवासियों की नजर नदी पर टिकी है। क्या इस बार यमुना अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी, या प्रशासन की तैयारियां इसे काबू में रखेंगी?

## नमो भारत ट्रेन रूट के लिए गुरुग्राम में डायवर्जन प्लान बना रही एनसीआरटीसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम में नमो भारत ट्रेन के रूट के बीच में आ रही रुकावटों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की तरफ से डायवर्जन योजना बनाई जा रही है। इस सिलसिले में जीएमडीए से पानी, सीवर, शोधित पानी की लाइन के अलावा बरसाती नाले के स्थानांतरण को लेकर मंजूरी मांगी गई है। इनकी लंबाई करीब पांच किलोमीटर है।

एनसीआरटीसी ने दिल्ली से राजस्थान के नीमराना तक नमो भारत ट्रेन चलाने की योजना बनाई है। करीब 34 हजार करोड़ रुपये की इस योजना के तहत 16 स्टेशन का निर्माण करने की योजना है। इसमें दिल्ली में चार स्टेशन होंगे, जबकि गुरुग्राम और रेवाड़ी में 11 स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। राजस्थान के नीमराना में अंतिम स्टेशन तैयार होगा।

गुरुग्राम में नमो भारत ट्रेन के निर्माण के बीच में आ रही अड़चनों को दूर करने की कवायद शुरू कर दी गई है। एनसीआरटीसी के मुताबिक रूट के बीच में करीब 870 मीटर लंबी मुख्य सीवर लाइन आ रही है। इसमें 270 मीटर सीवर लाइन नेस्ले बिल्डिंग के पास है, जबकि 600 मीटर सीवर लाइन गांव झाड़सा से लेकर राजीव चौक के मध्य है। यह पाइपलाइन 1400 और 1800 एमएम क्षमता की है। नमो भारत रूट के बीच शोधित पानी की लाइन करीब 1100 मीटर आ रही है। यह लाइन सिग्नेचर टावर से लेकर झाड़सा चौक और झाड़सा से राजीव चौक के बीच है। इस पाइप लाइन की चौड़ाई 300 और 400 एमएम है। बरसाती नाला करीब 1300 मीटर है। यह साइबर सिटी स्टेशन और झाड़सा से लेकर राजीव चौक तक नमो भारत रूट निर्माण के बीच में आ रहा है।

## फ्रांस से आई महिला ने सुअरखाने से कर दी गुरुग्राम की तुलना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कूड़े के ऊंचे ढेर, टूटे हुए फुटपाथ, सीवर के पानी से भरी गलियां और गंदगी की वजह से गुरुग्राम के अधिकतर निवासी इन दिनों बेहद नाराज हैं। कई लोग सोशल मीडिया पर भी अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। साइबर सिटी के नाम से मशहूर गुरुग्राम में रह रही एक विदेशी महिला तो इस कदर भड़की की उसने शहर की तुलना सुअर के घर से कर डाली। महिला मूल रूप से फ्रांस की रहने वाली है। मैथिल्डे आर लंबे समय से गुरुग्राम में रह रही हैं और एक्स बायो के मुताबिक उन्होंने एक भारतीय से शादी की है। मैथिल्डे गुरुग्राम में गंदगी की समस्या को अक्सर सोशल मीडिया पर उठाती हैं और इसे साफ-सुथरा किए जाने की मांग करती हैं। अब उन्होंने अपनी भड़ास निकालते हुए गुरुग्राम की तुलना सुअर के घर से कर डाली और कहा कि यहां लोग जानवरों की तरह रह रहे हैं। मैथिल्डे ने एक्स पर लिखा, जो एक शानदार आधुनिक, शांत शहर हो सकता था वह बड़े कूड़े के ढेर में तब्दील हो गया है। मेरे कई प्रवासी दोस्त वापस दिल्ली जा रहे हैं या फिर भारत छोड़ रहे हैं, यह सोचकर कि विदेश में बेहतर स्थित होगी। लेकिन उनका क्या जो यहां रह गए हैं? कई लोग खुद को अभिशप्त महसूस करते हैं, सुअर के घर में जानवरों की तरह रहने के लिए अभिशप्त। कोई सम्मान नहीं, अथॉरिटीज से कोई मदद नहीं, जिन पर अब कई लोग भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हैं। गुड़गांव के लोगों में नाराजगी पढ़ रही है, जो इस बात को लेकर हैरानी में हैं कि उनके टैक्स के पैसे उनको सम्मानपूर्ण जिंदगी देने की बजाय दूसरों के किले बनाए जा रहे हैं। मैथिल्डे ने यह टिप्पणी ऐसे समय पर की है जब शहर के कई हिस्सों में सफाई कर्मियों के अभाव में गंदगी का अंबार लग गया है। एक रिपोर्ट में बताया था कि कैसे बांग्लादेशियों-रोहिंग्या की पहचान को लेकर चलाए जा रहे अभियान की वजह से बहुत से ऐसे प्रवासी शहर छोड़कर जा चुके हैं, जो यहां कूड़ा उठाने और साफ-सफाई के काम में जुटे थे। रिपोर्ट में बताया गया था कि सेक्टर 103 से पालम विहार, सेक्टर 56,57 गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड, सेक्टर 29 और नए बसे सेक्टर, गलियों में कूड़े के ढेर पड़े हैं। कई हाउसिंग सोसाइटीज को खुद की ट्रैक्टर किराये पर लेकर कूड़ा हटवाना पड़ रहा है। दरअसल, गुरुग्राम म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन का घर-घर से कूड़ा उठाने का काम बड़े पैमाने पर अस्थायी और ठेका कर्मियों के सहारे चल रहा है। कई इलाकों में इन सफाईकर्मियों का अभाव है। सोमवार को सिटिजन्स फॉर क्लीन एयर की ओर से सोमवार को एमसीजी कमिश्नर प्रदीप दहिया को ज्ञापन भी सौंपा गया था।

## खेती की जमीन को अपना बताकर हड़पे 36 लाख

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गांव नरहावली और मोठूका स्थित किसी और की खेती वाली जमीन को अपना बताकर नूंह और पलवल के 22 फर्जी किसानों ने फसल बीमा योजना के तहत सरकार से करीब 36 लाख रुपये ऐंठ लिए। जांच में खुलासा होने के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने सेंट्रल थाना में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुटी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग में तैनात इंस्पेक्टर भगत सिंह ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव नरहावली,मोठूका और मलेरना के काफी किसानों की कृषि भूमि पर फर्जीवाड़ा किया गया है। पलवल और नूंह निवासी कई लोगों ने गांव नरहावली, मोठूका और मलेरना के किसानों को बिना बताए उनकी खेती की जमीन पर फर्जी कागजात तैयार किया। फिर फसलीय वर्ष 2024-25 के तहत खरीफ फसल (धान) के ऐवज में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण कराकर नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल (एनसीईपी) से फसल बीमा का लाभ ले लिया। सूचना मिलते ही सीएम फ्लाइंग की टीम कृषि विभाग के सहयोग से पंचकुला स्थित बीमा कंपनी से संपर्क किया गया। वहां से मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण वाले किसानो की सूची ली गई। इसके बाद जांच की गई। जांच में नूंह और पलवल के 22 व्यक्ति फर्जीवाड़े में संलिप्त पाए गए। आरोपियों ने करीब 36 लाख से अधिक रुपये फर्जी तरीके से बीमा कंपनी से हासिल कर लिए। इसके बाद उनके खिलाफ सेंट्रल थाना में शिकायत दी गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

शिकायकर्ता इंस्पेक्टर भगत सिंह के अनुसार जांच के दौरान असल जमीन मालिकों से पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह अपने जानकारों को अपनी जमीन खेती पर पट्टे पर दे रखा है। फर्जीवाड़ा करने वाले फर्जी किसानों से उनकी कोई जान-पहचान या संपर्क नहीं है। ऐसे में जांच में सामने आया कि आरोपियों ने असली भू-मालिकों के नाम से उनकी जमीन का नूंह स्थित तहसील में एक नोटरी से स्त्यापन कराकर फर्जी किसान प्रमाण पत्र बनाया। इसके बाद उसे मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल अपलोड किया। फिर बीमा का लाभ लिया। शिकायतकर्ता इंस्पेक्टर भगत सिंह के अनुसार हरियाणा राज्य में जब कोई किसान मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपने फसल का बीमा कराते हैं तो पांच प्रतिशत बीमा प्रिमियम राशि में से दो प्रतिशत किसान द्वारा और तीन प्रतिशत में आधा राज्य सरकार और आधा केंद्र सरकार द्वारा जमा कराया जाता है। इसके बाद किसी प्रकार के नुकसान या समय सीमा पूरा होने पर बीमा की पूर्ण राशि सरकार द्वारा किसानों को दी जाती है।

### रोहिंग्या और बांग्लादेशियों पर पैनी नजर, संदिग्ध प्रवासियों के लिए बने 4 डिटेंशन सेंटर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं की पहचान के लिए गुरुग्राम में काम तेज हो गया है। इसके लिए गुरुग्राम में कुल चार डिटेंशन सेंटर बनाए गए हैं, जहां लोगों को उनके दस्तावेजों की वेरिफिकेशन के लिए लाया जा रहा है। वहीं, गुरुग्राम नगर निगम के सफाई ठेकेदार के साथ काम कर रहे सफाई कर्मी खासकर पश्चिम बंगाल और असम से आए लोग इन दिनों अधिकारियों की कड़ी निगरानी में हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी नागरिकता की जांच की जा रही है। डिटेंशन सेंटर में 50 से अधिक लोगों रखा गया है। पुलिस का कहना है कि उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद सभी को छोड़ दिया जाएगा। गुरुग्राम पुलिस ने 17 जुलाई को जिला प्रशासन को पत्र लिखकर इन डिटेंशन सेंटर की स्थापना का अनुरोध किया था। पुलिस ने अपने पत्र में केंद्रीय मंत्रालय के 2 मई 2025 के निर्देश का हवाला दिया था, जिसमें राज्यों को जिला स्तर पर बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की पहचान करने के लिए कहा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनके निर्वासन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी बनाई है। यदि कोई बांग्लादेशी या रोहिंग्या भारत में अवैध रूप से रह रहा पाया जाता है, तो उसे हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटर में रखा जाना है।

## ट्रंप का डबल गेम: ताइवान को रक्षा का वादा, जिनपिंग से भी मुलाकात की तैयारी, बोले-यूएस और चीन के रिश्ते "बहुत अच्छे"

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एशिया नीति एक बार फिर सुर्खियों में है। एक तरफ उन्होंने अपने ताजा बयान में चीन की तारीफ कर संकेत दिया है कि उनका बीजिंग दौरा अब ज्यादा दूर नहीं है, वहीं दूसरी तरफ वे ताइवान को भरोसा भी दिला चुके हैं कि हर हाल में अमेरिका उसके साथ खड़ा रहेगा। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर से मुलाकात के दौरान कहा कि ''अब चीन की यात्रा बहुत दूर की बात नहीं'' , जिससे साफ है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं फिर से संबंधों को पटरी पर लाने की कोशिश में हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका



और चीन के रिश्ते ''बहुत अच्छे'' हैं। उन्होंने बताया कि चीन ने अमेरिका को दुर्लभ धातुओं से बने चुंबक बड़ी मात्रा में भेजना फिर शुरू कर दिया है। ये मैग्नेट आईफोन और इलेक्ट्रिक गाड़ियों जैसे हाईटेक प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल होते हैं। ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद से उनके और शी जिनपिंग के बीच मुलाकात को लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं। बीजिंग यात्रा जल्द हो सकती है।चीन को लेकर नरमी के संकेत देने से ठीक पहले ट्रंप ने ताइवान के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर से भी मुलाकात की और हर परिस्थिति में ताइवान के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। ट्रंप ने फिलीपीन के साथ ''बेहतरीन सैन्य संबंधों'' की भी तारीफ की। दरअसल अमेरिका इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए फिलीपीन, ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे सहयोगियों को साथ लेकर चल रहा है।

## पश्चिमी देश उलझे परमिट में, चीन ने खड़ी कर दी पावर की नई दीवार

**बीजिंग , एजेंसी।**
जब दुनिया के पश्चिमी देश किसी प्रोजेक्ट के लिए परमिट, फाइलों और कानूनी उलझनों में फंसे रहते हैं, तब चीन उसी दौरान कुछ ऐसा कर देता है जो देखने वालों को हैरान कर दे।ताज़ा उदाहरण है चीन का बाइहेतान हाइड्रो पावर स्टेशन जिसे बनाने में चीन ने ऐसा काम कर दिखाया जिसे विदेशी इंजीनियर भी 'पागलपन' कहकर पुकार रहे हैं।इस परियोजना की शुरुआत 2017 में हुई थी। इसके बाद जो हुआ वो वाकई अद्भुत था चीन ने लगातार बिना रुके 8 मिलियन क्यूबिक मीटर कंक्रीट इस बांध पर डाल दी। सोचने की बात यह है कि जहां दूसरे देश क्रेन और ट्रक से धीरे-धीरे कंक्रीट डालते हैं, वहीं चीन ने इसे पूरा करने के लिए पूरा 'एयरबॉर्न' कंक्रीट कारखाना ही खड़ा कर दिया। सीमेंट मिक्सर ऐसे उड़ते नजर आए जैसे कोई साइंस फिक्शन फिल्म में ड्रोन उड़ रहे हों। रात-दिन काम चलता रहा कोई रुकावट नहीं, कोई देरी नहीं। बाइहेतान हाइड्रो पावर स्टेशन आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हाइड्रो पावर स्टेशन है। इसकी स्थापित क्षमता 16,000 मेगावाट है यानी अकेले ये स्टेशन कई देशों के बराबर बिजली बना सकता है। इस प्रोजेक्ट की खास बात ये भी है कि इसके लिए किसी भी उपकरण या पार्ट को बाहर से आयात नहीं किया गया। विशाल टरबाइन रनर से लेकर मेन शाफ्ट तक सब कुछ चीन में ही बनाया गया। कोई विदेशी कंपनी या टेक्नोलॉजी का 'हाथ पकड़कर' नहीं चलना पड़ा।कई विदेशी इंजीनियरों ने इस प्रोजेक्ट को देख कर कहा कि ये काम सामान्य तरीके से मुमकिन ही नहीं था। इतनी तेजी और इतने बड़े पैमाने पर निर्माण करना उनके लिए 'पागलपन' जैसा ही है।

# आप लोग अकेले नहीं हैं, इमरान खान के बेटों से मिले ट्रंप के करीबी सहयोगी; रिहाई की मांग

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत रिचर्ड ग्रेनेल ने मंगलवार को कैलिफोर्निया में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलेमान ईसा खान और कासिम खान से मुलाकात की। इस मुलाकात में ग्रेनेल ने इमरान खान की रिहाई की मांग को दोहराया और उनकी गिरफ्तारी को राजनीतिक उत्पीड़न करार दिया।

ग्रेनेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर सुलेमान और कासिम के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, कैलिफोर्निया में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम खान आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं।

**क्यों खास मानी जा रहा मुलाकात?:** यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब इमरान खान की जेल में हिरासत की स्थिति को लेकर पीटीआई नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता लगातार आलोचना कर रहे हैं। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं, जहां उन्हें 14 साल की सजा सुनाई गई है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और राज्य के रहस्यों के दुरुपयोग सहित 100 से अधिक आरोप हैं, जिन्हें वे और उनकी पार्टी राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हैं।

ग्रेनेल ने पहले भी इमरान खान का समर्थन किया है। ट्रंप के चुनाव अभियान के दौरान न्यूजमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में, उन्होंने कहा था कि ट्रंप



प्रशासन के दौरान इमरान खान के नेतृत्व में अमेरिका-पाकिस्तान संबंध बेहतर थे। उन्होंने इमरान खान को एक व्यक्ति बताया था जो सामान्य भाषा में बात करता था और ट्रंप के साथ उनका अच्छा रिश्ता था। ग्रेनेल ने खान की कानूनी चुनौतियों को ट्रंप के सामने आई कानूनी चुनौतियों से तुलना की।

**जेल की स्थिति पर चिंता:** पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वक्कास अकरम ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि इमरान खान को मृत्यु कक्ष में रखा गया है, जहां उन्हें किताबें, टेलीविजन या समाचार पत्र तक की पहुंच नहीं है। उन्होंने कहा कि एक पूर्व प्रधानमंत्री होने के बावजूद, खान को सामान्य कैदियों के बुनियादी अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है।

इमरान खान के बेटों, कासिम और सुलेमान, ने भी अपने पिता की जेल की स्थिति को अमानवीय बताया है। मई 2025 में, उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि उनके पिता को एक उच्च-सुरक्षा कक्ष में पूरी तरह से अलग-थलग रखा गया है, जिसे उन्होंने मृत्यु कक्ष कहा। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप और अन्य वैश्विक नेताओं से अपने पिता की रिहाई के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की थी। इमरान खान और डोनाल्ड ट्रंप के बीच 2019 और 2020 में कई मुलाकातें हुई थीं, जिनमें जुलाई 2019 में वाशिंगटन डीसी में और जनवरी 2020 में दावोस में हुई बैठकें शामिल हैं। ट्रंप ने खान को लोकप्रिय और महान एथलीट कहकर उनकी तारीफ की थी। दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान में शांति प्रक्रिया और कश्मीर पर भी चर्चा की थी, जिसमें ट्रंप ने मध्यस्थता की पेशकश भी की थी।ग्रेनेल की टिप्पणियों को पीटीआई समर्थकों के बीच उत्साह के साथ देखा गया है, खासकर अमेरिका में रहने वाले पाकिस्तानी डायस्पोरा के बीच, जो खान की रिहाई के लिए अभियान चला रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ने इन टिप्पणियों को खारिज करते हुए इसे आंतरिक मामला बताया है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सीनेटर तलाल चौधरी ने कहा कि खान के खिलाफ भ्रष्टाचार और संवैधानिक उल्लंघन के आरोप हैं, और उनकी रिहाई की संभावना नहीं है। इसके अलावा, खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने भी पिछले साल अक्टूबर में खान की जेल की स्थिति की निंदा की थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनकी बिजली काट दी गई थी और उन्हें वकीलों और परिवार से मिलने से रोका गया था।

# पिछड़ा वर्ग आयोग ने की विभिन्न मामलों की समीक्षा

## संबंधित पदाधिकारियों को आयोग के अध्यक्ष ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को बोकारो परिसदन सभागार में पिछड़ा वर्ग आयोग झारखंड के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में तथा आयोग के सदस्य नरेश वर्मा, लक्ष्मण यादव एवं नंद किशोर मेहता की उपस्थिति में पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद अध्यक्ष ने कहा कि जिले में पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए टीम बोकारो आई है। बैठक के दौरान टीम ने जिले में संपन्न डोर टू डोर सर्वे, कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्ति में आरक्षण का लाभ व प्रावधान की स्थिति, पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही, टीम ने प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु में पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को दिए गया मुआवजा, नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में पिछड़ा वर्ग के लाभुकों की संख्या, मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों सहित अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। माननीय अध्यक्ष व सदस्यों ने पढ़ने लिखने वाले बच्चों/नौकरी आदि के लिए सही समय पर प्रमाण पत्र मिल जाएं, इसे अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। भूमि के दाखिल झ खारिज के मामलों को बेवजह रिजेक्ट नहीं करेंगे, अगर दस्तावेज में कोई कमी है तो उसे पेंडिंग रख दस्तावेज उपलब्ध कराने को भू मालिक हो तामिला करें और सब कुछ ठीक होने पर दाखिल झ खारीज की प्रक्रिया को पूरा करें। उसे साथ ही, कल्याण व शिक्षा विभाग द्वारा छात्र झ छात्राओं के साइकिल वितरण का कार्य विद्यालय स्तर पर आयोजित करने को कहा। बैठक में डीपीएलआर मेनका, अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), सभी अंचलों के अंचलाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## स्नेह मिलन सह चौपाई गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संस्था के माध्यम से संगठित समाज एवं उसके क्रियाकलाप उल्लेखनीय हैं। विशेष रूप से स्नेह मिलन समाज को जोडने या जोड़े रखने में सक्षम एक कड़ी है। उक्त बातें संस्था की प्रदेश महासचिव साध्वी झा ने बी एस एल झोपडी कलोनी स्थित संस्कार केंद्र गुरु वशिष्ठ शिशु सृजन वाटिका में आयोजित स्नेह-मिलन कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहे। संकल्प सृजन बोकारो द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों में दो अलग अलग स्थानों पर स्नेह मिलन का आयोजन किया गया था। माता मनोरमा शिशु सृजन वाटिका का स्नेह मिलन सोनाटांड स्थित कार्यालय में डॉ० बी.बी.कश्यप एवं उनके दोनों पुत्र विशाल कश्यप व विनय कश्यप के द्वारा आयोजित किया गया था। स्मृति शेष मनोरमा कश्यप की पुण्य तिथि पर बच्चों के बीच दोहा, मंत्र, चौपाई गायन प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के साथ फल, मिठाई चाकलेट भेंट कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। विनय कश्यप एवं विशाल कश्यप ने बच्चों को अच्छे से पढने एवं अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। उसी प्रकार गुरु वशिष्ठ शिशु सृजन वाटिका, झोपडी कलोनी में निशा झा व राज कृष्ण राज की ओर से पुत्र सर्वेश झा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन सह प्रतिभा सम्मान का आयोजन कराया गया।

# कई प्रखंडों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक, अविलंब सुधार की आवश्यकता : डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) एवं प्रखंड प्रमुखों के साथ संयुक्त बैठक की। जिसमें 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के तहत राशि खर्च की प्रगति तथा मनरेगा एवं आवास योजनाओं की स्थिति की क्रमवार समीक्षा किया गया।

**प्रखंडों का प्रदर्शन असंतोषजनक, तुरंत सुधार का दिया निर्देश**

डीडीसी ने बैठक में कहा कि कई प्रखंडों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है, जिसे अविलंब सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से इसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि खर्च में तेजी लाने हेतु बीडीओ और प्रमुख के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। किसी बात को लेकर अगर आपसी मतभेद है, तो उसे पीछे छोड़ विकास के लिए एकजुट होकर तेजी से काम करने को कहा। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बीडीओ और प्रखंड प्रमुखों के बीच नियमित समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

**मनरेगा में मानव दिवस सृजन पर विशेष जोर**

डीडीसी ने कहा कि मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन में लक्ष्य अनुरूप प्रगति जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से प्रारंभ और पूर्ण की जाएं ताकि मजदूरों को रोजगार मिले और आंकड़ों में सुधार हो।

**अपूर्ण पीएम आवास – अबुआ आवासों को कराएं पूर्ण**

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) एवं अबुआ आवास (एएवाई) के तहत लंबित/अपूर्ण आवासों की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी मामलों की सूची तैयार कर त्वरित रूप से कार्य पूर्ण कराएं। प्रखंड समन्वयक - रोजगार सेवक को इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया।

**एनएलएम टीम का संभावित दौरा – तैयारी रखें चाक-चौबंद**

बैठक में डीडीसी ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय लेबल मॉनिटरिंग (एनएलएम) की टीम का जिला दौरा संभावित है। उन्होंने सभी प्रखंडों को कागजी एवं भौतिक प्रगति को अद्यतन रखने तथा फील्ड स्तर की तैयारियों को पुख्ता करने का निर्देश दिया। मौके पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख सहित संबंधित विभागों के अधिकारी झ कर्मी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पिछड़ा वर्ग आयोग ने ट्रिपल टेस्ट को लेकर किया विभिन्न वार्डों का दौरा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव एवं आयोग के माननीय सदस्य नरेश वर्मा, लक्ष्मण यादव एवं नंद किशोर मेहता की उपस्थिति में ट्रिपल टेस्ट के तहत बुधवार को चास नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं 02 -03, 04-07 एवं 35 का दौरा किया। इस दौरान आयोग ने वार्ड नं 02 - 03 अंतर्गत मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय चीरा चास, वार्ड संख्या 04-07 अंतर्गत मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय देमुडीह एवं वार्ड 35 अंतर्गत मतदान केंद्र वी के एम इंटर कालेज विस्थापित चौक में बीएलओ द्वारा उपलब्ध मतदाता सूची के साथ निगम द्वारा संकलित ट्रिपल टेस्ट प्रतिवेदन की स्थलीय जांच की गई। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त श्री संजीव कुमार, चास बीडीओ डा. प्रदीप कुमार, अंचलाधिकारी दीवाकर दुबे, सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी व अन्य मौजूद थे। आगे, पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम ने ट्रिपल टेस्ट के तहत फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के मतदान केंद्रों का जाय़जा लिया। उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची के साथ नगर परिषद द्वारा संकलित ट्रिपल टेस्ट प्रतिवेदन का स्थलीय जांच किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार - सीओ बेरमो श्री संजीत कुमार आदि उपस्थित थे।



### रोटरी ने बेसहारा बच्चों संग बांटी खुशियां

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने सहयोग विलेज के बच्चों के साथ परीक्षित चोपड़ा का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने बताया कि बेसहारा बच्चों के साथ रोटरी ने खुशियां बांटने का प्रयास किया है।डिंपल ने कहा कि इन बेसहारा बच्चों को महसूस कराया गया कि वे भी इस समाज की मुख्य धारा में है। कार्यक्रम की संयोजक रो. ललिता चोपड़ा ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग के साथ विशेष दिन मनाने से वह दिन उत्सव बन जाता है और उसका महत्व भी बढ़ जाता है। रोटरी क्लब चास की सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा की बच्चों के साथ एक समय का भोजन करके रोटरी ने इन्हें परिवार का माहौल उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर संजय बैद, पूजा बैद, नरेंद्र सिंह, डॉ परिंदा सिंह संजय रस्तोगी, हरबंस सिंह, शैल रस्तोगी, आनंद अग्रवाल,अंकित चोपड़ा आदि उपस्थित थे।



### चाल धंसने की सूचना पर बाघमारा पहुंचे सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और सरयू राय के साथ दुर्व्यवहार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाघमारा के जमुनिया क्षेत्र में अवैध कोयला खनन के दौरान 9 मजदूरो के दबने की सूचना पर पहुंचे सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक सरयू राय के साथ स्थानीय लोगों ने दुर्व्यवहार किया। जनप्रतिनिधियों के विरोध मे नारेबाजी कर उन्हें घटनास्थल पर जाने से रोका गया। विरोध के बाद श्री राय वापस चले गए। वहीं सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी बाघमारा थाना पहुंचे। थाना प्रभारी को खरी खोटी सुनते हुए जमकर फटकार लगाई। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीणों के वेश में माफिया के गुर्गों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। यह सब कुछ पुलिस प्रशासन की मिली भगत से हो रहा है। उन्होंने मृतक ग्रामीणों के नाम की सूची होने की भी बात कही। बाघमारा थाना में उन्होंने जिला प्रशासन को चुनौती देते हुए पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जब तक मामले की जांच नहीं होती तब तक वह थाने में ही बैठे रहेंगे।



# भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ ने भारतीय मजदूर संघ के 70वाँ स्थापना दिवस के समापन पर भारत माता मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष बिशेश्वर महतो ने की। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत भारत सरकार के ठेका मजदूर सलाहकार समिति के सदस्य सह फेडरेशन महामंत्री रंजय कुमार एवं यूनियन के अध्यक्ष विशेश्वर महतो ने बाबा विश्वकर्मा,भारत माता एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर के किया। कार्यक्रम में यूनियन के कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



सभी कार्यकर्ता बंधुओ ने भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूरे होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। यूनियन के महामंत्री विनोद कुमार ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक श्रमिक संगठन ही नहीं अपितु राष्ट्र निर्माण का एक अभिन्न अंग भी है,भारतीय मजदूर संघ की स्थापना श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने 23 जुलाई 1955 को किया था एवं सर्वप्रथम सदस्य बाबा विश्वकर्मा को बनाया गया तत्पश्चात सदस्यता की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती रही और आज पिछले कई वर्षों से भारतीय मजदूर संघ विश्व का सबसे बड़ा श्रम संगठन बना हुआ है। आज पूरे भारतवर्ष सहित देश की राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय पदाधिकारी, सरसंघ चालक मोहन भागवत जी,भारत सरकार के श्रम मंत्री मनसुख मांडवीया तथा दिल्ली प्रदेश की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, डॉ हर्षवर्धन आदि की उपस्थिति में 70वाँ स्थापना दिवस समापन पूरे जोर शोर से मनाया जा रहा है जिसका लाइव प्रसारण किया गया। सभी कार्यकर्ता बंधुओ ने लाइव प्रसारण में सरसंघ चालक मोहन भागवत एवं श्रम मंत्री मनसुख मांडवीया के उद्बोधन का आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य रुप से यूनियन के कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद केवट, उपाध्यक्ष राजेंद्र नाथ ठाकुर, मंत्री शशि भूषण सिंह हसनैन बाबू, कार्यकारी अध्यक्ष बादल बाउरी,सचिव रमेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार महतो, अरविंद कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, दिगू कर्मकार, विवेक कुमार सिंह,अनिल कुमार, निमाई चंद्र दास,सुभाष कर्मकार, अनिमेष सिंह, ओम प्रकाश, उपेन्द्र कुमार, शंकर मांझी,सुमन कुमार आदि की उपस्थित रहे ।

# उपायुक्त ने किया राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल सहित अन्य तैयारियां का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी 1 अगस्त को आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक के रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने एयरपोर्ट से निरीक्षण आरंभ किया। इसके बाद धैया, बरटांड, सिटी सेंटर चौक, लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद सदर सीएचसी, रणधीर वर्मा चौक, जिला परिषद रोड, पुलिस लाइन होते आईआईटी आईएसएम पहुंचे। आईआईटी आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुनः वहां से धनबाद एयरपोर्ट तक वापसी रूट का भी बारीकी से निरीक्षण रूट पर सुरक्षा के एक-एक बिंदु का जायजा लिया है। रूट पर आने वाले सभी कट, रोड जंक्शन, हाई राइज बिल्डिंग, वैसे घर जिनके दरवाजे सड़क पर खुलते हैं, की सूची बनाकर वहां मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। माननीय राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल में शामिल सुरक्षा के सभी प्रबंध किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने धनबाद एयरपोर्ट में चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ



किया। वहीं आईआईटी आईएसएम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल, प्रेसिडेंट सुइट, माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के लिए निर्धारित आवासन, ग्रीन रूम, सेफ हाउस, वीआईपी पार्किंग के अलावा माननीय राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार हर वस्तु का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि सभी एजेंसियों को युद्ध स्तर पर काम करने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम को लेकर सभी मोर्चे पर जोर-शोर से काम जारी है। आईआईटी आईएसएम भी अपनी ओर से सभी तैयारियां अच्छे से कर रही है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि माननीय राष्ट्रपति के निर्धारित एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, धनबाद थाना के इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, सिटी मैनेजर सुमित तिग्गा, धनबाद अंचल के अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, बीएन सहदेव, एनडीसी दिपक कुमार दुबे के अलावा अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य के छह ज़िलों में जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को मिली सैद्धांतिक सहमति आज नई दिल्ली में झारखंड सरकार के माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी जी एवं लोकसभा सांसद श्री विजय कुमार हांसदा जी के साथ माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा जी से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान झारखंड राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से राज्य के छह ज़िलों धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में स्थित जिला अस्पतालों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर गंभीर विमर्श हुआ। माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार ने इन परियोजनाओं के लिए शीघ्र स्वीकृति एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, जिससे झारखंड में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो सके और राज्य के नागरिकों को सुलभ एवं उन्नत चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके।इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा जी ने प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया।क्स पर पोस्ट कर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूएगा और राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस योगासना सिटी लीग 27 जुलाई को

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह जिला योगासना स्पोर्ट संघ की प्रेस कॉन्फ्रेंस इनडोर स्टेडिम में में सम्पन्न हुई और गिरिडीह में 27 जुलाई को होने वाले अस्मिता योगासन खेलो इंडियन वूमेंस सिटी लिग की विस्तृत जानकारी दी गई। गिरिडीह जिला योगासना स्पोर्ट संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि यह प्रतियोगिता सिर्फ महिलावो के लिए है । महिलाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा पूरे भारत में कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से लगभग 300 महिला योगा खिलाड़ी भाग लेने आयेगी। वहीं जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन गिरिडीह के इनडोर स्टेडिम में होना है और ये प्रतियोगिता बिल्कुल निःशुल्क है और ये प्रतियोगिता अंडर 18 वर्ष और ओवर 18 वर्ष के आयु वर्ग में कराया जा रहा है इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों को जोनल प्रतियोगिता खेलने का अवसर मिलेगा जहां सरकार द्वारा कैस प्राइज भी दिया जाता है।

# गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग तथा मैनेजमेंट कॉलेज के आर्थिक रूप से अशक्त विद्यार्थियों के बीच लैपटॉप का वितरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 23 जुलाई को अध्यक्ष महिला समिति,श्रीमती अनीता तिवारी के साथ महिला समिति, बोकारो की सदस्याओं ने गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग तथा मैनेजमेंट कॉलेज का भ्रमण किया. इस अवसर पर उप सचिव महिला समिति देवजानी मिश्रा व अलका मनवटी,सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी,सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया,उप कोषाध्यक्ष अंजली तिवारी उप सचिव रूपांशी श्रीवास्तव सुरभि प्रभारी अनिशा झा विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत व आशा राज सिलाई व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश तथा समिति सदस्या कल्पना वर्मा उपस्थित थीं. मुख्य अतिथि श्रीमती तिवारी तथा महिला समिति की सदस्यों का स्वागत गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग तथा मैनेजमेंट कॉलेज की प्रोफेसर रश्मि ठाकुर ने पुष्प गुच्छ से किया. कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण में गुरु गोविंद सिंह इंजीनियरिंग तथा मैनेजमेंट कॉलेज के बारे में विस्तृत जानकारी दी. अध्यक्ष महिला समिति, श्रीमती अनीता तिवारी के द्वारा कॉलेज के आर्थिक रूप से कमजोर तथा मेघावी चार (04) विद्यार्थी मोहम्मद रशद अहमद खान, सुश्री गौरी कुमारी, सुश्री कोमल तिवारी तथा सुश्री प्रिया कुमारी को लैपटॉप प्रदान किया गया. श्रीमती तिवारी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम का समापन प्रोफेसर पल्लवी प्रसाद के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया.



# अंगीभूत कॉलेज में बारहवीं की पढ़ाई पुनः शुरू करने की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 12 वीं की पढ़ाई अंगीभूत महाविद्यालय में राज्यपाल के आदेश पर बंद किए जाने के खिलाफ छात्रों में आक्रोश देखा जा रहा है। चास कॉलेज चास में दाखिला लिए 11वीं के छात्र-छात्राओं ने डीसी ऑफिस पहुंचकर पढ़ाई फिर से शुरू करने की मांग की है। हालांकि जिले के डीसी बोकारो से बाहर रहने के कारण छात्रों की उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। छात्रों ने कहा कि हम लोगों ने 11वीं की पढ़ाई के लिए महाविद्यालय में दाखिला ले लिया है। लेकिन अब दूसरे जगह नाम लिखा कर पढ़ाई करने की बात कॉलेज के द्वारा कही जा रही है। ऐसे में हम लोगों का भविष्य पूरी तरह से बर्बाद होने के कगार पर है। हम लोगों की मांग है कि फिर से हम लोगों को पढ़ने का मौका दिया जाए। क्योंकि केंद्र सरकार हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। वहीं छात्र नेता युगदेव माहथा ने कहा कि काफी लड़ाई के बाद महाविद्यालय में 12वीं की पढ़ाई शुरू की गई थी। लेकिन फिर से राजपाल ने केंद्र सरकार के आदेश पर पढ़ाई को बंद कर दिया है। जो पूरी तरह से गलत है छात्रों के भविष्य के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है।

# टिकट चेकिंग कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंडल रेल प्रबंधक के दिशा-निर्देश में धनबाद मंडल में निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, तथा टिकट चेकिंग कर्मियों को समय-समय पर प्रोत्साहित भी किया जाता है। इसी क्रम में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद मोहम्मद इकबाल द्वारा मंडल के टिकट जांच विभाग के शीर्ष 10 टिकट चेकिंग कर्मियों को अप्रैल 2025 से जून 2025 माह के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु "उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र" प्रदान किया गया। इन टिकट चेकिंग कर्मियों ने अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए रेलवे के लिए सर्वाधिक राजस्व अर्जित किया। इस अवधि में शीर्ष 10 कर्मियों द्वारा 8045 यात्रियों को अनियमित यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार यात्रा करने वाले तथा बिना बुक किए गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे। इस दौरान 46 लाख 4 हजार 212 रूपए का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। इनमें भरत कुमार और कैलाश यादव का कार्य सराहनीय रहा।वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मी राजस्व वृद्धि में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये कर्मी रेलवे की "फ्रंटलाइन टीम" का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनके अथक प्रयासों से रेलवे न केवल अधिक अनुशासित बल्कि आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ हो रहा है।इस अवसर पर सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ धनबाद, एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/ टिकट चेकिंग भी उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com